@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 18 नवंम्बर 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 20 अंक 10 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)



संक्षिप्त समाचार

कुंडा में बृजभूषण ने की राजा भैया की तारीफ

बोले- उनका दबदबा कभी खत्म नहीं होगा



एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले धार्मिक आयोजनों के जरिए सियासी ताकत दिखाने का सिलसिला तेज होता नजर आ रहा है। प्रदेश में नेताओं के बीच रामकथा, शिवमहापुराण और राष्ट्रकथा जैसे आयोजनों को लेकर चर्चा है। अब प्रतापगढ़ के कुंडा में जनसत्ता दल के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की ओर से आयोजित रामकथा भी सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। इस रामकथा का वाचन बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कर रहे हैं। इस बीच बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बयान भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने राजा भैया के राजनीतिक प्रभाव की तारीफ की है। बृजभूषण शरण सिंह ने राजा भैया को लेकर कहा, 'भगवान करें आपका दबदबा पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। राजा भैया का दबदबा पहले भी था, इनके पिता जी का दबदबा पहले भी था, आज भी है, आगे भी रहेगा।' उन्होंने सनातन धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि सनातन किसी की दया पर नहीं है। इसका इतिहास सतयुग से शुरू होता है। सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग में भी इसे मिटाने की कोशिशें हुईं, लेकिन सनातन हर युग में कायम रहा है।

आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के गैस कुएं से रिसाव, तीन घंटे बाद प्रवाह नियंत्रित



एजेंसी


हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनसीमा जिले में मंगलवार को ओएनजीसी के एक गैस ड्रिलिंग कुएं से भारी मात्रा में गैस का रिसाव होने से आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। हालांकि, लगातार चलाए गए वेल-कंट्रोल अभियान के बाद दोपहर तीन बजे गैस के प्रवाह को नियंत्रित कर लिया गया। ओएनजीसी ने घटना में किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना से इनकार किया है। यह रिसाव ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के रिग से मामिदिकुदुरु मंडल के गेद्दादा गांव के पास हुआ। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हुआ। इससे स्थानीय निवासियों और राष्ट्रीय राजमार्ग-216 से गुजरने वाले यात्रियों में हड़कंप मच गया। आसपास के गांवों के लोगों ने गैस की तेज गंध आने की शिकायत की। रिसाव की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और राजमार्ग से गुजर रहे वाहन चालक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। एहतियात के तौर पर पुलिस ने गेद्दादा-मामिदिकुदुरु राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी।

'क्वाड' भारत के लिए भरोसेमंद और रचनात्मक साझेदारी: प्रधानमंत्री मोदी

पिछले साल जनवरी से अब तक क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पांच बैठकें हो चुकी हैं।

एजेंसी

मनीला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 'क्वाड' भारत के लिए एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मनीला में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बैठक क्वाड सहयोग के अगले चरण के लिए ठोस लक्ष्य तय करने में मदद करेगी। बैठक के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अन्य वरिष्ठ



अधिकारी भी मौजूद रहे। फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 'क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले साल जनवरी से अब तक क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पांच बैठकें हो चुकी हैं। यह चारों देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझेदारी के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मनीला और क्वाड का एक पुराना और खास रिश्ता रहा है। साल 2007 में चारों देशों के अधिकारी पहली बार यहीं मिले थे। इसके 10 साल बाद 2017 में भी इसी शहर में हमने फिर से अपना संवाद शुरू किया था। आज इसी ऐतिहासिक शहर में एक बार फिर क्वाड बैठक होना एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। पिछले साल जनवरी से अब तक हमारे विदेश मंत्री पांच बार मिल चुके हैं। यह हमारी राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

दुनिया को सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता और भरोसेमंद माहौल की जरूरत: प्रधानमंत्री मोदी

फिलीपींस की राजधानी मनीला में मंगलवार को आयोजित 21वें 'ईस्ट एशिया समिट' (ईएएस) को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद से दुनिया लगातार एक के बाद एक संकटों का सामना कर रही है। ऐसे समय में दुनिया को शांति, स्थिरता और भरोसेमंद माहौल की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'ईस्ट एशिया समिट' के सफल आयोजन के लिए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस जूनियर को बधाई भी दी।

मोदी काफी टफ इंसान हैं...', क्वाड बैठक में डोनाल्ड ट्रंप ने की पीएम मोदी की तारीफ

एजेंसी

मनीला। प्रधानमंत्री नरेंद्र सोमवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचे हैं। यहां वे क्वाड की मीटिंग में मंगलवार को शामिल हुए। इस बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हुए और उन्होंने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया का एक रणनीतिक समूह है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य प्रभाव को लेकर चिंताओं के मद्देनजर 2007 में बना।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'वह (पीएम मोदी) बहुत टफ इंसान हैं। साथ ही उन्होंने जपानी पीएम सनाए तकाइची की भी तारीफ करते हुए कहा कि हो सकता है वे (जापानी पीएम) उनसे भी अधिक सख्त हैं। लेकिन हम भी कम नहीं हैं। 'डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'इन लोगों और इन देशों के साथ हमारे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। शुरुआत से ही। मैं काफी लंबे समय से इन तीनों के साथ जुड़ा रहा हूँ, और ये सभी बहुत शानदार लोग हैं। ये मेरे दोस्त हैं। इससे काफी मदद मिलती है... वैसे, वे बहुत सख्त इंसान हैं, और हो सकता है कि वे उनसे भी ज्यादा सख्त हों। हम भी कम नहीं हैं।'

धोनी ने आईपीएल को कहा अलविदा

न चेपॉक में आखिरी मैच, न फैंस को मिला विदाई का मौका; अधूरा रह गया माही का वादा

एजेंसी

चेन्नई। महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल से संन्यास लेकर अपने क्रिकेट करियर के एक बड़े अध्याय को खत्म कर दिया है। हालांकि, उनके इस फैसले के साथ ही चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस से किया गया एक खास वादा भी अधूरा रह गया। धोनी ने कहा था कि वह अपने करियर का आखिरी टी20 मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेलना चाहते हैं, लेकिन उनका आखिरी आईपीएल मुकाबला अहमदाबाद में हुआ था।

आईपीएल में खत्म हुआ धोनी का सफर- भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल सफर अब खत्म हो गया है। अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार चैंपियन बनाने वाले धोनी ने मंगलवार को आईपीएल से संन्यास का एलान कर दिया। हालांकि, क्रिकेट से उनका जुड़ाव खत्म नहीं होगा। वह अब चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मेंटर की भूमिका में नजर आएंगे। धोनी के संन्यास की खबर के बीच उनके उस बयान की भी चर्चा हो रही है, जिसमें उन्होंने चेन्नई के फैंस से अपने आखिरी टी20 मैच को लेकर एक वादा किया था। धोनी ने इच्छा जताई थी कि उनके क्रिकेट करियर का आखिरी टी20 मुकाबला चेन्नई में खेला जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।


चेन्नई में आखिरी टी20 मैच खेलने की कही थी बात

महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई से रिश्ता सिर्फ आईपीएल तक सीमित नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका जुड़ाव और वहां के फैंस का प्यार उन्हें इस शहर के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटरों में शामिल करता है। चेपॉक स्टेडियम भी धोनी के लिए बेहद खास रहा है।



हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए



एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को संसद भवन में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले पुनः निर्वाचित सदस्य हरदीप सिंह पुरी को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोकसभा सदस्य और केंद्रीय खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल मौजूद थे। इससे पहले, 5 नवंबर को मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए हरदीप पुरी निर्विरोध चुने गए थे। जांच के दौरान दो निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज हो जाने के कारण वे उपचुनाव में एकमात्र उम्मीदवार रह गए थे।

यह उपचुनाव राज्य मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया था, जिन्होंने अपनी राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। उनका राज्यसभा कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 को समाप्त होने वाला था। हरदीप पुरी का निर्वाचन तब हुआ जब जांच के दौरान दो निर्दलीय उम्मीदवारों राजकुमार लोहानी और कान्ते सयान्ना के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। मैदान में कोई अन्य वैध उम्मीदवार न बचने के कारण हरदीप पुरी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। भाजपा ने 28 अक्टूबर को हरदीप पुरी की उम्मीदवारी की घोषणा की थी।

महिलाओं की प्रभावी भागीदारी से मजबूत होंगी लोकतंत्र की जड़ें : ओम बिरला

बेंगलुरु में प्रथम राष्ट्रमंडल महिला सांसद सम्मेलन का उद्घाटन

महिला नेतृत्व और डिजिटल सशक्तीकरण पर दिया जोर

एजेंसी

बेंगलुरु। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जब महिलाओं को पंचायत से संसद तक समान अवसर, सुरक्षित वातावरण और निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी मिलेगी, तभी लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी।

महिला नेतृत्व की शक्ति, संवेदनशीलता और जवाबदेही से भारत का लोकतंत्र अधिक समावेशी, पारदर्शी और सशक्त बनेगा। ओम बिरला ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित विधान सौध में आयोजित प्रथम राष्ट्रमंडल महिला सांसद सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान



उन्होंने राष्ट्रमंडल देशों की महिला सांसदों के साथ विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष महिला नेतृत्व और लोकतांत्रिक संस्थाओं में उनकी प्रभावी भागीदारी के महत्व पर अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि भगवान बसवेश्वर के अनुभव मंडप की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपरा और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा के अदम्य साहस की साक्षी कर्नाटक की धरती ज्ञान, नवाचार और प्रगतिशील चेतना की विशिष्ट पहचान रखती है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम, संविधान निर्माण और राष्ट्र के नवनिर्माण में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय रहा है। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, अंतरिक्ष, रक्षा और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व से नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं।

पंजाब के कृषि क्षेत्र को केंद्र सरकार ने दिया 352.64 करोड़ रुपये का पैकेज

एजेंसी

मोहाली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब के कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 352.64 करोड़ रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की है। इसमें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत



254.20 करोड़ रुपये और 98.44 करोड़ रुपये की सात नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मोहाली जिले के गांव बड़ापुर में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को स्वीकृति पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर केंद्र और राज्य सरकारों को किसानों के कल्याण के लिए मिलकर काम करना चाहिए। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकारें अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन किसानों की सेवा करना सभी की साझा जिम्मेदारी है। स्वीकृत राशि से कृषि उत्पादन बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रदेश के कृषि विकास को गति देने में मदद मिलेगी।केंद्रीय कृषि मंत्री ने खाद की कालाबाजारी और किसानों को जबरन अन्य उत्पाद बेचने के मामलों पर सख्त रुख अपनाया।

केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट की फटकार

अवमानना केस में कहा- 3 हफ्ते में जवाब नहीं दिया तो फिर मौका नहीं मिलेगा



एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और AAP के अन्य नेताओं को फटकार लगाई। इन सभी ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा अवमानना केस में कोर्ट में अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया है। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस अरुण भारद्वाज की डिवीजन बेंच ने आप नेताओं को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का आखिरी मौका दिया है। कोर्ट ने कहा कि जवाब नहीं देने पर उनका जवाब दाखिल करने का अधिकार खत्म कर दिया जाएगा। आप नेताओं ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को दिल्ली आबकारी केस से हटाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने इसी साल 14 मई को सोशल मीडिया पोस्ट और अखबारों की खबर के आधार पर मामला खुद शुरू किया था।

उत्तराखंड में पांच सड़क दुर्घटनाओं में 17 लोगों की मौत, 38 घायल

मुख्यमंत्री ने एम्स पहुंचकर घायलों का जाना हाल

एजेंसी

देहरादून/टिहरी/रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक हुए पांच अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 लोग घायल हो गए।

सबसे भीषण हादसा टिहरी गढ़वाल जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गूलर पुल के पास हुआ, जहां यात्रियों से भरी बस करीब 120 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में बस चालक समेत नौ लोगों की जान चली गई और 25



यात्री घायल हो गए। इसके आलावा रुद्रप्रयाग के ऊखीमठ में एक बोलेरो वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि टिहरी जिले में तीन अन्य सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई। हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस और आपदा राहत दलों ने विभिन्न स्थानों पर बचाव अभियान चलाया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को एम्स ऋषिकेश पहुंचकर गूलर बस हादसे में घायल यात्रियों का हालचाल जाना और उनके उपचार की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा -राज्य सरकार दुर्घटना से प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को 40 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

यूपी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 13.58 करोड़ हुए कुल मतदाता

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची जारी कर दी गई। नई सूची में कुल 13 करोड़ 58 लाख 68 हजार 905 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुनरीक्षण अभियान के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि नई ड्राफ्ट सूची में 7 करोड़ 38 लाख 58 हजार 510 पुरुष, 6 करोड़ 20 लाख 6 हजार 353 महिला और 4,042 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या के मुकाबले अब 18.84 लाख की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10 लाख 96 हजार 828 की वृद्धि हुई जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 लाख 87 हजार 449 बढ़ी है। वहीं, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या में 164 की कमी दर्ज की गई है। इस तरह मतदाता सूची में महिलाओं की भागीदारी में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं पर महिला मतदाताओं की संख्या का अनुपात 834 से बढ़कर 840 हो गया है। इसी तरह मतदाता-जनसंख्या अनुपात भी 55.17 प्रतिशत से बढ़कर 55.95 प्रतिशत दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग का कहना है कि पुनरीक्षण के दौरान पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग की अनुमानित आबादी 84 लाख 47 हजार है।

दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात करके 18 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र सहित राजधानी के विकास, जनहित और भविष्य की प्राथमिकताओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप दिल्ली को आधुनिक सुविधाओं, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और बेहतर जीवन स्तर वाली विश्वस्तरीय राजधानी बनाना हमारा लक्ष्य है। इसी दिशा में सभी के सहयोग एवं समन्वय से दिल्ली के विकास को नई गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए : स्वामी राजेश्वरानंद



नई दिल्ली (एजेंसी)। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर सुंदर नगरी स्थित गौ सेवा संस्थान में स्वामी राजेश्वरानंद राजगुरु जी महाराज के सानिध्य में प्रभात फेरी और सामूहिक गौपूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की। सद्गुरु राजदरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि प्रभात फेरी का शुभारंभ श्री राजमाता जी मंदिर, कबूल नगर शाहदरा से हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन के साथ निकली प्रभात फेरी के बाद गौशाला में विधि-विधान से गौपूजन, आरती और गौग्रास सेवा की गई। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी राजेश्वरानंद राजगुरु जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौसेवा का विशेष महत्व है। गौमाता में समस्त देवी-देवताओं का वास माना गया है। गोपाष्टमी का पर्व हमें गौवंश सहित प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा सेवा का संदेश देता है। कार्यक्रम में गुरु माता जी, गौशाला प्रबंधक ओम प्रकाश रेवाड़िया, पर्यावरण मित्र संस्था से अविता चौधरी, पिशोरी लाल और मनोज सिंह राजपूत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

प्रदूषण से दिल्ली को राहत दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : दत्त शर्मा

नई दिल्ली (एजेंसी)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं घोंडा के पूर्व विधायक दत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है और विभिन्न विभागों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 दिनों में दिल्ली नगर निगम ने प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन पर 13 हजार से अधिक चालान किए हैं। निगम के भवन विभाग ने 1,559 निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें 449 स्थानों पर नियमों का उल्लंघन पाया गया। इन पर 68 लाख रुपये से अधिक का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया है। दत्त शर्मा ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए निगम ने 164 रात्रि गश्ती दल और 134 दिन के गश्ती दल तैनात किए हैं। इसके अलावा 167 जल छिड़काव वाहनों और 40 धुंधरोधी मशीनों के माध्यम से सड़कों की धूल और प्रदूषण कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर पर्यावरणीय नियमों का पालन, खुले में कचरा जलाने पर रोक और सड़कों की धूल पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने दिल्लीवासियों से भी प्रदूषण रोकने में सहयोग करने की अपील की और कहा कि स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार, नगर निगम तथा आम जनता को मिलकर प्रयास करने होंगे।

महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर : अरुण तोमर

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री अरुण तोमर ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2026 में खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत पहुंचना चिंताजनक है। दूध, सब्जियों, अनाज, खाद्य तेल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। तोमर ने आरोप लगाया कि महंगाई कम करने का वादा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार इसे नियंत्रित करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित है, जबकि चुनिंदा पूंजीपतियों को ही लाभ मिल रहा है।

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने की समीक्षा बैठक, जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को निगमायुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्तों तथा सभी जोन के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। करुणामूलक आधार पर नियुक्ति एवं कर्मचारियों के



नियमितीकरण, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, खतरनाक और जर्जर इमारतों के संबंध में कार्रवाई तथा उस्मानपुर एमसीडी स्टाफ क्वार्टर के पुनर्विकास से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के दौरान सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम में अनुकंपा नियुक्तियों की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र आश्रितों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। उन्होंने ऐसे आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण से संबंधित मामलों का भी प्राथमिकता के साथ निपटारा करने के निर्देश दिए। इस प्रक्रिया की प्रगति की निगरानी के लिए प्रत्येक माह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, जिससे लंबित मामलों की स्थिति की नियमित समीक्षा हो सके और आवश्यक कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके। वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष ने सभी जोन के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखें। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा मलबे को समय पर हटाया जाए, ताकि धूल से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सभी जोन में डीप क्लीनिंग अभियान को और तेज करने तथा निर्माण गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नियमानुसार चालान किए जाएं।

नई दिल्ली को स्वच्छ, हरित और आधुनिक बनाने के लिए एनडीएमसी की 5 बड़ी योजनाओं को मंजूरी

- पार्कों में बनेंगे 5 प्रकृति कैफे, 30 नए स्मार्ट शौचालयों का होगा निर्माण; सौर ऊर्जा परियोजना पर 54 करोड़ और नालों की सफाई पर खर्च होंगे 106 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत @2047' के विजन को साकार करने और नई दिल्ली को स्वच्छ, हरित, सुरक्षित एवं आधुनिक राजधानी बनाने की दिशा में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी है। मंगलवार को पालिका केंद्र में आयोजित परिषद की बैठक में पार्कों में प्रकृति कैफे विकसित करने, सार्वजनिक शौचालयों को आधुनिक बनाने, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और जलभराव की समस्या रोकने के लिए बड़े नालों की सफाई सहित विभिन्न प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया।

दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद सदस्य विकास आनंद, दिनेश प्रताप सिंह, अनिल वाल्मीकि और सरिता तोमर सहित परिषद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने परिषद के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप एनडीएमसी क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करने और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है।

लोधी गार्डन, नेहरू पार्क और ब्रिक्स गार्डन में बनेंगे 5 प्रकृति कैफे

एनडीएमसी अपने प्रमुख पार्कों में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 5 प्रकृति कैफे विकसित करेगा। इनमें लोधी गार्डन में 2, नेहरू पार्क में 2 और शांति पथ स्थित ब्रिक्स गार्डन में 1 कैफे बनाया जाएगा। परिषद ने इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि इन पार्कों में देशी-विदेशी पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और विभिन्न देशों के दूतावासों के अधिकारियों का नियमित आना-जाना रहता है। ऐसे में कैफे बनने से लोगों को पार्कों की हरियाली के बीच बैठने और खानपान की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को दिल्ली के उपराज्यपाल ने लोधी गार्डन का दौरा किया था। इस दौरान प्रस्तावित प्रकृति कैफे के स्थान का भी निरीक्षण किया गया था। इसके बाद नेहरू पार्क और ब्रिक्स गार्डन में भी ऐसी सुविधाएं विकसित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए।

इन कैफे को निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसके तहत चयनित एजेंसी अपने खर्च पर निर्माण करेगी और निर्धारित अवधि तक संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेगी। बाद में तय शर्तों के अनुसार इन्हें एनडीएमसी को सौंपा जाएगा। कैफे की रूपरेखा इस तरह तैयार की जाएगी कि पार्कों की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली प्रभावित न हो।

सौर ऊर्जा परियोजना पर खर्च होंगे करीब 54 करोड़ रुपये

नई दिल्ली को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनडीएमसी ने अपनी इमारतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की योजना को भी मंजूरी दी है। चहल ने बताया कि अब तक एनडीएमसी क्षेत्र की विभिन्न इमारतों पर कुल 18.1 मेगावाट क्षमता के सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। इनमें निजी भवनों पर 5.5 मेगावाट, अन्य सरकारी भवनों पर 9.1 मेगावाट और



एनडीएमसी की इमारतों पर 3.5 मेगावाट क्षमता के संयंत्र शामिल हैं।

एनडीएमसी ने शेष संभावनाओं का आकलन करने के लिए ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) से सर्वे कराया था। सर्वे के अनुसार परिषद की 244 इमारतों पर लगभग 6.914 मेगावाट क्षमता के सौर पैनल लगाए जा सकते हैं। इनमें 40 भवनों के लिए रेस्को मॉडल और 204 भवनों के लिए पूंजीगत व्यय मॉडल की सिफारिश की गई है।

इसके अलावा 124 गैर-एनडीएमसी भवनों पर भी लगभग 8.25 मेगावाट क्षमता के सौर पैनल लगाने की संभावना सामने आई है। इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए एनडीएमसी और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के बीच समझौता भी किया गया है।

परिषद ने एनडीएमसी की इमारतों पर रेस्को मॉडल के तहत सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर लगभग 54 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसकी अवधि 25 वर्ष निर्धारित की गई है।

30 सार्वजनिक शौचालयों का होगा नए सिरे से निर्माण

एनडीएमसी क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 30 पुराने और खराब स्थिति वाले शौचालयों को तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा। इनमें 3 शौचालय पूरी तरह महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट के रूप में विकसित किए जाएंगे।

नई दिल्ली: जनता के लिए खोला जाएगा शीश महल, मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को 'शीश महल' को लेकर बड़ा फैसला लिया है। शीश महल अब आम जनता के लिए खोला जाएगा। इसकी जानकारी खुद दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने दी।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि 'शीशमहल' अगले सप्ताह से आम जनता के लिए खोला जाएगा। पहले इसे स्टेट गेस्ट हाउस बनाने का फैसला लिया गया था। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि कभी बंगला और गाड़ी नहीं लेने का दावा करने वाले व्यक्ति ने कई बंगलों को तुड़वाकर शीश महल बनवाया।

दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, 'कई सालों से दिल्ली की जनता शीश महल को देखना चाहती थी। मैं दिल्लीवासियों को ये खुशखबरी देना चाहता हूं कि पिछली कैबिनेट की बैठक में यह तय हुआ था कि शीश महल को स्टेट गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। मगर अब दिल्ली की जनता और मीडिया की मांग को देखते हुए ये तय किया गया है कि शीश महल को जनता के लिए खोला जाएगा। इसके लिए टिकट की बुकिंग कैसे करनी है, उसके बारे में बाकी जानकारी आपको आगे दी जाएगी।' उन्होंने आगे बताया कि सबसे पहला दौरा हम अपने मीडिया को करवाना चाहते हैं। सबसे पहले देश की मीडिया को दिखाएंगे कि कैसे एक व्यक्ति जिसने कहा था कि मैं गाड़ी और बंगला नहीं लूंगा। पहले उसने कई बंगलों और सर्वेंट क्वार्टरों को तोड़ा, गैराज को तोड़ा, और फिर उसके बाद शीश महल बनवाया। शीश महल का केवल एक ही कमरा दिखाया जाता था, जहां पर बेमन से शहीद-ए-आजम भगत सिंह



और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की फोटो लगी हुई थी।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि शीश महल के अंदर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी। उसके अंदर करोड़ों रुपये के पर्दे लगे हुए हैं और वियतनाम का मार्बल लगाया गया है। इसको लेकर मैंने पहले भी यह जानकारी दी है। लेकिन अब जनता वहां का पूरा टूर कर पाएगी। अब जनता भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण खुद देख पाएगी।

यमुना में सफेद झाग और आप नेता सौरभ भारद्वाज की कालिंदी कुंज से पानी पीने की चुनौती पर प्रवेश वर्मा ने कहा, 'दिल्ली में छठ महापर्व का आयोजन बड़े स्तर पर हुआ और करीब 2,500 घाटों पर पूजा कार्यक्रम हुआ। वहां लाखों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। सभी लोग काफी खुश थे। जब आम आदमी पार्टी ने देखा कि भाजपा ने पूर्वांचलवासियों का दिल जीत लिया है तो पीड़ा होगी ही और नींद नहीं आएगी।'

दिल्ली में यमुना के 52 किलोमीटर के हिस्से में कहीं झाग नहीं : मंत्री प्रवेश साहिब सिंह

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी से होकर गुजरने वाली यमुना नदी के 52 किलोमीटर लंबे हिस्से में कहीं भी झाग नहीं है। उन्होंने कहा कि ओखला बैराज के पास जहां भी झाग की समस्या सामने आती है, उसके समाधान के लिए दिल्ली सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ बातचीत कर रही है। सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के उन आरोपों को खारिज किया कि श्रद्धालुओं को उन स्थानों पर छठ पूजा मनाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जहां नदी झाग से ढकी हुई थी। उन्होंने कहा, 'छठ पूजा श्रद्धा के साथ मनाई गई और तैयारियों को लेकर लाखों लोग बेहद खुश थे। भाजपा ने पूर्वांचल के लोगों का दिल जीत लिया है, यह देखकर 'आप' को पीड़ा हो रही है।' मंत्री ने कहा कि यमुना दिल्ली में 52 किलोमीटर तक बहती है और इस पूरे हिस्से में कहीं भी झाग नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित ओखला बैराज के पास जहां भी झाग दिखाई देता है, उस समस्या के समाधान के लिए दिल्ली सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ बातचीत कर रही है।

दिल्ली में इमारतें गिरने की घटनाएं भाजपा शासन में विनाश का प्रतीक : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में लगातार इमारतें गिरने की घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा का शासन विकास नहीं, बल्कि विनाश का प्रतीक बन चुका है। पिछले 12 दिनों में 3 बड़े हादसों और 9 महीनों में इमारतें गिरने की 321 घटनाओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यादव ने विवेक विहार के ज्वाला नगर में तीन मंजिला इमारत गिरने से 2 लोगों की मौत और 4 लोगों के घायल होने पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि चावड़ी बाजार, पहाड़गंज और विवेक विहार में हुए हादसों के बावजूद सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने दिल्ली अग्निशमन सेवा के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक छोटी-बड़ी इमारतें गिरने की 321 घटनाएं दर्ज की गईं। इस अवधि में औसतन हर महीने 53 इमारतें ढहने की घटनाएं हुईं। कम से कम 10 बड़े हादसों में 45 से अधिक लोगों की जान गई और सैकड़ों लोग घायल हुए। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हादसों के बाद जांच और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करने के बजाय पीड़ित परिवारों की मदद पर ध्यान दें। उन्होंने ज्वाला नगर हादसे की निष्पक्ष जांच, जिम्मेदारी तय करने तथा मृतकों के आश्रितों और घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास का दावा कर रही है, लेकिन भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण दिल्लीवासियों के लिए संकट बढ़ रहा है।

इग्नू में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर विश्वसनीय पत्रकारिता और तकनीक पर मंथन

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मंगलवार को संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका विषय 'सत्य, विश्वास और प्रौद्योगिकी : भारत में विश्वसनीयता का पुनर्निर्माण' रहा। कार्यक्रम में भारतीय जनसंचार संस्थान की कुलपति डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर ने मुख्य वक्तव्य दिया। अध्यक्षता इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने की। पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यापीठ की निदेशिका प्रो. शिखा राय ने स्वागत भाषण में कहा कि मीडिया की बढ़ती पहुंच और तकनीकी प्रगति के बीच सटीकता, विश्वसनीयता तथा जिम्मेदार पत्रकारिता के सिद्धांतों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। मुख्य वक्तव्य में डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में भारतीय मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में समाचारों की गति से अधिक तथ्य सत्यापन को महत्व दिया जाना चाहिए। निष्पक्षता, पेशेवर नैतिकता और जिम्मेदार रिपोर्टिंग से ही जनता का विश्वास कायम किया जा सकता है। उन्होंने पत्रकारिता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग पर कहा कि इसे मानवीय रचनात्मकता और पत्रकारिता संबंधी विवेक के विकल्प के बजाय सहायक उपकरण के रूप में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने जमीनी पत्रकारिता और मीडिया कर्मियों के निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यापीठ के योगदान की सराहना की। उन्होंने व्यापक समाज तक शिक्षा पहुंचाने के लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ अल्पकालिक कार्यक्रम विकसित करने का सुझाव दिया।

संविधान दिवस पर कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा मार्च, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

- 26 नवंबर को दिल्ली के कोने-कोने से जुटेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता, 15 दिसंबर तक चलेगा वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान; मतदाता सूची में नाम दोबारा जुड़वाने पर रहेगा जोर

नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को राजधानी में विशाल संविधान रक्षा मार्च निकालेगी। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ अभियोजन चलाकर गिरफ्तारी की मांग को लेकर इस मार्च के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही 'वोट बचाओ-देश बचाओ' कार्यक्रम और 'वोट रक्षक अभियान' का भी शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के तहत मतदाता सूची से कथित रूप से हटाए गए वैध मतदाताओं के नाम दोबारा जुड़वाने के लिए प्रदेश, जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर संगठन को सक्रिय किया जाएगा।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंगलवार को राजीव भवन स्थित प्रदेश कार्यालय



में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस के महासचिव (संगठन) एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने की। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक एन. रघुवीरा रेड्डी, रुद्रा राजू और डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में सभी जिला अध्यक्षों, लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षकों तथा 70 विधानसभा पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

रामलीला मैदान की महारैली के बाद अब संविधान रक्षा मार्च की तैयारी

अनिल भारद्वाज ने कहा कि निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और संस्थागत स्वतंत्रता को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है। उन्होंने दावा किया कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को 10 लाख से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत से सफल बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने भाजपा के इशारे पर करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए हैं। पार्टी अब इन नामों को दोबारा जुड़वाने के लिए व्यापक अभियान चलाएगी।

उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को होने वाले संविधान रक्षा मार्च की तैयारियों के लिए सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को 22 नवंबर तक अपने-अपने क्षेत्रों में बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन बैठकों में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने और वोट रक्षकों की नियुक्ति करने की योजना बनाई गई है।

15 दिसंबर तक चलेगा प्रदेश से जिला स्तर तक अभियान

भारद्वाज ने बताया कि 26 नवंबर से 15 दिसंबर तक प्रदेश, जिला और ग्राम चौपाल स्तर तक 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान चलाया जाएगा। इसमें जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य मतदाता सूची से हटाए गए पात्र नागरिकों के नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए समन्वित प्रयास करना है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई को आगे बढ़ाया जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित हो और कोई भी राजनीतिक दल सत्ता के प्रभाव से नागरिकों के मतदान के अधिकार को प्रभावित न कर सके।

दिल्ली के शाहदरा में बिल्डिंग ढहने से 2 की मौत, मलबे में कई लोगों की दबने होने की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली के शाहदरा के विवेक विहार इलाके के ज्वालानगर में मंगलवार को दोमंजिला बिल्डिंग ढहने से एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि मलबे के नीचे कई और लोगों के दबे होने की आशंका है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की जारी हैं।

यह घटना दिल्ली के चावड़ी बाजार में एक बहुमंजिला इमारत के ढहने के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सितारा में बन रही तीन मंजिला इमारत 5 नवंबर को ढह गई थी। इसके बाद, दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा और नगर निगम (एमसीडी) ने मिलकर एक बड़ा बचाव अभियान चलाया।


पुलिस ने इमारत के मालिक, दिल्ली निवासी सैमउल्लाह उर्फ अयूब को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, फरीदाबाद के सिरोही गांव से तीन ठेकेदारों को भी पकड़ा गया और गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली के चावड़ी बाजार इलाके में ढही इमारत में चल रहा निर्माण कार्य अवैध था और वह इमारत असुरक्षित थी। इस बीच, नगर निगम ने अपने जूनियर इंजीनियर (जेई) और असिस्टेंट इंजीनियर (एई) को सस्पेंड कर दिया है, और इस हादसे के बाद ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

यह घटना दिल्ली के सत्य निकेतन में हुई उस दुखद इमारत हादसे के कुछ ही महीनों बाद हुई है, जिसमें सात लोगों की जान चली गई थी। यह हादसा 6 सितंबर की दोपहर को हुआ था।

पिछले कुछ महीनों में राजधानी दिल्ली में इमारतें ढहने की कई अन्य घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। 7 अक्टूबर को उत्तरी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में एक बहुमंजिला इमारत का कुछ हिस्सा ढह गया था। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी।

वहीं, 25 अक्टूबर को दिल्ली के हर्ष विहार स्थित मिलान गार्डन में एक निर्माणाधीन



इमारत (ग्राउंड फ्लोर और दो मंजिलें) ढह गई। यह हादसा तब हुआ जब एक अतिरिक्त लिंटेल या मंजिल बनाने की अवैध कोशिश के कारण निचला स्लैब धंस गया। इस घटना में 60 वर्षीय पिता चंद्रपाल और उनके 33 वर्षीय बेटे विजय कुमार की जान चली गई थी।

माघ मेले की तैयारियों के बीच सात अफसरों का तबादला

प्रयागराज। माघ मेले की तैयारियों के बीच शासन ने सात अधिकारियों का गैर जनपद तबादला कर दिया है। खास बात यह है कि 20 नवंबर को होने वाले भूमि पूजन से महज पांच दिन पहले मेला प्रशासन में यह फेरबदल किया गया है। स्थानांतरित अधिकारियों में मेला क्षेत्र के एसडीएम विवेक शुक्ला भी शामिल हैं। ऐसे में मेले की तैयारियों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मेला प्रशासन में मेलाधिकारी ऋषिराज और कुछ लिपिक ही रह गए हैं। 15 जनवरी से शुरू होने वाला माघ मेला करीब 52 दिनों तक चलेगा। इसे ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए प्रशासन की तैयारियां एक महीने पहले से चल रही हैं। निर्माण कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। पांटून पुलों के निर्माण का काम भी शुरू हो गया है। मेला क्षेत्र में समतलीकरण की तैयारी की जा रही है। मंडलायुक्त प्रत्येक बृहस्पतिवार को मेला तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। 15 नवंबर की रात एक नायब तहसीलदार और पांच तहसीलदारों का स्थानांतरण कर दिया गया। इनमें वैशाली शुक्ला, ऋषि मिश्रा, हंसराज, इंद्रभूषण और देवव्रत समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा कुंभ 2019 और महाकुंभ 2025 में एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल चुके विवेक शुक्ला का भी तबादला कर दिया गया है। विवेक शुक्ला को झांसी स्थित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है। उनके स्थान पर सौम्य मिश्र को मेला विकास प्राधिकरण का एसडीएम नियुक्त किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, माघ मेले की तैयारियों और पिछले कुंभ व महाकुंभ के अनुभव को देखते हुए विवेक शुक्ला का स्थानांतरण निरस्त कराने के लिए शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। मेला प्रशासन का मानना है कि ऐन वक्त पर अधिकारियों के हटने से तैयारियों की गति प्रभावित हो सकती है। मेलाधिकारी ऋषिराज ने बताया कि सात अधिकारियों के स्थानांतरण से तैयारियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इस स्थिति से शासन को अवगत कराया जा रहा है। मेला प्रशासन और पुलिस 20 नवंबर को होने वाले भूमि पूजन की तैयारियों में

सिरकी मोहाल में अनंता भवन के प्रथम तल पर भीषण आग, अंदर फंसे पांच लोगों को बचाया

कानपुर। फीलखाना के सिरकी मोहाल की तंग गलियों में अपार्टमेंट के फ्लैट में किचन में रखे लीकेज गैस सिलिंडर से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने गृहस्थी को अपनी चपेट में ले लिया। अपार्टमेंट के प्रथम तल और भूतल में रहने वाले लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं, दूसरे तल पर रहने वाले एक परिवार के पांच लोग फंस गए। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने सीढ़ियां लगाकर उन्हें बाहर निकाला। संकरी गलियों में फायर टेंडर के न पहुंच पाने के कारण हौज रीज की मदद से पानी की बौछार कर करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। सिरकी मोहाल स्थित अनन्ता भवन के प्रथम तल में राजेंद्र जायसवाल परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार दोपहर दो बजे के बाद किचन में रखे सिलिंडर में आग लगी। दूसरे तल में गुड्डू, शिवांश समेत पांच लोग फंस गए। उन्हें अग्निशमन के जवानों ने सीढ़ियों की मदद से बाहर निकाला। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आंकलन नहीं हो सका है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि लीकेज सिलिंडर से आग लगी थी। बिना किसी जनहानि के काबू पा लिया गया है।

गुरुग्राम में 'सुरक्षित दवाएं, नशामुक्त समाज' राज्य स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि दवा विक्रेताओं का कार्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाजसेवा और जनस्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। जब कोई दवा विक्रेता किसी जरूरतमंद को सही दवा उपलब्ध करवाता है, तो वह किसी व्यक्ति का जीवन बचाने के साथ एक परिवार की खुशियां सुरक्षित रखने में भी योगदान देता है। इसलिए दवा विक्रेताओं को अपनी व्यावसायिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक दायित्वों का भी पूरी ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव रविवार को गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय औषधि सुरक्षा एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। सुरक्षित दवाएं, नशामुक्त समाज थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन गुरुग्राम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन तथा हरियाणा ड्रग डीलर्स एसोसिएशन की ओर से किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं हरियाणा सरकार देश और प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। देश की सबसे बड़ी ताकत युवा हैं, लेकिन नशे की लत युवाओं के भविष्य को प्रभावित करने के साथ पूरे परिवार को तोड़ देती है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी भागीदारी निभानी होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने दवा विक्रेताओं से अपील की कि बिना वैध चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न करें और दवाओं की खरीद-बिक्री में निर्धारित नियमों का पूरी सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नकली दवाओं, फर्जी इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे के दुरुपयोग के खिलाफ व्यापक जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मेडिकल दवाओं के गलत इस्तेमाल और अवैध बिक्री की रोकथाम भी जरूरी है। नकली दवाओं के कारोबार तथा दवा क्षेत्र में भ्रष्ट गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई प्रभावित करने के साथ पूरे परिवार को तोड़ देती है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी भागीदारी निभानी होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने दवा विक्रेताओं से अपील की जाएगी। उन्होंने दवा विक्रेताओं से दवाओं के वितरण में निर्धारित नियमों का पालन करने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने दवा विक्रेताओं से तीन महत्वपूर्ण संकल्प लेने का आह्वान किया। पहला, कोई भी दवा विक्रेता नियमों के विरुद्ध दवाओं की बिक्री नहीं करेगा। दूसरा, अपने प्रतिष्ठान पर उपलब्ध जागरूकता सामग्री और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों तथा सुरक्षित दवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक करेगा। तीसरा, नशामुक्ति का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर इस अभियान को जनआंदोलन बनाने में सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान केवल आयोजनों और औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर लागू करना होगा। हमारा उद्देश्य ऐसा हरियाणा बनाना है, जहां युवाओं को नशे के बजाय रोजगार और बेहतर भविष्य के अवसर मिलें तथा प्रत्येक नागरिक स्वस्थ जीवन जी सके। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

बुलंदशहर में मांगलिक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग करता दिखा युवक- जांच में जुटी पुलिस

बुलंदशहर। एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक युवक पिस्तौल से खुलेआम गोली चलाता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद बुलंदशहर नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह वीडियो कोतवाली नगर क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी का बताया जा रहा है। मांगलिक कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। यह सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। वीडियो में युवक बिना डर के पिस्तौल से गोली चला रहा है। इससे आसपास मौजूद लोगों की जान को खतरा हो सकता था। पुलिस अब वायरल वीडियो के आधार पर फायरिंग करने वाले युवक की पहचान कर रही है। पुलिस टीम वीडियो की सत्यता और घटना के समय-स्थान की पुष्टि कर रही है। हर्ष फायरिंग भारतीय कानून के तहत एक गंभीर अपराध है। इसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में युवक को फायरिंग करते देखा जा सकता है। वीडियो में युवक पिस्तौल लहराते हुए हवा में गोली चला रहा है। इससे मौके पर मौजूद लोग सहम गए होंगे। बुलंदशहर नगर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वीडियो को जांच के दायरे में लिया है।

NAME CHANGE
I, Keesalata W/o Guru Sharan, R/o 46, Mitha Kaun, VTC: Ghaziabad, PO: Ghaziabad, Dist: Ghaziabad, Uttar Pradesh- 201001, have changed my name and shall hereafter be known as Kislawati

NAME CHANGE
I, Robin Kumar Jarial, S/O Dev Raj Jarial, R/O House No. 423, First Floor, Sector 47, Gurgaon, PO: Gurgaon, District: Gurgaon, State: Haryana – 122001, have changed my name to Robin Kumar for all future purposes.

NAME CHANGE
I prince Gupta s/o jamna prasad R/o 2926 aryapura subzi mandi mata mandir malka ganj delhi-110007 have changed my name to Prince Kamal

NAME CHANGE
I Ajay Kumar S/o Ramji Dass R/o 5E-6 Behind ICICI Bank NIT 5 Faridabad Haryana 121001 have changed my name to Ajay kumar Arora for all future Purpose

PUBLIC NOTICE
have My client Anjani Kumar Pandey S/o Late Sh. Kushahar Pandey and Brijbala Pandey W/o Sh. Anjani Kumar Pandey both R/o I-7-509, Near Peepal Chowk, Sangam Vihar, New Delhi-110062, disowned and debarred their son Vivek Kumar Pandey & his wife Neha Pandey and grand children Shivansh Pandey from their all movable immovable properties and have no relation with them in future. My client and other family members shall not be responsible for any civil and criminal acts & deeds.

Arun Kumar Tiwari Advocate
CH.NO.310,
SAKET COURTS
NEW DELHI-17

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the general public that our client Mr. Pushpak Kumar Roy who intends to purchase the Second Floor, Back Side Portion, measuring 55 Sq. Yds., forming part of property bearing New No. 418 (Old No. 82-A), comprised in Khasra No. 71, situated at Prakash Mohalla, East of Kailash, New Delhi – 110065, from Mrs. Suresh, who is the owner of the property vide Sale Deed dated 15.07.2026, Doc no. 2026/9/I/4991, from Mrs. Manjeet Kaur who is the owner of the Property vide Relinquishment Deed dated 15.03.2025, Doc no. 2025/9/I/1864 and Release Deed dated 07.05.2025, Doc no. 2025/9/I/3043, Upon Demise of her spouse Mr. Balbir Singh. Since the SMC and Death Certificate of Late Mr. Balbir Singh is not available, and Mr. Pushpak Kumar Roy Intend to mortgage the said property with Aditya Birla Housing Finance Limited, and claiming the Undisputed Property. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Khaitan & Khaitan
Plot No. 100 ,1st floor
Okhla Phase III, New Delhi
Ph. No: 011-49774545

NAME CHANGE
I, hitherto known as Gaurav Thakur s/o Radhe shyam Thakur, R/o House no.08, Salarpur, Dadri Road, Near Swami Vivekanand Public School, Noida, Salarpur, PO: Baraula, DIST: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201304 , have changed my name and shall hereafter be known as Ankit Kumar.

NAME CHANGE
I, Shahrukh Choudhary S/O Momin Choudhary R/O -0,0, Badarkha, PO: Garh Bridge Halt, DIST: Hapur Uttar Pradesh -245205, have changed my name and shall hereafter be known as Shahrukh Momin Choudhary

NAME CHANGE
I, hereto known as SHISHIL SINGH S/O SURYA NATH SINGH R/O 12/27, DAKSHIN PURI EXTN. DR. AMBEDKAR NAGAR, PO: PUSHPA BHAWAN, DIST: SOUTH DELHI, DELHI-110062 declare that name of mine and my wife has been wrongly written as SUSHIL KUMAR and PREETAMA in my minor daughter MEHAK SINGH aged 17 years in her School Records. The actual name of mine, and my wife SHISHIL SINGH alias SHISHIL SINGH and PRITAMA SINGH. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

SHISHIL SINGH
Signature of Guardian

NAME CHANGE
I, FAZLU RAHMAN S/O SAKHAVAT ALI R/O HOUSE NO 353, VILLAGE-SALAI, HAPUR, HAPUR, UTTAR PRADESH -245101, have changed the name of my minor daughter SAHIBA aged 15 years and she shall hereafter be known as FABI.

NAME CHANGE
I, hitherto known as PRACHI W/O MANOJ KUMAR R/O 110, 3 Loni Road, Aarya Nagar, PO: Loni, District Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102, have changed my name and shall hereafter be known as PINKI DEVI.

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शरिफ शाह निवासीगण, आवासीय भूखण्ड संख्या 33-A, क्षेत्रफल 51 वर्ग गज, खसरा संख्या 398, खाता संख्या 00068, ब्लॉक-स्त्र, अम्बेडकर सिटी, ग्राम हैबतपुर, परगना एवं तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश को श्री उदय भान सिंह से क्रय करने का इरादा रखते हैं। उक्त श्री उदय भान सिंह ने उक्त संपत्ति श्री वसीम से दिनांक 29.01.2026 के विक्रय विलेख (Sale Deed) के माध्यम से क्रय की थी, जो दस्तावेज संख्या 1354 के रूप में पंजीकृत है। उक्त संपत्ति से संबंधित मूल विक्रय विलेख दिनांक 23.02.2015, दस्तावेज संख्या 1266, पुस्तक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 6588, पृष्ठ संख्या 273 से 290, दिनांक 23.02.2015 को उप-निबंधक कार्यालय, नोएडा में पंजीकृत, कहीं खो गया है/गुम हो गया है तथा तमाम संभव प्रयासों के बावजूद तलाश करने पर भी नहीं मिल पाया है। इस संबंध में उक्त मूल विक्रय विलेख के खोने के संबंध में ऑनलाइन एफ.आई.आर. संख्या LR No. 801257/2026, दिनांक 16.11.2026, पुलिस थाना रेलवे/क्राइम ब्रांच, दिल्ली में दर्ज कराई गई है। उक्त संपत्ति का प्रस्तावित क्रय आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा- कौशांबी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को इस संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति है, तो कृपया नोटिस की तिथि से 7 दिनों के भीतर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को कृपया नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक द्वारा और ईमेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजें। ऐसा न करने पर, उक्त दावा संबंधित संपत्ति के संबंध में अमान्य माना जाएगा।

[अश्वनी कुमार] अधिवक्ता
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल-
kumarw@wvashwani@gmail.com

NAME CHANGE
It is for general information that I VINOD RAJ S/O MADHUR RAJ MISHRA R/O House No-D-26, 3rd Floor, Street No-05, Pandav Nagar, Laxmi Nagar, East Delhi, Delhi-110092 declare that name of mine has been wrongly written as VINOD MISHRA in my minor son KRISHNA RAJ aged 13 years in his school record. The actual name of mine is VINOD RAJ which may be amended accordingly

Date of Birth Change
I AWAR ANKUSH GANGARAM legally father of Army no - 2811061L, Rank - Sep, Name - AWAR PARESH, Presently Residing At - Naykachapada, Post-Kinhavli, Teh - Shahapur, Dist - Thane, State - Maharashtra, Pin - 421403 in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/06/1965 instead of my correct date of birth as 01/01/1965 Vide Affidavit dated 16/11/2026 before Notary Public Delhi.

PUBLIC NOTICE
THROUGH THIS PUBLIC NOTICE, PUBLIC IN GENERAL IS INFORMED THAT MY CLIENTS SH. SHIV CHARAN S/O SH.SOM BHAL AND SMT. INDRAVATI W/O SH. SHIV CHARAN R/O A-390, MAHAVIR ENCLAVE, GALI NO 11, PALAM VILLAGE SOUTHWEST DELHIDELHI 110045, HAS DISOWNED AND DEBARRED THEIR ELDER SON SH.JITENDRA PRAJAPATI FROM THEIR ALL MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES, HENCEFORTH HAS SEVERED ALL THEIR RELATIONSHIP DUE TO HIS CALLOUS BEHAVIOR AND MY CLIENTS WILL NOT BE REPONSIBLE FOR HIS ACTS AND DEEDS DONE BY HIM, IN ANY MANNER WHATSOVER HENCE FORTH.

SANJAY K. SHARMA
Advocate
Chamber No. 841, Lawyer's Chamber Block, Dwarka Court Complex, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075

PUBLIC NOTICE
Information is hereby given to the general public that our client Mrs. Sahina W/o Faruk is the owner and in possession of a Freehold Residential Area measuring 504 Sq Yds out of Khewat No. 76, Khata No. 85, Mu No. 15, Kila No. 15/2(2-0) Situated at waka moja Malokhar Tehsil Hathin Distt Palwal, Haryana., Our client acquired the said property by virtue of a Sale Deed dated 03.07.2023, Vide Doc No. 1155, Vol No. 1/30, Page No. 88.75/97-98, dated 03.07.2023, SRO-Hathin. In the chain of documents, Original Sale Deed dated 12.06.2023 Executed by Mohd. Ajaruddin S/o Usman in favour of Mrs. Majidan W/o Chow Kha., Vide Doc No. 879, Vol No. 1/24, Page No. 19.75/91-93, dated 12.06.2023, SRO-Hathin., is not available, Therefore, our client hereby declares that except him, no other person has any right, title, interest, claim or objection in respect of the above-mentioned property. and the said property to be financed / mortgaged with DCB Bank Limited., Branch: Karol Bagh New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 15 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

[NAVEEN KUMAR VERMA]
Advocate
1/566-A, Ground Floor, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010.
Contact at
09958871432

NAME CHANGE
I, hitherto known as Anand Kumar S/O Vihari Lal R/O H.No 448, tanki Wali Gali, 1, Bulandshahr, PO: Bulandshahr, DIST: Bulandshahr, Uttar Pradesh - 203001, have changed my name and shall hereafter be known as Monu

NAME CHANGE
I, YOGENDER GOEL S/o Ram Kumar Goyal R/o B-42, Krishna Residency, Venkateshwer Hospital, Sector-18A, Dwarka, Delhi-110075, have changed my name from YOGENDER GOEL to YOGENDER GOYAL permanently.

NAME CHANGE
Mahendra Singh S/o Ramkunwar Singh R/o ward no 6 dhani seduda Neem ka thana Ganeshwar Sikar Rajesthan 332705 HAVE CHANGED MY NAME TO Mahendra Singh Tanwar FOR ALL FUTURE PURPOSES

NAME CHANGE
VINOD S/o MANGE RAM R/o H NO 325 JAGAN ASRAWAN HISAR HARYARA 125052 HAVE CHANGED MY NAME TO VINOD KAJLA FOR ALL FUTURE PURPOSES

PUBLIC NOTICE
Mr. Pramod Kumar Owner of the Residential House no 144, Block-A (Pink Mohar Estate), Sector- 37 (RHO-02) , Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. Mr. Pramod Kumar have lost Original Allotment Letter dated 02/07/1996 issued by GNIDA in favour of Mr. Dev Kant Rao of said property , for which complaint lodged to the police. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said house/plot or otherwise, may notify to undersigned only on his rahulkumargupta281401@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage

RAHUL KUMAR GUPTA
(ADVOCATE)
Off. 43B, Third Floor, Patparganj Village, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-1, M-NO- 7252922875

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the general public that the original Sale Deed dated 07.06.2006, executed in respect of the property situated at Plot no 38 area measuring 50 Sq Yds., falling under khasra no 354 situated at Sumit Vihar Gram Pavisadakpur Pargana Tehsil Loni Dist. Ghaziabad UP, and registered in the office of the Sub-Registrar of Assurances at Sub-Registrar Office Loni 1 Ghaziabad as Document No.14078 Vol no. 6953, at pagesPage no 425 to 446, is lost /misplaced. The owner of the said property is Nirdesh W/o Mr. Lakhan Singh , residing at PLOT NO 134 SECTOR A 4 TRONICA CITY LONI DEHAT PO LONI DIST GHAZIABAD UTTAR PRADESH 201102 Ghaziabad Uttar Pradesh 201102.A police complaint regarding the loss of the said original document has been lodged at Tronica city Police Station vide FIR / General Diary (GD) No.2026000 1219761, dated 14/11/2026. Any person, bank, financial institution, or authority having any claim, charge, lien, mortgage, or dealing with the said property by virtue of the original document or otherwise is hereby requested to notify the undersigned in writing with supporting documents within [7 to 14] days from the date of publication of this notice. Failing which, it will be presumed that the original document is irretrievably lost and no third party has any claim over the property, and the owner will proceed to obtain a certified copy from the Sub-Registrar Office.
Place: Patiala Court
Date: 14/11/2026

Advocate Ashwani Arora
Contact No.:9891789264

NAME CHANGE
It is for general information that I, RAM KUMAR GOEL S/o Desh Raj Goyal R/o B-42, Krishna Residency, Venkateshwer Hospital, Sector-18A, Dwarka, Delhi-110075, have changed my name from RAM KUMAR GOEL to RAM KUMAR GOYAL permanently.

NAME CHANGE
I, CHANDER WATI GOEL W/o Ram Kumar Goyal R/o B-42, Krishna Residency, Venkateshwer Hospital, Sector-18A, Dwarka, Delhi-110075, have changed my name from CHANDER WATI GOEL to CHANDARVATI permanently

NAME CHANGE
I, MAMTA GOEL W/o Yogender Goyal R/o B-42, Krishna Residency, Venkateshwer Hospital, Sector-18A, Dwarka, Delhi-110075, have changed my name from MAMTA GOEL to MAMTA GOYAL permanently

NAME CORRECTION
I, AMAN S/O NISHAR ALI R/O L-220, GALI NO 4, SANGAM VIHAR, NEW DELHI 110080 declare That my parents name is mentioned in my educational certificate and marksheet as Mother name (NAGINA) and Father name (NISAR ALI). That my parents correct name spelling are Mother name (NAGEENA) and Father Name (NISHAR ALI). That my father name NISAR ALI and NISHAR ALI, is same and one person, and mother name NAIGNA and NAGEENA is also same and one person.

PUBLIC NOTICE
General public is hereby informed that Mr.Somendra S/o Late Mr.Mool Chand owner of RESIDENTIAL BUILT UP Property bearing Old No. 843/A, MCD No.B-843, area measuring 36.78 sq.yds., part of Khasra No.310, Situated at Mahawar Nagar, Kotla Mubarak Pur, New Delhi-110003.vide Relinquishment Deed dt.07.07.2011,Doc. No.10425,executed by (1) Mrs. Paro Devi W/o Late Mool Chand (2)Mr.Ravinder Kumar (3) Mr.Ramesh (4) Mr.Jitender & (5) Mohinder Koli all s/o Late Mool Chand (6) Mrs.Bhori Devi W/o Mool Chand (D/o Late Mool Chand) (7) Mrs.Shakuntla W/o Prem Singh (D/o Late Mool Chand),SR-V,Delhi. And now said property is being financed by Incred Financial Services Ltd., if anybody has any charge/title/third party interest in the said property of any kind of dispute, kindly inform the undersigned in written with proof within the 7 days of this publication on the below mentioned address, failing which I am aware that in case any default with the mortgage property, that all borrowers/owners are responsible for the same.

JBMR Law Associates.
(Advocates & Solicitors)
Shop no. 15, Lal Kuan, near Shiv Mandir, Ghaziabad, U.P.

PUBLIC NOTICE
Information is hereby given to the general public that our client Mr. Sunil Garg & 2. Mr. Mahender Dahiya are the owner and in possession of a Freehold Residential Plot No. RZ-10, area measuring 100 Sq. Yds., i.e., 83.61 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 674, Situated in the area of Village Nasirpur, Delhi State Delhi Colony Known as Sadh Nagar, Gali No. 27 New Delhi., Our client acquired the said property by virtue of a Sale Deed dated 30.07.2025 duly registered as Doc. No. 2025/16/I/10457, in Book No. 1, Vol. No. 15350 on pages 45-64, SR- West Kapashera.., in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Surviving member Certificate of Late Mr. Mukhtiar Singh Therefore, our client hereby declares that except him, no other person has any right, title, interest, claim or objection in respect of the above-mentioned property., and same property sold to be Mrs. Divya Kumari and the said property to be financed/ mortgaged with Piramal Finance Ltd., Branch:Sector-16 Noida Uttar Pradesh. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

[NAVEEN KUMAR VERMA]
Advocate
1/566-A, Ground Floor, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010.
Contact at
09958871432

NAME CHANGE
I, SEERAT DHNOVA D/O MOHINDER SINGH DHNOVA R/O K-76, B.K. DUTTA COLONY, KARBLA LODHI ROAD, DELHI, DELHI-110003 have changed my name to SEERAT KAUR for all purposes.

NAME CHANGE
I, MOHINDER SINGH DHNOVA S/O NASHTER SINGH R/O K-76, B.K. DUTTA COLONY, KARBLA LODHI ROAD, DELHI, DELHI-110003 have changed my name to MOHINDER SINGH for all purposes.

NAME CHANGE
I GOPAL SINGH BISHT S/O MATHURA SINGH R/O KH NO 36/11 FIRST FLOOR STREET NO 11/4 B-BLOCK KAUSHIK ENCLAVE BURARI DELHI -110084 have changed my name to GOPAL SINGH Permanently for all future Purpose

NAME CHANGE
I ANSHUL SINGLA W/O RAMNIK KUMAR R/O 354/11 GALI NO 2 , DAYANAND NAGAR BAHADURGARH HARYANA 124507 have changed my name to ANSHUL SINGAL Permanently for all future Purpose

Public Notice
This is to notify the general public that my client Bishan Dutt S/o Late Pt. Ram Kishan , R/o – WZ-34, Possangipur, Janakpuri, New Delhi-110058 has disowned and debarred his adopted son Sanjay Sharma from all his movable & immovable properties with immediate effect. Anybody dealing with him in any manner herein after shall do so at his/her own costs, risks & responsibility. My client shall not be responsible for any of the acts, deeds & anything done by him in future.

Virendra S. Chaudhary & Associates
Ch. No. 408, Dwarka Courts, New Delhi

PUBLIC NOTICE
Be it known to the public at large that my client Sh. Ramavtar S/o Sh. Omprakash and Smt. Raj Kumari W/o Sh. Ramavtar, both R/o 20-A, Vipin Garden, Uttam Nagar, Dist. West Delhi, New Delhi-110059, have debarred, disowned and severed their relationship with their son namely Sh. Sumit, from all our movable and immovable properties due to his willful and disobedience, fighting behavior and he is not in the control of my clients. If anybody deals with him, then he/she will do so for his/her own risks, costs & consequences. My clients shall not be responsible for his/her acts and omissions whatsoever in any manner in future.Copy kept for further reference.

AJAY KUMAR RAI ADVOCATE
CHAMBER NO. 315
LAWYERS CHAMBERS
DWARKA COURTS COMPLEX
SEC-10, DWARKA
NEW DELHI-110075
MOB. NO. 8700521582

NAME CHANGE
Susheel Gupta S/o Krishan Kumar R/o B 29 Gram Sabha Colony Nilothi Extn, Delhi 110041 HAVE CHANGED MY NAME TO Sushil Gupta FOR ALL FUTURE PURPOSES

NAME CHANGE
It is for general information that I, RUSTAM ALI S/O SAHABU DEEN R/O 28 Block E-5 Sultan Puri North West Delhi 110086 declare that name of mine has been wrongly written as ROOSTAM ALI in my minor son ALTAF aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is RUSTAM ALI which may be amended accordingly.

NAME AND DATE OF BIRTH CHANGE
I, BETAL SINGH Father of No-17001370L Rank-HAV Name-RAJKUMAR YADAV Presently residing at VPO-MAU, TEHSIL-GOHAD, DIST-BHIND, MADHYA PRADESH-477222, have changed my name from BETAL SINGH to BETAL SINGH YADAV for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 22/02/1970 instead of my correct date of birth as 10/01/1966 Vide Affidavit dated 17/11/2026 before Notary Public Delhi

DATE OF BIRTH CHANGE
I, MEERA DEVI Mother of No-17001370L Rank-HAV Name-RAJKUMAR YADAV Presently residing at VPO-MAU, TEHSIL-GOHAD, DIST-BHIND, MADHYA PRADESH-477222, in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 05/04/1971 instead of my correct date of birth as 01/01/1967 vide affidavit dated 17/11/2026 before Notary Public, Delhi.

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री कमल कुमार, पुत्र स्वर्गीय श्री बंसी लाल, निवासी मकान नं. 286, हौज रानी, मालवीय नगर, नई दिल्ली -110017 ने अपने पुत्र श्री राकेश कुमार और अपनी पुत्रवधू श्रीमती सोनू (पत्नी श्री राकेश कुमार) के असम्मानजनक और गैर-कानूनी व्यवहार के कारण उन दोनों से अपने सभी पारिवारिक, सामाजिक और कानूनी संबंध समाप्त (बेदखल) कर लिए हैं। मेरे मुवक्किल ने उन दोनों को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति (Movable and Immovable Properties) से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त श्री राकेश कुमार और श्रीमती सोनू द्वारा किए गए किसी भी कार्य, व्यवहार, लेन-देन या देनदारी के लिए मेरे मुवक्किल किसी भी प्रकार से जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे। जो भी व्यक्ति उनसे किसी प्रकार का व्यवहार या लेन-देन करेगा, वह स्वयं अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा।

DEEPAK KUMAR MAURYA
Advocate
241, F.F, HARI NAGAR ASHRAM, DELHI
MOB NO: 08178661358

NAME CHANGE
I, Keesalata W/o Guru Sharan, R/o 46, Mitha Kaun, VTC: Ghaziabad, PO: Ghaziabad, Dist: Ghaziabad, Uttar Pradesh- 201001, have changed my name and shall hereafter be known as Kislawati

NAME CHANGE
It is for general information that I, MARIYAM D/o ZAINULLAH, R/O D-12, OLD JASOLA VILLAGE, JAMIA NAGAR, OKHLA, DELHI-110025, declare that name of my father has been Wrongly written as ZAINULLAH NIZAMI in my 10th and 12th Class Certificate. The actual name of my father ZAINULLAH, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

PUBLIC NOTICE
have My client Anjani Kumar Pandey S/o Late Sh. Kushahar Pandey and Brijbala Pandey W/o Sh. Anjani Kumar Pandey both R/o I-7-509, Near Peepal Chowk, Sangam Vihar, New Delhi-110062, disowned and debarred their son Vivek Kumar Pandey & his wife Neha Pandey and grand children Shivansh Pandey from their all movable immovable properties and have no relation with them in future. My client and other family members shall not be responsible for any civil and criminal acts & deeds.

Arun Kumar Tiwari Advocate
CH.NO.310,
SAKET COURTS
NEW DELHI-17

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल विशन दत्त, स्वर्गीय पंडित राम किशन, निवासी संख्या 34, पोसांगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 ने अपने दत्तक पुत्र संजय शर्मा को अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से तत्काल प्रभाव से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन करने वाला व्यक्ति अपने स्वयं के खर्च, जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। मेरे मुवक्किल भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य, कृत्य या किसी भी चीज के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

वीरेंद्र एस. चौधरी एंड एसोसिएट्स
चैम्बर नंबर 408, द्वारका कोर्

संक्षिप्त डायरी

दिवाली मनाकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

एजेंसी

नोएडा। दिवाली पर अपने गांव गया युवक वापस गाजियाबाद स्थित जीजा के घर लौटते समय यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गया। कानपुर देहात निवासी अजय कुमार (23) गाजियाबाद में अपने जीजा के साथ रहते था और नोएडा स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। दिवाली के मौके पर वह बाइक से अपने घर गया था। सोमवार सुबह करीब छह बजे वह गांव से वापस गाजियाबाद लौट रहा था। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर दनकौर क्षेत्र में स्पोर्ट्स सिटी के नजदीक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। अजय को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सेक्टर-22डी सोसाइटी में विदेशी नागरिकों के सत्यापन पर सवाल

एजेंसी

नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक सेक्टर-22डी स्थित प्राधिकरण की ओर से विकसित हाईराइज सोसाइटी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निवासियों की चिंता बढ़ गई है। सोसाइटी में रह रहे विदेशी नागरिकों के पुलिस सत्यापन और वीजा की वैधता को लेकर निवासियों ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। सोसाइटी निवासी समर्पित आर्या ने बताया कि पूर्व में पुलिस जांच के दौरान कुछ विदेशी नागरिकों के वीजा की अवधि समाप्त होने के मामले सामने आए थे। इसके बावजूद सभी विदेशी नागरिकों के पासपोर्ट, वीजा और पुलिस सत्यापन की नियमित जांच के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। निवासियों के अनुसार, कुछ समय पहले नारकोटिक्स विभाग ने सोसाइटी में छापेमारी की थी। इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था। इस घटना के बाद से ही सोसाइटी में रहने वाले परिवारों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। निवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सोसाइटी में रह रहे सभी विदेशी नागरिकों के पासपोर्ट और वीजा की वैधता की जांच कराई जाए। साथ ही उनका अनिवार्य पुलिस सत्यापन सुनिश्चित किया जाए

दिव्यांगों के शौचालय पर लापरवाही भारी

एजेंसी

नोएडा। जेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग मरीजों के लिए बनाया गया शौचालय बदहाल है। साफ-सफाई और रखरखाव नहीं होने से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए शौचालय की हालत सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सफाई के प्रति जागरूकता फैला रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में ही इसकी अनदेखी हो रही है। अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर सफाई व्यवस्था की बदहाली स्वच्छता अभियान के दावों की जमीनी हकीकत उजागर कर रही है।

जमानत पर बाहर आकर चेन लूट करने लगा बदमाश, साथी संग गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एक बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वो पूर्व में मुठभेड़ के दौरान भागने में सफल रहा था। बदमाशों की पहचान दीपू उर्फ पप्पू निवासी बडेसरा पाली अलीगढ़ और मोनू निवासी घटकना मौदहा हमीरपुर के रूप में हुई है। इस समय दीपू ग्रेटर नोएडा के हल्दौनी गांव और मोनू भंगेल में रह रहा था। डीसीपी ग्रेटर नोएडा श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर रात बीटा-2 कोतवाली पुलिस 130 मीटर रोड पर ढकिया बाबा गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवकों को रूकने का इशारा किया लेकिन पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों की बाइक फिसल गई। गिरने के बाद दोनों ने पुलिस ने फायरिंग की। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। जिसमें दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों के पास से चोरी की एक बाइक और अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों चेन स्नेचर है। मोनू चेन स्नेचिंग में जेल जा चुका है। इस समय जमानत पर जेल से बाहर चल रहा था। वहीं जून माह में मुठभेड़ के दौरान दीपू फरार हो गया था। तब उसका साथ राजेंद्र उर्फ लल्लू लूट की चेन के साथ गिरफ्तार हुआ था। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था।

अधिसूचित जमीन पर प्लॉट बेचकर 18 लाख की ठगी, बिल्डर गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। यमुना प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर प्लॉट बेचकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में वांछित बिल्डर को दनकौर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेक्टर-168 स्थित गोल्डन पाम सोसाइटी निवासी अनुराग प्रताप राय (46) के रूप में हुई। वह यूपीएल होम्स और यूटीएल इंफ्रा रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है। दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर निवासी राखी निंबा ने 29 अक्तूबर को मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि उन्होंने दनकौर देहात क्षेत्र में कंपनी की डिलाइट होम्स परियोजना के तहत 100 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। इसके लिए चेक और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से कंपनी को 18 लाख रुपये का भुगतान किया था। वर्ष 2023 में 30 जून को प्लॉट की रजिस्ट्री भी करा दी गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर यमुना प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन के वास्तविक रकबे को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था। इसके बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राखी निंबा के अलावा मीनाक्षी गोयल और जसमीत कौर को भी प्लॉट बेच दिए। आरोप है कि निवेशकों से रकम वसूलने के बाद आरोपी ने कार्यालय बंद कर लिया। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अमरपुर गांव के पास साइट के नजदीक से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव

एजेंसी

नोएडा। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह स्टेशन अधीक्षक कार्यालय से पॉइंट्समैन दिनेश कुमार ने रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो ट्रैक पर शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों और स्टेशन स्टाफ की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप


एजेंसी

नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित एक रेस्टोरेंट में भोजन करने गई महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने पुलिस से आरोपी की शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला शनिवार को अपने पति और बच्चों के साथ गौड़ सिटी-2 स्थित एक रेस्टोरेंट में भोजन करने गई थी। आरोप है कि वहां मौजूद एक आरोपी ने महिला का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। महिला के बच्चों ने आरोपी को वीडियो बनाते हुए देख लिया। इसके बाद महिला के पति ने आरोपी को पकड़ लिया और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

राष्ट्रीय मिर्गी दिवस:अस्पतालों में हर महीने पहुंच रहे करीब 150 मरीज

एजेंसी

गुरुग्राम। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और बड़े-बड़े अस्पतालों के लिए पहचान रखने वाले गुरुग्राम में आज भी मिर्गी जैसी बीमारी को लेकर लोगों की सोच पूरी तरह नहीं बदली है। किसी व्यक्ति को अचानक दौरा पड़ने पर उसे अस्पताल पहुंचाने के बजाय कई परिवार झाड़-फूंक और अंधविश्वास के रास्ते पर चले जाते हैं। बीमारी को भूत-प्रेत का साया मानने से लेकर इसे छुआछूत से जोड़ने तक की गलत धारणाएं मरीजों के इलाज में बाधा बन रही हैं। चिंताजनक पहलू यह है कि निजी अस्पतालों में एक महीने में करीब 150 मिर्गी के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में न्यूरो विशेषज्ञ की उपलब्धता अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। 17 नवंबर को राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों ने लोगों से बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करने और समय पर उपचार शुरू कराने की अपील की है। चिकित्सकों के अनुसार मिर्गी मस्तिष्क में होने वाली



असामान्य विद्युत गतिविधियों के कारण होती है। यह न तो छुआछूत की बीमारी है और न ही इसका संबंध किसी ऊपरी साये से है। सही जांच और नियमित दवाओं से अधिकांश मरीजों में दौरे नियंत्रित किए जा सकते हैं। कुछ मरीजों के लिए शल्य चिकित्सा का विकल्प भी उपलब्ध है। आर्टेमिस अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के चेयरपर्सन डॉ. सुमित सिंह के अनुसार मिर्गी के इलाज को लेकर देश में बड़ी कमी है। उनके मुताबिक शहरों में करीब 50 से 70 प्रतिशत मरीज समुचित उपचार नहीं ले पाते, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा लगभग 90 प्रतिशत तक है। कई मरीज चिकित्सक तक नहीं पहुंचते और कुछ को सही विशेषज्ञ की सुविधा नहीं मिल पाती। गुरुग्राम की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में भी इस बीमारी के उपचार को लेकर चुनौती सामने आती है। सेक्टर-10 स्थित जिला नागरिक अस्पताल में न्यूरो विशेषज्ञ की नियमित उपलब्धता नहीं होने के कारण गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं वाले मरीजों को दिल्ली और रोहतक रेफर करना पड़ता है। पूर्व में सामने आई अस्पताल संबंधी जानकारी के अनुसार यहां हर महीने 100 से अधिक न्यूरोलॉजिकल लक्षणों वाले मरीज पहुंचते हैं और हर साल 700 से अधिक मरीजों को उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर किया जाता है। इनमें दौरे, सिरदर्द, हाथ-पैर सुन्न होने और मस्तिष्क संबंधी दूसरी समस्याओं वाले मरीज शामिल हैं। मैरींगो एशिया अस्पताल के चेयरमैन (न्यूरोसाइंसेज) डॉ. प्रवीण गुप्ता के अनुसार चिकित्सा विज्ञान ने काफी प्रगति की है, लेकिन मिर्गी को लेकर सामाजिक सोच में अपेक्षित बदलाव नहीं आया है। दौरा पड़ने पर मरीज की असामान्य गतिविधियों को देखकर लोग घबरा जाते हैं और कई बार अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने पहुंच जाते हैं। इससे सही उपचार शुरू होने में देरी होती है। मिर्गी का असर केवल मरीज की सेहत तक सीमित नहीं रहता। बच्चों में दौरे आने पर अभिभावकों के साथ-साथ स्कूलों में भी कई तरह की आशंकाएं पैदा हो जाती हैं।

कांग्रेस की वोट बचाओ देश बचाओ चौपाल, भाजपा सरकार पर तीखा हमला

एजेंसी

नोएडा। हरियाणा के तावडू क्षेत्र में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से वोट बचाओ देश बचाओअभियान के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। युवा नेता शाहीन सैम्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने शिरकत कर वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और कार्यशैली को आड़े हाथों लिया। चौपाल का मुख्य उद्देश्य जनता को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और संविधान की रक्षा के लिए एक मजबूत जनआंदोलन खड़ा करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि आज देश का लोकतांत्रिक ढांचा और संविधान गंभीर खतरे में है। सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुहिम देश के भविष्य और भाईचारे को सुरक्षित रखने की एक बड़ी लड़ाई है, जिसमें हर नागरिक को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश का युवा, किसान, मजदूर और व्यापारी वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन सरकार बुनियादी मुद्दों का समाधान करने की बजाय जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मुखरता से लड़ेगी। एआईसीसी पर्यवेक्षक रोहित चौधरी और रोहतक के विधायक व गुरुग्राम जिला पर्यवेक्षक भारत भूषण बतरा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर जनता को जागरूक करें और अपने मत की ताकत को पहचानें। ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार एसआईआर जैसे गंभीर मुद्दों पर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। आयोजक शाहीन सैम्स और ब्लॉक अध्यक्ष रज्जू चेयरमैन ने तावडू क्षेत्र की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और चुनाव आयोग को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किए जाने चाहिए।

दो लुटेरों को मुठभेड़ में गोली लगी

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस और बाइक सवार दो बदमाशों के बीच रविवार की रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। एक बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दोनों बदमाश चेन छीनने की घटनाओं में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने उनके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस की टीम रविवार की देर ढकिया बाबा मंदिर गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रुकने का इशारा किया गया। उन्होंने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम के पीछा करने पर आगे चलकर बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। इस दौरान खुद को घिरता देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान दीपू उर्फ पप्पू निवासी बडेसरा, थाना पाली मुकीमपुर, जिला अलीगढ़ वर्तमान पता हल्दौनी मोड़, कुलेसरा और मोनू निवासी ग्राम घटकना, थाना मौदहा, जिला हमीरपुर वर्तमान पता ग्राम भंगेल, नोएडा के रूप में हुई है। डीसीपी के मुताबिक पकड़े गए दोनों बदमाश चेन झपटमार हैं। दोनों बदमाश चोरी की बाइक से चेन स्नेचिंग की घटनाओं का अंजाम देते थे। बदमाश दीपू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था पुलिस के मुताबिक पुलिस की सात जून को दीपू और उसके एक साथी के साथ मुठभेड़ हुई थी। पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाश राजेंद्र को गिरफ्तार किया था, जबकि आरोपी दीपू पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। इसके बाद दीपू पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के मुताबिक दीपू के खिलाफ आठ मुकदमे दर्ज हैं। जमानत पर जेल से छूटने के बाद सक्रिय हुआ पुलिस के मुताबिक मोनू लुटेरा है। मोनू के खिलाफ 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा पूर्व में मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद जमानत पर जेल से छूटने के बाद वह फिर से घटना करने लगा। मोनू अपने साथी के साथ मिलकर राहगीरों से लूटपाट कर रहा था।

सांस ही नहीं, त्वचा पर भी प्रदूषण का हमला

एजेंसी

गुरुग्राम। शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण का असर अब केवल सांस और आंखों तक सीमित नहीं रह गया। हवा में घुले धूल, धुएं और प्रदूषण के सूक्ष्म कण त्वचा को भी प्रभावित कर रहे हैं। दिवाली के बाद से प्रदूषण के संपर्क में आने के साथ तापमान में गिरावट और हवा में नमी कम होने से त्वचा संबंधी परेशानियां बढ़ने का खतरा है। त्वचा रोग विशेषज्ञों के पास चेहरे पर जलन, खुजली, लालिमा, रूखापन और छोटे-छोटे दाने जैसी शिकायतें लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। पहले से एलर्जी, एक्जिमा और संवेदनशील त्वचा की समस्या से जूझ रहे लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। दिवाली के बाद से सेक्टर 10 नागरिक अस्पताल में रोजाना ऐसे 50 से 60 नए मरीज आ रहे हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज मेहता ने बताया कि प्रदूषण में मौजूद सूक्ष्म कण त्वचा की बाहरी सुरक्षा परत को प्रभावित कर सकते हैं। ये कण त्वचा पर जमा होने के साथ जलन और सूजन की समस्या बढ़ा सकते हैं। वहीं, सर्दियों में ठंडी और शुष्क हवा त्वचा की प्राकृतिक नमी कम कर देती है। ऐसे में प्रदूषण और ठंड का संयुक्त असर



चेहरे पर अधिक दिखाई देने लगता है। कई लोगों को त्वचा में खिंचाव महसूस होने, गालों और नाक के आसपास लालिमा, खुजली और जलन की परेशानी हो सकती है। कुछ लोगों में पहले से मौजूद मुंहासे और त्वचा की एलर्जी भी बढ़ सकती है। दिवाली के बाद बढ़ा प्रदूषण, त्वचा पर दिखने लगा असर: दिवाली के बाद हवा में धूल और धुएं के कणों की मौजूदगी बढ़ने के साथ त्वचा के संपर्क में आने वाले प्रदूषकों की मात्रा भी बढ़ सकती है। सुबह घर से बाहर निकलने, सड़कों पर वाहन चलाने, निर्माण स्थलों के आसपास रहने और खुले में काम करने वाले लोग लंबे समय तक इन कणों के संपर्क में रहते हैं। चेहरे पर जमा प्रदूषण के कण त्वचा में जलन और संवेदनशीलता बढ़ा सकते हैं। जिन लोगों को पहले से एलर्जी की समस्या है, उन्हें खुजली और लाल चकत्तों की शिकायत हो सकती है। वहीं, ठंड में त्वचा की नमी कम होने से चेहरा रूखा पड़ने और त्वचा फटने की समस्या भी सामने आती है। डॉक्टर ने बताया कि प्रदूषण और सर्दी के संयुक्त प्रभाव से त्वचा पर अलग-अलग तरह की समस्याएं हो रही हैं। कुछ लोगों को चेहरे पर हल्की जलन और चुभन महसूस होती है, जबकि कुछ में गालों, माथे और नाक के आसपास लालिमा दिखाई देती है। त्वचा अधिक रूखी होने पर खुजली और पपड़ी जमने की समस्या भी हो सकती है। पहले से एक्जिमा से पीड़ित मरीजों में सूजन और खुजली बढ़ सकती है। इसके अलावा संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को सामान्य क्रीम और साबुन के इस्तेमाल से भी जलन महसूस हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, त्वचा पर लगातार जलन, सूजन या चकत्ते बने रहने पर खुद से दवा लगाने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है। सुबह-शाम बाहर निकलने वालों की त्वचा पर अधिक असर: गुरुग्राम में सुबह की सैर करने वाले, दोपहिया वाहन चालकों, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों और लंबे समय तक बाहर रहने वाले लोगों की त्वचा प्रदूषण के सीधे संपर्क में आती है। सर्दियों में सुबह और शाम की ठंडी हवा त्वचा की नमी को और कम कर सकती है। ऐसे में चेहरे को खुला रखकर लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने से बचना चाहिए। बाहर से घर लौटने पर चेहरे को सामान्य पानी और हल्के क्लींजर से साफ करना चाहिए। इसके बाद त्वचा के अनुसार मॉइस्चराइजर लगाना जरूरी है। बार-बार गर्म पानी से चेहरा धोने और तेज रसायनों वाले साबुन का इस्तेमाल करने से रूखापन बढ़ सकता है।

ग्रैप के नियमों की जिम्मेदार अधिकारी खुद कर रहे हैं अवहेलना

एजेंसी

गुरुग्राम। शहर में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर प्रशासनिक अधिकारी जरा भी गंभीर नहीं है। जिन अधिकारियों को ग्रैप के नियमों को पालन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है वह अधिकारी खुद नियमों की अवहेलना करने में लगे हुए हैं। वहीं जिला उपायुक्त कार्यालय में भी दोपहर में झाड़ू लगाकर पूरे परिसर को धूल में भर दिया। जिला उपायुक्त कार्यालय में भी बिना पानी छिड़काव के परिसर में झाड़ू निकाली जा रही है। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी ग्रैप के नियमों और सीएक्यूएम के आदेशों का सख्ती से पालन नहीं कर रहे हैं। यहीं कारण है कि शहर में बीते एक माह से लगातार हवा प्रदूषित बनी हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों की यह लापरवाही शहर के लोगों की सांसो में जहर घोलने का काम कर रही है। बता दें कि दिल्ली एनसीआर सहित मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर सीएक्यूएम की तरफ से ग्रैप दो की पाबंदिया लगाई हुई है। ग्रैप के दो की पाबंदियों में खुले में कूड़ा जलाने, निर्माण कार्य बंद करने, खुले में कोयला और लकड़ी जलाने पर सहित कई प्रकार की पाबंदिया लगी हुई, लेकिन इसके बाद भी शहर में लोग खुले में ग्रैप के नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं। शहर में निर्माण सामग्री के खुले में पड़े होने, सड़कों पर उड़ती धूल और होटलों-ढाबों में धड़ल्ले से जल रहे तंदूरों के कारण प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच रहा है। ग्रैप पाबंदियों के तहत शहर में किसी भी प्रकार के अनियंत्रित निर्माण कार्यों पर रोक है, इसके अलावा, शहर के द्वारका एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पूरी तरह से मिट्टी से अटी पड़ी है। यहां से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण हर समय धूल के गुबार उड़ते रहते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया है। एक्सप्रेसवे से सराय की तरफ जाने वाले मार्ग पर भी भारी मात्रा में निर्माण सामग्री खुले में पड़ी है, लेकिन नगर निगम या अन्य संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रशासन के कड़े दावों के उलट शहर के तमाम बाजारों और खानपान के ठिकानों पर नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कोयला जलाने पर पूरी तरह रोक होने के बावजूद रेलवे रोड, सेक्टर-14 मार्केट, राजेंद्रा पार्क, चौमा रोड, न्यू कॉलोनी मार्केट, सेक्टर-29 मार्केट और सदर बाजार सहित सैकड़ों जगहों पर शाम ढलते ही तंदूर जलने शुरू हो जाते हैं। स्थिति यह है कि पॉश माने जाने वाले सिविल लाइंस एरिया में भी स्थित होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में खुलेआम तंदूरों में कोयला जलाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की इसी लचर कार्यशैली और उदासीनता के कारण शहर में प्रदूषण का स्तर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां नियमों की अनदेखी से प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम ने प्रदूषण से निपटने के लिए अपने बेड़े को मजबूत करने का दावा किया है। निगम के बेड़े में नौ नई एंटी स्मॉग गन मशीनें शामिल की गई हैं।

रात में टहलने निकले दो दोस्तों पर फायरिंग

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर-122 में शनिवार रात टहलने निकले दो दोस्तों पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन लोगों पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने का आरोप लगाया है। हमले के दौरान दोनों दोस्तों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-113 थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-122 के पर्थला निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया



कि वह शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे अपने दोस्त सुमित के साथ टहलने के लिए निकले थे। दोनों जनता फ्लैट सेक्टर-122 के गेट नंबर दो पर पहुंचे। वहां पहले से मौजूद राहुल उर्फ पप्पू राजपूत, अभिषेक शर्मा उर्फ अभी और उनके अन्य साथियों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद आरोपियों ने दोनों को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से दोनों दोस्त घबरा गए। गोली लगने के डर से दोनों मौके से भाग निकले। आसपास अफरातफरी मच गई।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से हमला किया था। उन्होंने पुलिस की आपातकालीन सेवा 112 पर कॉल कर घटना की सूचना दी। पीड़ित ने अपनी शिकायत में राहुल उर्फ पप्पू राजपूत और अभिषेक शर्मा उर्फ अभी को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। हमले के पीछे की वजह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल फायरिंग में किसी के घायल होने की जानकारी शिकायत में नहीं दी गई है।

पढ़ाई के साथ सेहत भी संवारेंगे गुरुग्राम के विद्यार्थी, दसवीं तक लागू होगा योग

एजेंसी

गुरुग्राम। स्कूलों में अब तक योग को सुबह की प्रार्थना सभा, विशेष आयोजनों और कभी-कभार होने वाली गतिविधियों तक सीमित रखा जाता रहा है, लेकिन आने वाले समय में यह तस्वीर बदल सकती है। पढ़ाई, परीक्षा और बेहतर अंक हासिल करने की दौड़ के बीच विद्यार्थियों की सेहत और मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे में योग को बाकायदा विषय के रूप में पढ़ाने की तैयारी की जा रही है। हरियाणा में नए शैक्षणिक सत्र अप्रैल 2027 से दसवीं कक्षा तक योग पाठ्यक्रम लागू करने की योजना है। इसका असर गुरुग्राम के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर भी पड़ेगा। अब बच्चों को केवल योग के आसनों की जानकारी ही



नहीं दी जाएगी, बल्कि उनके महत्व, सही तरीके और नियमित अभ्यास की सीख भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। इसके लिए प्रदेशभर में करीब 10,500 शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की तैयारी है। शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण जिले में भी इस योजना को लेकर शिक्षकों को तैयार किया जा रहा है। गुरुग्राम के सरकारी प्राथमिक स्कूलों से एक-एक शिक्षक को सात दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल करने की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं शारीरिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों के लिए 30 दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में निर्धारित किया गया। इस प्रशिक्षण में केवल सामान्य योगासन ही नहीं, बल्कि षट्कर्म, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान, हठयोग और योग के सैद्धांतिक पक्ष की जानकारी भी दी जाएगी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू कुमारी के निर्देशन में योग विशेषज्ञ डॉ. भूदेव और योग सहायकों की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हासिल करने वाले शिक्षक आगे विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यार्थियों को होंगे स्वास्थ्य संबंधी लाभ गुरुग्राम के स्कूलों में इस पहल का असर उन विद्यार्थियों पर भी पड़ सकता है जिनकी दिनचर्या लंबे समय तक कक्षा में बैठकर पढ़ने, मोबाइल और कंप्यूटर पर समय बिताने तथा परीक्षा की तैयारी में गुजरती है। नियमित योगाभ्यास से बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने, शरीर का संतुलन और लचीलापन बेहतर करने में मदद मिल सकती है। वहीं प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास से एकाग्रता, आत्मनियंत्रण और तनाव से निपटने की क्षमता विकसित करने में सहायता मिल सकती है। पाठ्यक्रम में अभ्यास और सैद्धांतिक जानकारी खास बात यह होगी कि योग केवल सुबह की प्रार्थना सभा में कुछ आसन कराने तक सीमित नहीं रहेगा। यदि इसे व्यवस्थित पाठ्यक्रम के रूप में लागू किया जाता है तो विद्यार्थियों को अलग-अलग आसनों का उद्देश्य, उन्हें करने का सही तरीका, सावधानियां और शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी भी मिलेगी। इससे बच्चों में कम उम्र से ही नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आदत विकसित की जा सकेगी। इस योजना को स्कूलों में प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण होगा। गुरुग्राम में भी प्राथमिक और शारीरिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था इसी उद्देश्य से की जा रही है। प्रशिक्षित शिक्षक विद्यार्थियों की उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार योगाभ्यास करा सकेंगे। इससे छोटे बच्चों को सरल आसनों और श्वसन अभ्यास से जोड़ने के साथ बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों को ध्यान और प्राणायाम की जानकारी देना आसान होगा।

भारत ने अमेरिकी बॉन्ड में भारत का 38.4 अरब डॉलर का निवेश

अमेरिका में 220 अरब डॉलर का निवेश

नई दिल्ली ।

भारत ने अमेरिकी सरकारी बॉन्ड (यूएस ट्रेजरी) में अपना निवेश तेजी से बढ़ाया है। अगस्त 2026 तक अमेरिकी बॉन्ड में भारत का निवेश बढ़कर 219.7 अरब डॉलर यानी 220 अरब डॉलर हो गया है। मई 2026 में यह निवेश 181.3 अरब डॉलर था। इस तरह महज तीन महीने में भारत ने अमेरिकी बॉन्ड में 38.4 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश किया है। यह करीब 21 प्रतिशत की वृद्धि है। भारतीय बैंकों में विदेशी मुद्रा अनिवासी जमा के जरिए बड़ी मात्रा में डॉलर आने से विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत हुआ है। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्थिति को मजबूती मिली है. दूसरे देशों की संपत्तियों में निवेश की क्षमता बढ़ी है।

सरकार ने डीजल, विमान ईंधन के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया

नई दिल्ली।

देश में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि का अनुचित लाभ रोकने के उद्देश्य से सरकार ने 16 नवंबर से डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा दिया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, अब विमान ईंधन के निर्यात पर 12.5 रुपये प्रति लीटर (पहले 11 रुपये) और डीजल के निर्यात पर 14 रुपये प्रति लीटर (पहले 11.5 रुपये) का विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगेगा। वहीं, पेट्रोल के निर्यात पर यह शुल्क शून्य ही रखा गया है। यह नया शुल्क तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह कर पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ी कच्चे तेल की कीमतों के बीच निर्यातकों को अनुचित लाभ उठाने से रोकने और घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगाया गया है। सरकार हर पखवाड़े इसकी समीक्षा करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल की खुदरा दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

सिप्ला पर डीआरआई का छापा

नई दिल्ली ।

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने आयातित दवाओं के वर्गीकरण और छूट से संबंधित एक मामले में फार्मा कंपनी सिप्ला के मुंबई स्थित विक्रोली कार्यालय और ठाणे के भिवंडी स्थित गोदाम पर तलाशी अभियान चलाया।कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को दी गई जानकारी में बताया कि यह तलाशी सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 105 के तहत ली गई थी। सिप्ला ने अधिकारियों को पूरा सहयोग देने की बात कही है। कंपनी के अनुसार, इस कार्रवाई का उसके वित्तीय प्रदर्शन या परिचालन पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है।

भारतीय आसमान में नए विमानों की बहार, 1000 और विमानों का ऑर्डर जल्द

नई दिल्ली ।

भारत में हवाई यात्रा के बढ़ते चलन के बीच देश की एयरलाइन कंपनियां जल्द ही 1,000 और सिविल एयरक्राफ्ट का ऑर्डर देने की तैयारी में हैं।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मिस्र दौरे पर यह जानकारी दी, साथ ही बताया कि देश को 2,000 से अधिक विमानों की आवश्यकता है। पीयूष गोयल ने बताया कि भारत ने अब तक 1,200 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं, लेकिन बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2,000 से ज्यादा विमानों की आवश्यकता होगी। इसी को देखते हुए अतिरिक्त 1,000 विमानों का ऑर्डर देने की तैयारी है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजारों में से एक है, जहां हवाई यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे विमानों की कमी महसूस हो रही है। मंत्रालय मौजूदा ऑर्डर की त्वरित डिलीवरी के लिए एयरबस और बोइंग जैसी कंपनियों से संपर्क में है, क्योंकि डिलीवरी में लंबा समय लगता है। इसके साथ ही, भारत विमानों के घरेलू निर्माण को भी बढ़ावा दे रहा है। एयरबस की भारत में दो असेंबली लाइनें हैं और बोइंग व एयरबस देश से सालाना 2 अरब डॉलर के कलपुर्जे भी खरीदते हैं। ब्राजील की एम्ब्रेयर और अदाणी ग्रुप भी क्षेत्रीय विमानों के निर्माण की संभावना तलाश रहे हैं। इन नए विमानों से एयरलाइंस को उड़ानें बढ़ाने और भारत-मिस्र जैसी अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिससे यात्रियों को व्यापक विकल्प उपलब्ध होंगे।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 427, निफ्टी 96 अंक ऊपर आया

मुंबई ।



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें घटने से भी बाजार में उत्साह का माहौल है।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.40 अंक उछलकर 82,532.19 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसस निफ्टी 50 96.30 अंक की बढ़त के साथ ही 25,387.40 पर पहुंच गया।

आज निफ्टी में अदाणी एंटरप्राइजेज, आयशर मोटर्स, मैक्स हेल्थ, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक और एम एंड एम के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे, जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड कॉर्प, एचडीएफसी लाइफ, ओएनजीसी, कोल इंडिया, इंफोसिस और टीएमपीवी के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

वहीं व्यापक बाजारों की बात करें तो निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी आई जबकि निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.22 फीसदी की गिरावट रही। सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी बैंक में सबसे ज्यादा 1.13 फीसदी की तेजी आई, और से अपने शीर्ष स्तर 62,442.20 पर पर पहुंचा।

वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.95 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 1.94 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.72 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 0.64 फीसदी और निफ्टी मेटल में 0.58 फीसदी का उछाल आया। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 82349 और निफ्टी 25358 तक उछले।

रुपया बढ़त के साथ बंद



मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 45 पैसे की बढ़त के साथ ही 93.49 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 31 पैसे मजबूत होकर 93.63 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, विदेशी पूंजी के मजबूत प्रवाह और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू मुद्रा को बल मिला। इससे अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.72 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में बढ़त दर्ज करते हुए 93.63 प्रति डॉलर पर पहुंच गया ये पिछले बंद भाव के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त है। वहीं इससे पहले रुपया सोमवार को 25 पैसे मजबूत होकर 93.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी बढ़कर 103.50 पर आ गया।

भारतीय बागवानी में बंपर उछाल, 2025-26 में रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान

रकबा घटने के बावजूद 38.69 करोड़ टन उत्पादन की संभावना

नई दिल्ली ।

भारत का बागवानी उत्पादन फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) में रिकॉर्ड 38.69 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 37.07 करोड़ टन से 4.36 प्रतिशत अधिक होगा। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सरकार का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। यह वृद्धि ऐसे समय में अनुमानित है जब बागवानी फसलों का कुल रकबा एक साल पहले के 3.01 करोड़ हेक्टेयर से घटकर 2.97 करोड़ हेक्टेयर रहने की संभावना है। कृषि मंत्री चौहान ने इस अभूतपूर्व वृद्धि का श्रेय किसानों के पारंपरिक खेती से हटकर फल, सब्जियां, फूल, मसाले और औषधीय पौधों जैसी व्यावसायिक फसलों की ओर बढ़ते रुझान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह रुझान न केवल किसानों के लिए आय के नए स्रोत खोल रहा है, बल्कि देश की पोषण सुरक्षा को मजबूत करते हुए कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और प्रगति के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में फल उत्पादन 4.60 प्रतिशत बढ़कर 12.30 करोड़ टन और सब्जियों का उत्पादन 4.35 प्रतिशत बढ़कर 22.72 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

सेविंग अकाउंट में भी मिलेगा फिक्स्ड डिपॉजिट का धांसू ब्याज!

स्वीप-इन एफडी सुविधा से पाएं अतिरिक्त पैसों पर ज्यादा रिटर्न

नई दिल्ली।

क्या आपके सेविंग अकाउंट में अक्सर कुछ अतिरिक्त पैसे निष्क्रिय पड़े रहते हैं और आप उन पर मिलने वाले कम ब्याज से नाखुश हैं? यदि हां, तो बैंक की स्वीप-इन फिक्स्ड डिपॉजिट सुविधा आपके लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। यह एक ऐसी कमाल की स्कीम है जो आपके बचत खाते में पड़े अधिशेष राशि पर सावधि जमा (एफडी) के समान आकर्षक ब्याज दर प्रदान करती है, और साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पैसे निकालने की लचीली सुविधा भी बनाए रखती है। यह सेविंग अकाउंट और फिक्स्ड डिपॉजिट की बेहतरीन विशेषताओं को एक साथ जोड़ती है। स्वीप-इन एफडी मूलतः आपके सेविंग अकाउंट और एक लिंक की हुई फिक्स्ड डिपॉजिट का एक हाइब्रिड मॉडल है। इसमें बैंक आपके बचत खाते के साथ एक एफडी को जोड़ देता है। इस सुविधा की नींव थ्रेशहोल्ड लिमिट पर टिकी है। यह वह न्यूनतम राशि होती है जिसे बैंक आपके बचत खाते में बनाए रखने के लिए तय करता है। जैसे ही आपके सेविंग अकाउंट का बैलेंस इस तय सीमा से अधिक होता है, अतिरिक्त रकम अपने आप एक फिक्स्ड डिपॉजिट में ट्रांसफर हो जाती है। सबसे खास बात यह है कि यह प्रक्रिया स्वतः होती है, जिससे आपको मैन्युअल रूप से एफडी बनाने की जरुरत नहीं पड़ती।

उदाहरण के तौर पर यदि आपके खाते की थ्रेशहोल्ड लिमिट 25,000 रुपए है और आपके सेविंग अकाउंट में 50,000 रुपए जमा होते हैं, तो अतिरिक्त 25,000 रुपए स्वतः ही एफडी में बदल जाएंगे। अगर भविष्य में आपको 30,000 रुपए की जरुरत है और आपके सेविंग अकाउंट में केवल 20,000 रुपए हैं, तो बाकी 10,000 रुपए सीधे आपकी लिंक एफडी से वापस सेविंग अकाउंट में आ जाएंगे। इस तरह आपके पैसों पर ज्यादा ब्याज भी मिलता है और वे जरूरत पड़ने पर आसानी से उपलब्ध भी रहते हैं। इस सुविधा का सबसे बड़ा आकर्षण अतिरिक्त पैसों पर मिलने वाली ऊंची ब्याज दर है। जहां सामान्य सेविंग अकाउंट पर आमतौर पर 2.5 फीसदी से 3फीसदी तक का ब्याज मिलता है, वहीं स्वीप-इन एफडी के तहत एफडी में ट्रांसफर हुई रकम पर आपको 6.5फीसदी या उससे भी अधिक ब्याज मिल सकता है। आपके अतिरिक्त पैसे पर बिना किसी मैन्युअल हस्तक्षेप के एफडी की उच्च दर से कमाई हो रही है। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है जो अपने बचत खाते में पड़े पैसों को निष्क्रिय नहीं रखना चाहते।

टीटागढ़ रेल सिस्टम्स-जेफरीज ने बढ़ाया लक्ष्य, 43 फीसदी उछाल की संभावना

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने शेयर का टारगेट प्राइस 1,050 रुपए किया

नई दिल्ली ।

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रेलवे सेक्टर की कंपनी टीटागढ़ रेल सिस्टम्स के शेयरों पर अपना भरोसा और मजबूत किया है। ब्रोकरेज ने कंपनी के शेयर का टारगेट प्राइस 990 रुपए से बढ़ाकर 1,050 रुपए कर दिया है और खरीदें रेटिंग बरकरार रखी है। मौजूदा भाव 733.40 रुपए से इसमें करीब 43 फीसदी की तेजी की गुंजाइश दिखती है। जेफरीज के अनुसार, टीटागढ़ के बेहतर वित्तीय नतीजे पैसेंजर कोच की बढ़ती डिलीवरी और नए वैगन ऑर्डर भविष्य में कंपनी की कमाई को सहारा देंगे। सितंबर तिमाही में कंपनी ने 51 पैसेंजर कोच डिलीवर किए, जो पिछली तिमाही से अधिक थे।

इस दौरान पैसेंजर रेल बिज़नेस का राजस्व सालाना आधार पर 2.5 गुना बढ़ा। कंपनी के पास लगभग 10,800 करोड़ रुपए का पैसेंजर रेल ऑर्डर बुक है, जिसमें



वंदे भारत और मेट्रो प्रोजेक्ट शामिल हैं। वैगन बिक्री में गिरावट के बावजूद, 4,955 वैगन का नया ऑर्डर मिलने से कंपनी की भविष्य की कमाई की संभावनाबेहतर हुई है। टीटागढ़ का रामकृष्णा फोर्जिंग्स के साथ फोर्ज्ड व्हील प्लांट भी दिसंबर 2026 से कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है।

हरित उड़ान को बढ़ावा, सरकार जल्द जारी करेगी सतत विमानन ईंधन नीति का मसौदा

2040 तक 1 करोड़ टन उत्पादन क्षमता और 85 अरब डॉलर निवेश की संभावना

नई दिल्ली ।

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को घोषणा की कि सरकार एक-दो सप्ताह के भीतर सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) नीति का मसौदा जनता की टिप्पणियों के लिए जारी करेगी। यह कदम देश में हरित विमानन को बढ़ावा देने और आर्थिक अवसरों को खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

उद्योग संगठन फिक्की और नागर विमानन मंत्रालय द्वारा आयोजित 'इंडिया सस्टेनेबल एविएशन समिट' में बोलते हुए मंत्री नायडू ने बताया कि एसएएफ देश के लिए बड़े आर्थिक अवसर पैदा करता है। उन्होंने अनुमान लगाया कि भारत में 2040 तक सालाना करीब एक करोड़ टन एसएएफ का उत्पादन करने की क्षमता है, जिसके लिए 70-85 अरब डॉलर (लगभग 5.8 से 7.1 लाख करोड़ रुपये) के भारी निवेश की आवश्यकता होगी।

वैश्विक इस्पात संकट-टाटा स्टील को दोहरी चुनौती,ब्रिटेन और नीदरलैंड से मदद की गुहार

जमशेदपुर ।

वैश्विक इस्पात कारोबार में जारी उथल-पुथल के बीच, टाटा स्टील ब्रिटेन और नीदरलैंड की सरकारों से सक्रिय हस्तक्षेप और वित्तीय सहायता की मांग कर रही है। कंपनी ब्रिटेन में आयातित इस्पात के बड़े भंडार से जूझ रही है, वहीं नीदरलैंड में अपने संयंत्र को हरित इस्पात उत्पादन में बदलने के लिए सरकारी मदद पर निर्भर है। इस वैश्विक संकट का मुख्य कारण चीन की तरफ से जरूरत से अधिक इस्पात की आपूर्ति को बताया जा रहा है। टाटा स्टील के एक अे धिकारी ने बताया कि अमेरिकी और यूरोपीय संघ द्वारा व्यापार बाधाएं बढ़ाने के बाद ब्रिटेन में इस्पात का बड़ा भंडार जमा हो गया था, क्योंकि उस समय वहां आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं था। हालांकि अब आयात बंद हो गया है, कंपनी ब्रिटेन सरकार के साथ इस मौजूदा भंडार से निपटने के लिए समर्थन पर विशेष बातचीत कर रही है। इसी के साथ, कंपनी नीदरलैंड में अपने संयंत्र को स्वच्छ इस्पात निर्माण में बदलने के लिए वहां की सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए भी बातचीत कर रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह हरित बदलाव सरकारी समर्थन और वित्तपोषण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने वैश्विक इस्पात कारोबार में मौजूदा उथल-पुथल का मुख्य कारण चीन की जरूरत से ज्यादा आपूर्ति को बताया।

ग्लोबल मार्केट में शुरू हुई आईफोन डूओ 2 की सेल

नई दिल्ली ।

दिग्गज टेक कंपनी एप्पल के पहले फोल्डेबल स्मार्टफोन की सेल पिछले महीने भारत समेत ग्लोबल मार्केट में शुरू हुई है। इस फोल्डेबल फोन के अगले मॉडल आईफोन डूओ 2 से जुड़ी जानकारियां सामने आने लगी हैं।

ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन ने दावा किया है कि एप्पल अपने नेक्स्ट जेनरेशन आईफोन डूओ पर काम कर रहा है। इसे वी 78 इंटरनल कोडनेम के साथ टेस्ट किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, एप्पल के अपकमिंग फोल्डेबल फोन में कंपनी फेस फेस आई और एक्शन बटन भी जोड़ने वाली है। इस फोल्डेबल फोन को अगले साल सितंबर में लॉन्च किया जा सकता है। इस एक्शन बटन को मौजूदा कैमरा कंट्रोल बटन के साथ रिप्लेस किया जा सकता है। मार्क गुरमन ने ये भी दावा किया है कि अपकमिंग फोल्डेबल फोन आईफोन डूओ 2 में कंपनी एक डेडिकेटेड टेलीफोटो कैमरा इस्तेमाल करेगी। इस डिवाइस को मौजूदा आईफोन डूओ के मुकाबले पतला और हल्का बनाया जा सकता है। एप्पल के इंजीनियर्स पहले फोल्डेबल फोन के यूजर्स से मिले फीडबैक के आधार पर ये बदलाव करने वाला है। एप्पल के पहले फोल्डेबल फोन आईफोन डूओ को इस साल सितंबर में लॉन्च किया गया है। इसकी कीमत 2,99,900 रुपये से शुरू होती है। इसके फीचर्स की बात करें तो इसमें 7.6 इंच का सुपर रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले दिया गया है। इसके अलावा फोन में 5.4 इंच का कवर डिस्प्ले मिलता है। फोन का डिस्प्ले 120एचझेड रिफ्रेश रेट और 3000 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट करता है। एप्पल के पहले फोल्डेबल आईफोन के डिस्प्ले की प्रोटेक्शन के लिए सिरैमिक शील्ड दिया गया है। यह फोल्डेबल फोन भी आईफोन 18 प्रो सीरीज की तरह ही नए ए20 प्रो चिप के साथ आता है, जो 2एनएम टेक्नोलॉजी पर काम करता है। इसे 256जीबी से लेकर 2टीबी स्टोरेज वेरिएंट्स में पेश किया गया है। आईफोन डूओ के बैक में डुअल कैमरा सेटअप मिलता है। इसमें 48एमपी का फ्यूजन कैमरा दिया गया है। इसके अलावा एक 48एमपी का टेलीफोटो कैमरा मिलेगा, जो 2गुणा ऑप्टिकल जूम को सपोर्ट करता है।

ईंधन और बिजली की कीमतों में तेजी से बढ़ी महंगाई

मुंबई ।

ईंधन और बिजली की कीमतों में तेजी के कारण देश में एक महीने के भीतर थोक कीमतों में महंगाई का स्तर और ऊपर चला गया है। अक्टूबर में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 12.29 फीसदी पर पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 11.39 फीसदी थी। इसकी सबसे बड़ी वजह ईंधन और बिजली की कीमतों में आई तेजी को माना जा रहा है। वहीं चीजों की महंगाई में मामूली राहत भी मिली है, लेकिन कुल महंगाई के आंकड़े आम लोगों को चिंतित कर रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 113.3 हो गया। सितंबर में यह 112.5 था। इस सूचकांक का आधार वर्ष 2022-23 है। आंकड़े बताते हैं कि ईंधन और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने थोक महंगाई को ऊपर खींचने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। अक्टूबर में ईंधन और बिजली श्रेणी की महंगाई दर बढ़कर 32.84 फीसदी हो गई, जो सितंबर में 25.85 फीसदी थी। इस श्रेणी का सूचकांक भी सितंबर के 110.5 से बढ़कर अक्टूबर में 115.7 पर पहुंच गया। खनिज तेल, कच्चा पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही।इसके अलावा प्राथमिक वस्तुओं की महंगाई दर भी बढ़ी है। सितंबर में यह 8.67 फीसदी थी, जो अक्टूबर में बढ़कर 9.24 फीसदी हो गई। वहीं, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर में थोड़ी राहत देखने को मिली। यह सितंबर के 9.76 फीसदी से घटकर अक्टूबर में 9.54 फीसदी पर आ गई। खाद्य महंगाई के मोर्चे पर अक्टूबर में हल्की राहत मिली है। डब्ल्यूपीआई फूड इंडेक्स के मुताबिक, खाद्य महंगाई दर सितंबर के 8.66 फीसदी से घटकर अक्टूबर में 8.58 फीसदी रह गई। इस सूचकांक में प्राथमिक श्रेणी की खाद्य वस्तुओं के साथ विनिर्मित खाद्य उत्पाद भी शामिल होते हैं। हालांकि, खाद्य महंगाई अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं, धातुओं, रसायनों, कपड़ों और रबर-प्लास्टिक उत्पादों की कीमतों ने भी थोक महंगाई को बढ़ाने में योगदान दिया। सरकार ने अगस्त 2026 के लिए थोक महंगाई के अंतिम आंकड़े को 9.92 फीसदी पर बरकरार रखा है।

रिमोट वर्कर के 60,000 रुपये के खर्चों ने चौंकाया,युवती खुद हैरान!

रिमोट कॉर्पोरेट वर्कर के साथ कंटेंट क्रिएटर और फीलांसर भी है युवती

नई दिल्ली ।

घर से काम करने की सुविधा और लचीलापन कई युवाओं को अपनी ओर खींचता है, लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि आपके खर्चे भी कम हो जाएंगे? सोशल मीडिया पर एक 25 वर्षीय रिमोट वर्कर युवती ने अक्टूबर महीने के अपने खर्चों का ब्यौरा साझा किया है, जिसने उसे खुद भी हैरान कर दिया। उसके खर्चों का आंकड़ा 60,282 रुपये तक पहुंच गया, जबकि उसे 40-45 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान था। युवती, जो एक रिमोट कॉर्पोरेट वर्कर होने के साथ-साथ कंटेंट क्रिएटर और फ्रीलांसर भी है, ने अपने वीडियो में अक्टूबर के खर्चों का पूरा हिसाब दिया। खर्चों में सबसे बड़ा हिस्सा इंस्टामार्ट पर 14,307 रुपये का था, जिसमें ओट्स, चिकन ब्रेस्ट और ग्रीक योगर्ट जैसी चीजें शामिल थीं। घर के खर्चों में योगदान के तौर पर उसने 15,000 रुपये दिए, जिसमें राशन, घरेलू सहायिका आदि शामिल थे।

बाहर से खाना मंगाने और रेस्टोरेंट में खाने पर 5,600 रुपये, जबकि वाई-फाई, बिजली और मोबाइल बिल पर 1,841 रुपये खर्च हुए। परिवहन (रैपिडो, बाइक, पेट्रोल) पर 3,978 रुपये और खुद व मां के लिए शॉपिंग पर 7,255 रुपये खर्च किए गए। सब्सक्रिप्शन, किचन का सामान और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स पर कुल 12,301 रुपये का खर्च आया।

सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली ! दुनिया में अशांति फैलाने वाले डोनाल्ड ट्रंप-Xi करेंगे शांति की बात



नीरज कुमार दुबे

हर साल नोबेल शांति पुरस्कार पाने की ख्वाहिश जाहिर करने वाले डोनाल्ड ट्रंप की शांति वाली मंशा पर सवाल उठना लाजिमी है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले संबोधन में दुनिया को युद्धों से मुक्त कराने और शांति स्थापित करने का वादा करने वाले ट्रंप की नीतियां इसके ठीक उलट दिशा में जाती दिखाई दी हैं।

दुनिया में वैसे तो तमाम तरह के विरोधाभास देखने को मिलते रहे हैं, लेकिन अब दुनिया की तीन सबसे बड़ी शक्तियां खुद एक ऐसा कदम उठाने जा रही हैं, जिसे इस दौर का सबसे बड़ा विरोधाभास कहा जा सकता है। दुनिया को युद्ध, तनाव और टकराव की आग में झोंकने वाली ये तीनों ताकतें अब एक मंच पर बैठकर शांति और वैश्विक स्थिरता पर चर्चा करने जा रही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की इस प्रस्तावित मुलाकात को लेकर पूरी दुनिया में उत्सुकता है। उत्सुकता इसलिए है क्योंकि ट्रंप लगातार ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकियां दे रहे हैं, पुतिन लगभग पांच साल से यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे हैं और जिनपिंग ताइवान से लेकर दक्षिण चीन सागर तक अपनी सैन्य और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं से पड़ोसी देशों की चिंता बढ़ा रहे हैं, लेकिन अब यही तीनों नेता दुनिया को शांति का रास्ता दिखाने के लिए एक साथ बैठेंगे। ऐसे में सवाल सिर्फ इस बैठक के एजेंडे का नहीं, बल्कि इसके पीछे छिपे उन सामरिक और रणनीतिक उद्देश्यों का भी है, जिनका असर आने वाले समय में पूरी दुनिया की राजनीति पर पड़ सकता है।

देखा जाये तो हर साल नोबेल शांति पुरस्कार पाने की ख्वाहिश जाहिर करने वाले डोनाल्ड ट्रंप की शांति वाली मंशा पर सवाल उठना लाजिमी है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले संबोधन में दुनिया को युद्धों से मुक्त कराने और शांति स्थापित करने का वादा करने वाले ट्रंप की नीतियां इसके ठीक उलट दिशा में जाती दिखाई दी हैं। ईरान के साथ सैन्य टकराव, अमेरिकी हमले और तेहरान के जवाबी पलटवार ने पूरे मध्य पूर्व को बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया। इस संघर्ष ने न केवल बड़ी संख्या में लोगों की जान ली, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जेब पर भी महंगाई का बोझ बढ़ाया। ईरान को लेकर ट्रंप का लगातार बदलता रुख कभी सैन्य धमकियों, कभी अधिकतम दबाव और कभी बातचीत की पेशकश के रूप में सामने आता रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि शेनझेन में होने वाली बैठक ट्रंप की वास्तविक शांति पहल है या फिर दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के मुखिया के रूप में अपना दबदबा स्थापित करने का एक और मंच है?



दूसरी तरफ व्लादिमीर पुतिन हैं। यूक्रेन के साथ रूस का युद्ध लगभग पांच साल पूरे करने की तरफ बढ़ रहा है। अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है, कई शहर तबाह हुए हैं और यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था दशकों के सबसे बड़े संकट से गुजर रही है। जिस युद्ध को रूस ने अपनी सुरक्षा और रणनीतिक हितों का सवाल बताकर शुरू किया था, वह अब वैश्विक शक्ति संतुलन की सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल हो चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि पुतिन शांति की बातचीत में क्या प्रस्ताव लेकर पहुंचेंगे? क्या वह युद्ध समाप्त करने का रास्ता तलाशेंगे या अपनी सैन्य कार्रवाई से हासिल किए गए क्षेत्रीय और राजनीतिक लाभ को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने की कोशिश करेंगे?

पुतिन के लिए इस बैठक का एक बड़ा फायदा यह भी है कि अमेरिकी और चीनी राष्ट्रपति के साथ एक ही मंच पर बैठना रूस की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को नई वैधता और प्रतिष्ठा दे सकता है। देखा जाये तो यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों की ओर से रूस को अलग-थलग करने की कोशिशों के बीच यह तस्वीर मॉस्को के लिए अपने आप में बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि होगी।

कथित शांति की चाह रखने वाले तीसरे खिलाड़ी शी जिनपिंग हैं। देखा जाये तो चीन एक तरफ खुद को वैश्विक शांति और सहयोग का समर्थक बताता है, दूसरी तरफ ताइवान को लेकर उसकी सैन्य और राजनीतिक धमकियां लगातार क्षेत्रीय तनाव बढ़ाती हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन की विस्तारवादी गतिविधियां फिलीपींस, वियतनाम और अन्य पड़ोसी देशों की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती रही हैं। समुद्री क्षेत्रों पर दावेदारी, सैन्य ठिकानों का विस्तार और क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ मजबूत करने की कोशिशें चीन की महत्वाकांक्षाओं को उजागर करती हैं। सवाल है कि ताइवान और दक्षिण चीन सागर में दबाव की राजनीति करने वाले जिनपिंग शेनझेन में किस तरह की शांति व्यवस्था की बात करेंगे? क्या चीन अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं पर कोई समझौता करने के लिए तैयार है?

देखा जाये तो इस बैठक के मायने केवल शांति की अपील तक सीमित नहीं हैं। इसके पीछे परमाणु हथियारों का संतुलन, वैश्विक सैन्य वर्चस्व, आर्थिक हित और नई विश्व व्यवस्था की लड़ाई भी छिपी है। अमेरिका चाहता है कि चीन भी परमाणु हथियारों पर नियंत्रण से जुड़ी बातचीत में शामिल हो। रूस के साथ अमेरिका की पुरानी परमाणु हथियार नियंत्रण व्यवस्था समाप्त हो चुकी है और वाशिंगटन अब बीजिंग को भी इस व्यवस्था का हिस्सा बनाना चाहता है। लेकिन चीन के परमाणु हथियारों का भंडार अमेरिका और रूस की तुलना में काफी छोटा है। ऐसे में जिनपिंग क्यों ऐसी बातचीत में शामिल होंगे जिसमें उनकी सामरिक बढ़त के बजाय उनकी शक्ति को सीमित करने पर चर्चा हो?

देखा जाये तो पुतिन के लिए यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका के साथ सीधे संवाद का रास्ता महत्वपूर्ण है, जबकि जिनपिंग के लिए यह साबित करने का अवसर है कि दुनिया की बड़ी शक्तियों के बीच किसी भी नए वैश्विक समीकरण में चीन की भूमिका निर्णायक होगी। वहीं ट्रंप के लिए यह मुलाकात अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी नेतृत्व क्षमता और कूटनीतिक प्रभाव दिखाने का मौका है।

साथ ही इस बैठक को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या दुनिया की व्यवस्था अब तीन महाशक्तियों के आपसी समझौतों से तय होगी? क्या छोटे देशों की संप्रभुता, उनकी सुरक्षा और उनके भविष्य पर भी इन तीनों की बातचीत का प्रभाव पड़ेगा? यूक्रेन, ताइवान और दक्षिण चीन सागर से जुड़े देशों की चिंता इसी वजह से बढ़ रही है। कहीं यह मुलाकात 1945 के याल्टा सम्मेलन जैसी किसी नई वैश्विक शक्ति व्यवस्था की शुरुआत तो नहीं बनने जा रही, जहां बड़ी ताकतें अपने हितों के अनुसार दुनिया के प्रभाव क्षेत्रों का निर्धारण करने लगें?

बहरहाल, तीन नेता, तीन महाशक्तियां और पूरी दुनिया के भविष्य से जुड़े कई बड़े सवाल सामने हैं। शांति की मेज पर आमने-सामने बैठने जा रहे इन तीनों नेताओं की असली परीक्षा इस बात से होगी कि वे अपनी सामरिक महत्वाकांक्षाओं और वैश्विक वर्चस्व की होड़ से कितना पीछे हटने को तैयार हैं। क्या ट्रंप, पुतिन और जिनपिंग दुनिया को शांति का नया रास्ता दिखा पाएंगे या उनकी यह मुलाकात भी महज कूटनीतिक शक्ति प्रदर्शन बनकर रह जाएगी? अंत में एक बार फिर से वही सवाल उठता है कि जो नेता अपने-अपने मोर्चों पर तनाव और टकराव की राजनीति कर रहे हैं, क्या वे वास्तव में दुनिया को अशांति से बाहर निकालने का इरादा रखते हैं?

संपादकीय

एआई के संकल्प

ऐसे वक्त में जब दुनिया में तकनीकी वर्चस्व वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के केंद्र में आ गया है, 'सैन 'फ्रांसिस्को घोषणा' के गहरे निहितार्थ और महत्व को समझना कठिन नहीं है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस घोषणा पर अमेरिका और भारत सहित नौ अन्य विकसित देशों ने हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता इस बात पर जोर देता है कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के बल पर ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वैश्विक आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर घोषणा का एक अघोषित उद्देश्य इस उभरती हुई नई प्रौद्योगिकी में चीन के निरंतर बढ़ते दबदबे का मुकाबला करना भी है। चीन ने एक सुनियोजित ढंग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में व्यापक और दीर्घकालीन निवेश किया है। इसमें दो राय नहीं कि उसकी उपलब्धियां अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देने वाली हैं। यही वजह है कि अमेरिका ने 'सैन फ्रांसिस्को घोषणा' को हकीकत बनाने को प्राथमिकता दी है। अमेरिका दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका के चलते इस दौर को 'सुपर इंटेलिजेंस युग' का नाम देता है। अमेरिका की 'पैक्स सिलिका' पहल एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करती है कि दुनिया का कोई भी देश अकेले बूते पर बेहद जटिल प्रक्रिया वाले एआई इकोसिस्टम की हर कड़ी को सुरक्षित नहीं कर सकता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर निर्माण से लेकर ऊर्जा नेटवर्क और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक, तकनीकी प्रगति आपस में जुड़ी वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भर करती है। इस शृंखला में किसी भी तरह का अवरोध किसी भी देश के आर्थिक ढांचे को गहरे तक प्रभावित कर सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो इन नेटवर्कों में यदि किसी भी तरह का व्यवधान पैदा होता है तो उसके दूरगामी आर्थिक और भू-राजनीतिक दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। जो किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिये, इस सुपर इंटेलिजेंस युग वाले दौर में तमाम चुनौतियां खड़ी कर सकता है। निश्चित रूप से 'सैन फ्रांसिस्को घोषणा' पर भारत का हस्ताक्षर करना एआई के दौर में हमारी उपलब्धियों की वैश्विक स्वीकार्यता का ही परिचायक है। भारत के लिए अमेरिका और अन्य विकसित देशों के साथ शामिल होना जहां एक ओर अच्छा रणनीतिक अवसर है, वहीं देश को जिम्मेदारियों का अहसास भी कराता है। भारत हालिया वर्षों में एक उभरते हुए टेक्नोलॉजी बाजार के रूप में सामने आया है। भारत की महत्वाकांक्षा वैश्विक सेमीकंडक्टर और मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की रही है। हाल के वर्षों में भारत ने आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और कई मध्यपूर्व के देशों के साथ मजबूत व्यापारिक साझेदारियां की हैं। जाहिर तौर पर ये विकसित व मजबूत आर्थिक देश जब कोई साझेदारी करते हैं तो उन्हें कुछ पाने की ही उम्मीद होती है। ऐसे में भारत इन मजबूत साझेदारियों, विभिन्न आपूर्ति शृंखलाओं, निवेश और उन्नत तकनीकों का बेहतर ढंग से लाभ उठा सकता है। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि इन भरोसेमंद साझेदारों के साथ सहयोग करने से भारत पहले की तरह चंद देशों पर अत्यधिक निर्भरता कम कर सकता है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में एक देश पर निर्भर रहना आर्थिक संप्रभुता के लिये चुनौती बन सकती है। ऐसे में नये भरोसेमंद साझेदारों के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मदद मिल सकती है। विडंबना यह भी है कि यह घोषणा ऐसे समय में सामने आई है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति की अगुवाई करने वाली शीर्ष कंपनियों में से एक-एनवीडिया विवादों में घिरी है और उसके शेयरों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

चिंतन-मनन

समता की अनुभूति

मनोबल के विकास का दूसरा सूत्र बताया गया है- स्व दर्शन समता का दर्शन या परमात्मा का दर्शन। प्रांस की यूनिवर्सिटी का एक प्रोफेसर अहंकार में आकर बोला, मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आदमी हूं। किसी ने पूछ लिया- यह कैसे? उसने कहा, प्रांस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है। पेरिस प्रांस का सर्वश्रेष्ठ नगर और हमारा विश्वविद्यालय हमारे नगर का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र। दर्शन का विभाग उसमें सर्वश्रेष्ठ। मैं उसका अध्यक्ष। इसलिए मैं सर्वश्रेष्ठ आदमी। यह कैसा गणित है! हमारी दृष्टि जब दूसरों की ओर जाती है तो यही निष्कर्ष निकलता है कि हम दूसरों को काटते जाते हैं, तोड़ते जाते हैं और दूसरों के संदर्भ में हम अपने को सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठापित करते जाते हैं। इसके अतिरिक्त कोई निष्कर्ष निकलता ही नहीं है। जब स्व-दर्शन में आदमी आता है तो उसे अनुभव होता है कि न प्रांस सर्वश्रेष्ठ, न पेरिस सर्वश्रेष्ठ, न विश्वविद्यालय सर्वश्रेष्ठ, न दर्शन का विभाग सर्वश्रेष्ठ और न विभागाध्यक्ष। सब समान है। सब व्यक्ति समान, सब देश समान, सब राष्ट्र समान और सब आत्माएं समान। जो समता के क्षण में जाता है, उसे यह नहीं लगता कि यह अलग, वह अलग। उसे लगता है कि सब मेरे-जैसे हैं। यह समान ही समान का गणित ऐसा चलता है कि अनन्त में से अनंत निकालो तो भी पीछे अनन्त ही रहेगा। अनन्त में अनन्त मिलाओ तो भी अनन्त ही रहेगा। समता में मिलाते जाओ, निष्कर्ष समता। यह समता की अनुभूति जब जागती है, तब एक विचित्र अनुभव होता है। उसे जगाने का जो सूत्र है, वह मनोबल को जगाने का परम सूत्र होता है।

मानवीयता: सलाखों के पीछे इमरान और शहबाज शरीफ के हवाई सपने



दिलीप कुमार पाठक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, जो कभी पाकिस्तान का सबसे लोकप्रिय चेहरा हुआ करते थे और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाक का प्रतिनिधित्व करते थे, आज जेल की तन्हाई में अपनी जिंदगी की गुहार लगा रहे हैं। अदियाला जेल की चारदीवारी से आए उनके संदेश ने पूरे पाकिस्तान को बेनकाब करने के साथ-साथ मानवता को भी झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आशंका जताई है कि जिस तरह के हालात में उन्हें रखा गया है और जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं, उससे उनका जिंदा वापस लौट पाना मुश्किल है। पाकिस्तान की राजनीति के इस खौफनाक सच के ठीक उलट, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देश और दुनिया को यह सपना दिखा रहे हैं कि पाकिस्तान जल्द ही दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने वाला है।

हाल ही में पाकिस्तान के मिनरल्स इन्वेस्टमेंट फोरम में बोलते हुए पीएम शहबाज शरीफ ने एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि गोल्डमैन सैक्स की एक पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान साल 2075 तक दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन वे इसमें थोड़ा सुधार करना चाहते हैं। मियां शहबाज के मुताबिक, यह चमत्कार 2075 तक नहीं बल्कि साल 2050 से भी पहले हो जाएगा।

अब इन दावों की हकीकत की पड़ताल करते हैं तो कुछ और ही सच सामने आता है। 130 अरब डॉलर से ज्यादा के विदेशी कर्ज के बोझ तले दबे और आईएमएफ तथा चीन की बैसाखियों पर टिके रहने वाले जिस देश का विदेशी मुद्रा भंडार हर दूसरे दिन सुर्खियों में रहता हो, वहां 2050 तक दुनिया की शीर्ष छह अर्थव्यवस्था बनने का सपना देखना सिर्फ एक छलावा ही है। जिस मुल्क में रोजमर्रा की बुनियादी चीजें दुर्लभ हो चुकी हों और महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी हो, वहां इस तरह के हवाई किले बनाने पर खुद देश-दुनिया के विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं कि क्या तब तक पाकिस्तान नाम का वजूद बचेगा भी या नहीं?

यह भी किसी से छिपा नहीं है कि पड़ोसी देश की इस खस्ताहाली के पीछे असल खेल किसका है। पाकिस्तान के कॉर्पोरेट दिग्गजों, बड़े ब्यूरोक्रेट्स और सियासतदानों ने मिलकर इस पूरी अर्थव्यवस्था को अंदर से खोखला कर दिया है। पाकिस्तान की जनता महंगाई की चक्की में पिसती है, और हुक्मरान लूट का काला धन ठिकाने लगाकर लंदन और दुबई में अपने बच्चों के नाम पर आलीशान फ्लैट और बंगले खरीद चुके हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि जिस दिन वहाँ की अवाम का सब्र टूटेगा, ये सबसे पहले देश छोड़कर भाग खड़े होंगे। लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं।

इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में वहां की युवा पीढ़ी के सामने सेना और हुकूमत का गढ़ा हुआ पुराना प्रोपोगंडा बेनकाब हो चुका है। आज पाकिस्तान का युवा न्यूट्रल इतिहास खंगाल रहा है और यह सच जान रहा है कि कैसे चंद लोगों ने अपनी तिजोरियों के लिए पूरे देश को कर्ज के दलदल में धकेल दिया है।

इमरान खान के साथ जिस तरह का क्रूरता की जा रही है और मानवीय संवेदनाओं को ताक पर रखा जा रहा है, वह पाकिस्तान की अंदरूनी सड़न को पूरी तरह उजागर करता है। अगर जेल के भीतर कुप्रबंध या प्रताड़ना के चलते इमरान खान को कुछ हो गया, तो यह पाकिस्तान की जर्जर होती व्यवस्था और तानाशाही के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। फिर दुनिया की छठी अर्थव्यवस्था बनने के हवाई दावे तो दूर, पाकिस्तान खुद ही बिखर जाएगा। जनता के भीतर सुलगती यह विद्रोही आग एक न एक दिन फटेगी जरूर, और तब इन सत्ता के ठेकेदारों का क्या होगा, यह वक्त तय करेगा।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

पर्व का एक ही मकसद भाईचारा और ईश्वर पर विश्वास रखना है



संजय गोस्वामी

हर पर्व का एक ही मकसद है आपसी भाईचारा व आपस में प्रेम और ईश्वर पर श्रद्धा रखना लेकिन यह भी देखने को मिलता बढ़िया से बढ़िया करने की होड़ ताकि मेरा बाहबाही हो सके और मेरा पताका लहरे आप भगवान राम से सीखें जिसके राज़ पाठ की तैयारी हो रही है उसे 14 वर्ष के वनवास मिलता है जिसे वो पिताजी ही नहीं माता कैकई का भी आदेश समझते हैं अपनी इक्छा त्याग कर दि और 14 वर्ष के वनवास के लिए चल दिए साथ आई माता सीता और भ्राता लक्ष्मण जिसे उसकी आज्ञा नहीं मिली लेकिन उन्होंने उन्हें दिलासा या रोने से अच्छा साथ चलना तय किया, इससे आपको यह सीख मिलती है कि आप किसी के दुःख में साथ चलकर ही आपकी असली परीक्षा होती है आजकल लोग इतना परेशान क्यों हैं किसी पर आफत आई तो मोबाइल या व्हाट्सप्प से दुःख जाता दिया लेकिन उसके साथ नहीं गए मान लीजिये आपके सामने क़ोई एक्सीडेंट से गिर गया और खून निकल रहा है तो आप उसके परिवार से बात कर और उसे गुस्सा दिलाएंगे इसलिए आपको तुरंत पहले उसे किसी नजदीकी अस्पताल में भर्ती करना चाहिए जो आप करेंगे तो उसका भला होगा, अधिकांश लोगों में याद करें क़ोई आखिर प्रेम एक दूसरे से टूटता क्यों है इसका सबसे बड़ा कारण आशा, आशा के अनुरूप आपका हक़ नहीं मिला तो निराशा हो जाता है मान लीजिये किसी ने पूर्ण कॉन्फिडेंस से कहा आपको लड़का ही होगा और लड़की हुई आप निराश हो गए फिर लोगों का ताना ऐसे लोगों से संपर्क काट दीजिये, भगवान राम का ध्यान कीजिये शांति मिलेगी आखिर अयोध्या में कितने लोग थे क़ोई और क्यों नहीं गया क्योंकि लोगों को मालूम ही नहीं था भगवान विष्णु ने रावण का संहार करने के लिए मनुष्य के रूप में जन्म लिया है जब भी पृथ्वी पर संकट आया तो ब्रम्हा, विष्णु, महेश आपस में एक जुट हुए और भगवान विष्णु बुद्धि में काफी चतुर थे जब रावण के अधर्म से सभी साधु संत, हवन पूजा पाठ नहीं कर पा रहे थे रावण का संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने ही कहा मैं राजा दशरथ के घर में आम मनुष्य की तरह राम के रूप में जन्म लूंगा और उसका संहार करूँगा क्योंकि रावण मनुष्य को तुकक्ष समझकर उसे इतना कमजोर समझ लिया कि उसका संहार वो कर नहीं सकता है और ये ही भूल उसके मौत का कारण बनेगी और धर्म की स्थापना होंगी अतः उन्होंने ही राम के रूप में जन्म लिया और अंत में उसका संहार किया इसलिए धर्म है तभी किसी को परेशान करने की सज़ा बीमारी के रूप में मिलती है लोग क्या कहेंगे उस बात को ध्यान ना डो आज वर्ष 2026 चल रहा है उससे पहले भी हजारों वर्ष होंगे और आप औसतन 75-85 वर्ष ही ज़ी पाते है इसलिए जब उम्र 50-55 का हो तो भगवान राम को जानने की कोशिश कीजिये क्योंकि उसे पाने के लिए भी आपको 20-25 साल लग जायेंगे और यदि आप उस समय नहीं ध्यान दिए तो अंत में इतना समय नहीं होगा कि राम का भी सही से उच्चारण होगा मरते दम तक आदमी यही सोचता है अभी और जियेंगे लेकिन हकीकत उसकी उलटी है माया से आपके आँखों पर पट्टी बँधी है इसलिए अब तो अपनी आँखे खोलो और अपना भविष्य खुद तय करो।

आप सोचते हैं जिस संकट सै शायद आप मैं गुजरा है दूरसा रहता तो भाग जाता, किसी निवास स्थान पर सिलिंडर में आग लगा लोग यही सोचते हैं मुझे फ्रीज़ टी वी, पलंग, आदि भौतिक वस्तु की चिंता है और उसमें आपका विवेक शून्य हो जाता है और बुझाने के चक्कर में आप इतना भी नहीं सोचते आग है इससे खेल नहीं करना चाहिए देवता है प्रणाम कर बाहर निकल जायेंगे तो बच जायेंगे एक उम्र 50-55 के बाद तनाव मत लो नार्मल की तरह काम करो क्योंकि आपको आगे दूसरी और समस्या आएगी और वों शायद ज्यादा जरुरी होगा एक आदमी लगभग इसी उम्र में किसी सरकारी कार्यलय में पदोन्नति हेतु 2महीने की छुट्टी ले लिया और मैं पूछा उससे क्या होगा प्रमोशन होगा पैसा बढ़ेगा भाई साहब अब पैसा बढ़ भी गया तो क्या होगा, तुरंत कहा बच्चे के लिए काम आएगा मैंने पूछा आपका बच्चा कितना प्रेम करता है बोला नहीं सब अपने मन का है मैंने बोला भाई तनाव होगा नींद नहीं आएगी और दुनिया इतनी बेबकूफ नहीं है कि आपको आसानी से यह मिल जाएगा अतः भगवान राम का ध्यान करो बच्चों को भी संस्कार डो देखो राम कैसे आपका तकदीर बदल देगा क्योंकि वही एक परमात्मा है जिसने मर्यादा का पालन करना और अन्याय के खिलाफ लड़ेगा डरने नहीं देगाआपकी सबसे बड़ी कमजोरी है डर जो या तो डाकियानुसी सोच के कारण है या फिर गन्दे और घटिया वातावरण के कारण है भगवान इतना देगा कि आप ले नहीं सकोगे वों थोड़ा सा ज्यादा के लिए आपको नाको चना चबाने पर मजबूर कर देगा और यदि 1परसेंट भी चांस नहीं होने का होगा तो आप पर क्या बीतेगी इसलिए आप शांति से सामान्य काम करते हुए लोककल्याण हेतु अपना समय दे अधिकतर समय माता पिताजी की सेवा में लगा दे क्योंकि यही एक सही अवसर है जिसमें आप उनकी सेवा कर रहे होंगे प्रमोशन उस तरह नहीं जब माता का भंडारा लगता है सब माँ का भजन कीर्तन करते हैं जब प्रसाद खाना होता है तो माँ ये नहीं देखती यह खुब भजन किया हैं इसलिए ये ज्यादा खायेगा और जब कुछ भी नहीं बोला वों कुछ नहीं खायेगा अतः वहाँ सच्चा ईश्वर है जो किसी से भेदभाव नहीं करता है और यदि किसी के जिहजूरी से मिल भी गया तो अहसान लेने की क्या जरुरत है आप स्लीपर में बैठते हो तो क़ोई ये नहीं पूछता है की आप एस1 में हो या एस-12 बौगी में या आगे सिट है या पीछे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, इसलिए सोच को बदलो समय के साथ चलो और उतना ही करो जितना कर सकते हो दूसरे को भी करने का मौका डो भले ही किसी ने पैर फैलाकर बैठ कर फेल कर दिया क्योंकि वो समय तुम्हारा नहीं था जब समय का पहिया घूमेगा तो उसे भी कभी इसी समस्या से जूझना पड़ेगा जब अस्पताल में अपने जीवन का अंतिम समय नजदीक आएगा इसलिए चिंता अब तुम्हे नहीं अब उसे काटने की जरुरत क्योंकि काल आज ना कल उसके पास आएगा.आखिर रावण क्यों मारा गया क्योंकि दूसरे की बात में आकर अपने विवेक से काम नहीं लिया जो बहन सूर्पनखा ने कहा उसी पर विचार कर अधर्म का सबसे बुरा मार्ग पर चल कर विवेक खो दिया,एक दिन, ऋषि विश्वामित्र दशरथ के पास आते हैं और उनसे कहते हैं कि वे राम को अपने साथ ले जाना चाहते हैं, ताकि एक यज्ञ के दौरान उनकी सुरक्षा की जा सके। राम को 14 वर्ष का वनवास से राजा दशरथ का मन अत्यंत दुखी हो जाता है, वे अपने पुत्र शोक में दुःखी होकर प्राण त्याग देते हैं लेकिन वो राम के साथ लक्ष्मण को भी भेज देते हैं। राम के साथ यात्रा करते हुए, विश्वामित्र उन्हें ताड़का नाम की एक राक्षसी की कहानी सुनाते हैं, जो यात्रियों को खा जाने की धमकी देती है। विश्वामित्र राम को उस राक्षसी का वध करने का निर्देश देते हैं। राम ऐसा ही करते हैं, और देवता विश्वामित्र से कहते हैं कि वे राम को अस्त्र-शस्त्रों का ज्ञान दें। यज्ञ स्थल पर पहुँचने से पहले, विश्वामित्र लड़कों को कई और कहानियाँ सुनाते हैं। जब ऋषि-मुनि यज्ञ शुरू करते हैं, तो राम उन्हें सुरक्षा का आश्वासन देते हैं और अपने धनुष से वहाँ आए राक्षसों पर बाण चलाते हैं। इसके बाद, विश्वामित्र लड़कों को मिथिला नगरी ले जाते हैं। जब वे नगर में प्रवेश करते हैं, तो राम की नज़र बालकनी में खड़ी एक सुंदर युवती, सीता पर पड़ती है, जिसे देखते ही उससे प्रेम हो जाता है। अगले दिन, राम की भेंट राजा जनक से होती है। जब जनक राम को देखते हैं, तो उन्हें अफ़सोस होता है कि राम उनकी बेटी से विवाह नहीं कर सकते। इसलिए, वे एक शर्त रखते हैं कि जो भी उनकी पुत्री से विवाह करना चाहता है, उसे भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाना होगा और उस पर प्रत्यंचा (डोरी) चढ़ानी होगी। विश्वामित्र पूछते हैं कि क्या राम उस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं। राम न केवल धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं, बल्कि उसे तोड़ भी देते हैं। एक दासी सीता को यह बात बताती है, और यह जानकर कि राम ने उन्हें जीत लिया है, सीता अत्यंत प्रसन्न हो जाती हैं। जनक, दशरथ को मिथिला में होने वाले विवाह समारोह में आमंत्रित करते हैं। समारोह के बाद, वे कोसल राज्य की राजधानी अयोध्या लौट आते हैं। देवदत्त पटनायक कहते हैं, सीता इसलिए घरेलू और पतिव्रता हैं क्योंकि राम उन पर ध्यान देते हैं। ताड़का इसलिए उग्र स्वभाव की हैं क्योंकि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है और उनका किसी एक पुरुष से कोई संबंध नहीं है। ठीक वैसे ही, जैसे खेत को संभालने की पूरी जिम्मेदारी किसान पर होती है।

राम और सीता के विवाह के बारह वर्ष बीत जाने पर, दशरथ राम का राज्याभिषेक करने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इस महत्वपूर्ण घटना की पूर्व संध्या पर, कैकेयी उन दो वरदानों की मांग करती हैं, जो दशरथ ने उन्हें बहुत पहले देने का वचन दिया था। वह मांग करती हैं कि राम को चौदह वर्षों के लिए वनवास भेज दिया जाए और उनके पुत्र को राज्य का उत्तराधिकारी बनाया जाए। राम अपने पिता के इस कठिन निर्णय को अत्यंत संयम और धैर्य के साथ स्वीकार कर लेते हैं; यह उनके नैतिक चरित्र को दर्शाता है, जो पूरी कथा में बना रहता है। उनके साथ सीता और लक्ष्मण भी चल पड़ते हैं। जब राम, सीता से उनके साथ न आने के लिए कहते हैं, तो वह उत्तर देती हैं, जिस वन में आप रहेंगे, वही मेरे लिए अयोध्या है; और आपके बिना अयोध्या मेरे लिए किसी नर्क से कम नहीं है। रामायण, जो महाभारत के साथ प्राचीन भारत के दो प्रमुख महाकाव्यों में से एक है, हिंदू इतिहास (पौराणिक गाथा) का हिस्सा है। इसकी कथा में राम का सीता और लक्ष्मण के साथ वनों में भ्रमण करना, रावण (लंका के दुष्ट राजा) द्वारा सीता का अपहरण, जिसके परिणामस्वरूप युद्ध हुआ, और अंत में राम का अयोध्या लौटना शामिल है।राम, लक्ष्मण और सीता अयोध्या से बहुत दूर चले जाते हैं ताकि लोग उन्हें वापस लौटने के लिए मनाने न आएं। वहां उनकी भेंट जटायु से होती है, जो एक विशाल गिद्ध और दशरथ के मित्र थे। वे राम को वचन देते हैं कि जब तक वे वनवास से वापस नहीं लौट आते, तब तक वे उनकी रक्षा करेंगे। एक दिन, राम देखते हैं कि एक सुंदर स्त्री (जो वास्तव में रावण की बहन शूर्पणखा है, जिसने भेष बदल रखा है) उनके निवास स्थान की ओर आ रही है। वह राम को रिझाने और उनसे विवाह करने का प्रयास करती है, लेकिन राम उसे अस्वीकार कर देते हैं। शूर्पणखा ने रात बहुत पीड़ा में बिताई और अगली सुबह उसने तय किया कि अगर वह सीता को मार दे, तो राम उससे प्रेम करने लगेंगे। अगले दिन जब राम अपने निवास (पंचवटी के जंगल) से बाहर गए, तो शूर्पणखा ने सीता का पीछा किया और उन पर झपट पड़ी। लक्ष्मण ने सीता को बचाया और शूर्पणखा की नाक काट दी। अपमानित और लज्जित होकर, शूर्पणखा रावण के दरबार में पहुँची और उसे पूरी घटना बताई। उसने रावण से कहा कि सीता अत्यंत सुंदर हैं और उसे सीता को अपने लिए ले आना चाहिए और रावण ने उसकी बात को मानकर बिना सोचें समझें उसी रास्ते पर चल दिया जो उसके विनाश का कारण बना, और अधर्म के रास्ते पर चल दिया और अपनी शक्ति धीरे धीरे खोने लगा और भगवान राम के हाथों मारा गया और धर्म की स्थापना हुई धर्म नियम विवेक और न्याय पर टीका है जबकी अधर्म दुराचार, कट्टरता अन्याय से किसी एक के द्वारा बांधा जाता है जिसमें अन्याय करने पर भी सज़ा नहीं मिलती है इसलिए भगवान राम ने रावण को मारकर धर्म की स्थापना की राम पहले भी था आज भी है और अनन्त काल तक रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

थाईलैंड के फुकेत में कमर्शियल इमारत में लगी भीषण आग, 11 लोगों की मौत, 16 घायल

फुकेत, एजेंसी। सोमवार तड़के थाईलैंड के दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप फुकेत में एक कमर्शियल शॉपहाउस (व्यावसायिक इमारत) में भीषण आग लग गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। आग एक ऐसी इमारत में लगी जहां वाहनों को किराए पर देने का काम होता था, और बाद में यह आस-पास की कई अन्य इमारतों में फैल गई। यह इमारत फुकेत के पश्चिमी तट पर स्थित पातोंग बीच के पास एक शहरी इलाके में है। थाई अधिकारियों के अनुसार, आग तड़के लगभग 3:17 बजे लगी और दमकलकर्मियों को इसे काबू में करने में करीब दो घंटे का समय लगा। पुलिस ने बताया कि घायलों में 15 लोग थाई नागरिक थे और एक म्यांमार का नागरिक था। मरने वालों या घायलों में कोई भी पर्यटक शामिल नहीं था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

एनवीडिया के सीईओ के तौर पर जेनसन हुआंग की वापसी की तैयारी, सहयोगियों ने बनाया वॉर रूम; रिपोर्ट में दावा

वाशिंगटन, एजेंसी। जेनसन हुआंग एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी के तौर पर वापसी करने पर विचार कर रहे हैं और उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इस संभावना पर चर्चा भी की है। फाइनेंशियल टाइम्स ने इस मामले की जानकारी रखने वालों के हवाले से बताया है कि सिलिकॉन वैली के अधिकारियों के लिए एक वॉर रूम तैयार किया जा रहा है, जो एनवीडिया के पूर्व प्रमुख की वापसी के लिए पैरवी करेगी। साथ ही वे व्हाइट हाउस से भी समर्थन जुटाने की कोशिश करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक जानकार व्यक्ति ने कहा, फ्रंटियर लैब्स के बाहर टेक जगत के सभी अहम लोग जेनसन को पसंद करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रयासों को हुआंग का समर्थन हासिल है। यह रिपोर्ट उस खबर के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि जेनसेन हुआंग के संभावित उत्तराधिकारी की तलाश के दौरान एनवीडिया के बोर्ड ने ब्रिटिश विपमेकर आर्म होल्डिंग्स के सीईओ रेने हास से संपर्क किया था। हालांकि एनवीडिया की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। गुरुवार को हुआंग ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। इन संबंधों में एक ऐसा मामला भी शामिल है जिसमें एक संदिग्ध चीनी जासूस का नाम आ रहा है, जिससे कंपनी की एडवांस्ड एआई चिप्स के चीन को निर्यात पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस स्कैम ने चिप बनाने वाली कंपनी को संकट में डाल दिया है और एआई इंडस्ट्री में खलबली मचा दी है। एक ऐसी इंडस्ट्री जिसे खड़ा करने में उन्होंने खुद आर्थिक मदद दी थी।

भारत को लोकतंत्र पर लेक्चर देना गलत, वोट चोरी वाले तंज पर मेलोनी की सहयोगी का इटली के नेता को जवाब

रोम, एजेंसी। इटली की सांसद डेबोरा बर्गमिनी ने पार्टी ऑफ यूरोपियन सोशलिस्ट्सके महासचिव जियाकोमो फिलिबेक की आलोचना की है। फिलिबेक ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा था, वोट चोरों, गद्दी छोड़। के नारे लगाए थे। बर्गमिनी ने कहा कि किसी मित्र देश के आंतरिक राजनीतिक मामलों में विदेशी राजनीतिक प्रतिनिधियों को दखल नहीं देना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, बर्गमिनी ने कहा कि भारत के पास अपने आंतरिक राजनीतिक विवादों को सुलझाने के लिए अपनी राजनीतिक संस्थाएं और न्यायपालिका मौजूद हैं। उन्होंने इटली और भारत के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी का भी जिक्र किया और कहा कि यूरोपीय प्रतिनिधियों का भारत को लोकतंत्र पर सीख देना सही नहीं है। डेबोरा बर्गमिनी फोर्जा इटालिया की सदस्य और राष्ट्रीय उप-महासचिव हैं। यह एक मध्य-दक्षिणपंथी राजनीतिक दल है, जो इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार का समर्थन करने वाले गठबंधन का हिस्सा है। बर्गमिनी की यह टिप्पणी तब आई है, जब फिलिबेक ने हैदराबाद में कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत समिट 2026 में हिस्सा लेते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति अपना समर्थन भी जताया। यूरोपियन सोशलिस्ट्स एंड डेमोक्रेट्स समूह के एक इतालवी प्रतिनिधि ने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए, प्रधानमंत्री मोदी की भाजपा पर हमला बोला और कहा: वोट चोरों, गद्दी छोड़। यह आलोचना मतदाता सूची में लंबे समय से लंबित संशोधन को लेकर है एक ऐसी प्रक्रिया जिसका उद्देश्य दोहरी प्रविष्टियों, मृत व्यक्तियों के नामों और अपनी जगह बदल चुके लोगों के नामों को सूची से हटाना है।

अब फैलने से पहले ही पकड़ा जाएगा कैंसर, नए ब्लड टेस्ट से जागी जिंदगी की नई उम्मीद

लंदन, एजेंसी। अंडाशय के कैंसर की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अक्सर इसका पता तब चलता है, जब बीमारी आसपास के ऊतकों तक फैल चुकी होती है। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने खून में एक ऐसे अणु की पहचान की है, जो कैंसर की शुरुआती कोशिकीय गड़बड़ियों का संकेत दे सकता है। नए अध्ययन में इस जांच से शुरुआती अवस्था के कुछ मामलों की पहचान करने में सफलता मिली है। हालांकि, इसे अभी नियमित जांच का विकल्प मानना जल्दबाजी होगी। अंडाशय के कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए अब खून की एक नई जांच उम्मीद की किरण बन सकती है।

नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने रक्त में टीयू-स्ट्रोमा नाम के एक अणु की मौजूदगी का पता लगाया है। अध्ययन के मुताबिक, इस अणु का स्तर उन लोगों में अधिक पाया गया, जिनमें अंडाशय के कैंसर की शुरुआती कोशिकीय गड़बड़ियां मौजूद थीं। इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिनकी फैलोपियन ट्यूब की अंदरूनी परत में असामान्य कोशिकाएं थीं, लेकिन कैंसर आसपास के ऊतकों तक नहीं फैला था। यह अध्ययन एंजलिया रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं जस्टिन स्टेबिंग और एंजलिया रस्किन विश्वविद्यालय से जुड़े शोधकर्ताओं ने किया है। इसके निष्कर्ष द कन्वरसेशन में प्रकाशित लेख के माध्यम से सामने आए हैं।



कैंसर की शुरुआत फैलोपियन ट्यूब से भी : अंडाशय के कैंसर का सबसे आम और तेजी से फैलने वाला प्रकार हाई-ग्रेड सीरस ओवेरियन कैंसर है। इसकी शुरुआत कई मामलों में अंडाशय के बजाय फैलोपियन ट्यूब में होती है। ये नलिकाएं अंडाशय से अंडों को गर्भाशय तक पहुंचाती हैं। इस कैंसर की शुरुआती कोशिकीय गड़बड़ियां इतनी सूक्ष्म होती हैं कि कई बार सर्जरी के बाद फैलोपियन ट्यूब के ऊतकों की सूक्ष्मदर्शी से जांच करने पर ही उनका पता चलता है। इस शुरुआती स्थिति को सीरस ट्यूबल इंट्राएपिथीलियल कार्सिनोमा यानी स्टिक कहा जाता है। इसमें असामान्य कोशिकाएं फैलोपियन ट्यूब की अंदरूनी परत तक सीमित रहती हैं और आसपास के ऊतकों में नहीं फैली होतीं। नए अध्ययन में संकेत मिला है कि रक्त में टीयू-स्ट्रोमा की मात्रा मापकर इस तरह के शुरुआती बदलावों की पहचान करना संभव हो सकता है। शोधकर्ताओं ने 506 लोगों के पहले से सुरक्षित रखे गए रक्त नमूनों का विश्लेषण किया। इनमें 43 लोग ऐसे थे, जिनमें स्टिक की स्थिति मौजूद थी। यानी उनकी फैलोपियन ट्यूब की अंदरूनी परत में असामान्य कोशिकाएं थीं, लेकिन कैंसर आसपास के ऊतकों तक नहीं पहुंचा था। टीयू-स्ट्रोमा एक प्रकार का ऋह है जो कोशिकाओं के कामकाज को नियंत्रित करने में भूमिका निभाता है। पहले के शोध में पता चला था कि अंडाशय के कैंसर की कोशिकाएं इस अणु को छोटी थैलियों जैसी संरचनाओं में छोड़ सकती हैं। इन्हें एक्स्ट्रासेल्युलर वेसिकल्स कहा जाता है। ये कोशिकाओं के बीच संदेश पहुंचाने वाले सूक्ष्म पैकेट की तरह काम करती हैं। शोधकर्ताओं ने खून में मौजूद इन पैकेटों के भीतर टीयू-स्ट्रोमा की मात्रा मापी। अलग समूह के नमूनों पर जांच की सटीकता परखने के दौरान इस जांच से स्टिक से पीड़ित करीब 92 प्रतिशत लोगों की पहचान हो गई। वहीं, तुलना के लिए शामिल स्वस्थ लोगों में करीब 98 प्रतिशत की जांच में स्टिक के संकेत नहीं मिले। फिलहाल अंडाशय के कैंसर की आशंका होने पर डॉक्टर सीए125 नाम के प्रोटीन की मात्रा जानने के लिए रक्त जांच करा सकते हैं। कैंसर होने पर इसका स्तर बढ़ सकता है, लेकिन यह जांच पूरी तरह सटीक नहीं है। डोमेट्रियोसिस जैसी गैर-कैंसरकारी स्थिति में भी सीए125 का स्तर बढ़ सकता है वहीं, कुछ लोगों में अंडाशय का कैंसर शुरुआती अवस्था में होने के बावजूद अंडाशय के कैंसर के लक्षणों में पेट फूलना, लगातार पेट दर्द, थोड़ा खाना खाने के बाद ही पेट भरने का एहसास और बार-बार पेशाब आने की समस्या शामिल हो सकती है। ये लक्षण दूसरी बीमारियों में भी दिखाई देते हैं। लेकिन यदि ये लगातार बने रहें या बार-बार उभरें तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। शोध के नतीजे उत्साहजनक हैं, लेकिन इसकी कुछ अहम सीमाएं भी हैं। अध्ययन में ऐसे लोगों के रक्त नमूनों का विश्लेषण किया गया, जिनकी बीमारी की स्थिति पहले से मालूम थी। इसके अलावा स्टिक से पीड़ित लोगों की संख्या भी कम थी। इसलिए अभी यह साबित नहीं हुआ है कि बिना किसी लक्षण वाले लोगों की बड़ी आबादी में इस जांच से कैंसर की समय रहते पहचान हो सकेगी।

बीएलए को मिला नया कमांडर-इन-चीफ, पाकिस्तानी सेना का पूर्व कैप्टन रहमान गुल संभालेगा संगठन की कमान



कराची, एजेंसी। पाकिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने अपने नेतृत्व में बड़ा बदलाव किया है। संगठन ने रहमान गुल उर्फ मुरीद को नया कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। खास बात यह है कि रहमान गुल पहले पाकिस्तानी सेना में कैप्टन के पद पर तैनात रह चुका है। सेना छोड़ने के बाद वह बीएलए में शामिल हो गया था और संगठन की महत्वपूर्ण सैन्य इकाई मजीद ब्रिगेड की जिम्मेदारी भी संभाल चुका है। बीएलए के मुताबिक, नए प्रमुख की नियुक्ति वरिष्ठ कमांड काउंसिल के सदस्यों और सभी कमांडरों की सहमति से की गई है। रहमान गुल का जन्म 14 अगस्त 1984 को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नौशकी में हुआ था। उसने पेशावर विश्वविद्यालय से पढ़ाई की। साल 2002 में वह पाकिस्तानी सेना में भर्ती हुआ और 19वीं फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट में तैनात रहा। उसने करीब आठ साल तक कैप्टन के पद पर सेवाएं दीं। हालांकि, साल 2010 में उसने पाकिस्तानी सेना छोड़ दी और बलूच लिबरेशन आर्मी से जुड़ गया। इसके बाद वह संगठन में तेजी से आगे बढ़ा और एक प्रमुख सैन्य कमांडर के रूप में उसकी पहचान बनी। बीएलए में शामिल होने के बाद रहमान गुल को संगठन की अहम सैन्य इकाई मजीद ब्रिगेड की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यह संगठन की आत्मघाती हमलों से जुड़ी इकाई मानी जाती है।

इस ब्रिगेड का नाम पाकिस्तान में सुरक्षा बलों और चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों के संदर्भ में सामने आता रहा है। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हुए हमले की जिम्मेदारी भी बीएलए ने ली थी। इस घटना के बाद संगठन की गतिविधियों और उसकी सैन्य रणनीति को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हुई थी। बशीर जेब की जगह मिली जिम्मेदारी बीएलए ने 3 नवंबर को बशीर जेब बलूच को कमांडर-इन-चीफ के पद से हटाने का ऐलान किया था।

इजराइल का गाजा में फिर बड़ा हमला, हमास की राफा ब्रिगेड का कमांडर किया ढेर

गाजा, एजेंसी। इजराइली सुरक्षाबलों ने दक्षिणी गाजा में शनिवार देर रात किए गए हवाई हमलों में हमास के शीर्ष कमांडर समीर महमूद हसन अबू यूनुस को मार गिराया। इजराइल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। हमास ने भी एक बयान जारी कर अपनी राफा ब्रिगेड के कमांडर अबू यूनुस की मौत की पुष्टि की है। संगठन के अनुसार, उसका अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। इजराइली सेना ने बताया कि शनिवार आधी रात के तुरंत बाद किए गए हमले में अबू यूनुस मारा गया। सेना के मुताबिक, वह हमास की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने का निर्देशन कर रहा था।

गौरतलब है कि करीब दो महीने पहले अबू यूनुस से पहले राफा ब्रिगेड के कमांडर रहे व्यक्ति को भी इजराइली हमले में मार दिया गया था। रविवार को इजराइली सेना ने हमास के अन्य लड़ाकों को भी निशाना बनाने की जानकारी दी, हालांकि उनके बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। इस बीच ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया है कि उसने बहरीन में अमेरिकी हेलीकॉप्टर अड्डे पर स्थापित एक रडार प्रणाली को निशाना बनाया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। हालांकि, अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान ने इस दावे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने बताया था कि उसने बहरीन की ओर बढ़ रहे ईरान के दो ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के उस दावे को भी खारिज किया था, जिसमें उसने बहरीन में अमेरिका की पूर्व चेतावनी रडार प्रणाली पर हमला करने की बात कही थी। उधर, यमन की राजधानी सना में हुए हवाई हमले में दो महिलाओं और दो बच्चों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह दावा किया है। उन्होंने हमले के लिए सऊदी अरब को जिम्मेदार ठहराया, हालांकि इसके समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया।

प्राइवेट कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, 2 और 3 दिसंबर को मिलेगी छुट्टी; क्यों लिया गया फैसला?

अबू धाबी/दुबई, एजेंसी। संयुक्त अरब अमीरात में काम करने वाले प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। देश की सरकार ने 55वें यूनियन डे यानी ईद अल एतिहाद 2026 के पावन अवसर पर प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए दो दिनों की पेड छुट्टी का ऐलान किया है। इस घोषणा के तहत बुधवार, 2 दिसंबर और गुरुवार, 3 दिसंबर 2026 को निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को बिना वेतन कटे सार्वजनिक अवकाश का लाभ मिलेगा। यूएई के मानव संसाधन और अमीरातीकरण मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए इस फैसले की पुष्टि की है। मंत्रालय के अनुसार, यह दो दिवसीय पेड छुट्टी देश के सभी सात अमीरातों में



संचालित होने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों पर पूरी तरह लागू होगी।

दूसरी ओर, फेडरल अथॉरिटी फॉर गवर्नमेंट ह्यूमन रिसोर्सेज ने सरकारी कर्मचारियों के लिए 2 दिसंबर से 4 दिसंबर 2026 तक तीन दिनों का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों को 4 दिसंबर के बाद वीकेंड की छुट्टी का भी लाभ मिलेगा और सरकारी कार्यालयों में कामकाज 7 दिसंबर (सोमवार) से पुनः प्रारंभ होगा। क्यों मनाया जाता है ईद अल एतिहाद? अरबी भाषा में ईद अल एतिहाद का अर्थ यूनियन डे होता है, जिसे हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। 2 दिसंबर 1971 को संयुक्त अरब अमीरात का ऐतिहासिक गठन हुआ था, जिसमें शुरुआत में छह अमीरात एकजुट हुए थे और बाद में फरवरी 1972 में रास अल खैमाह इस संघ का हिस्सा बना था। देश के संस्थापक और पहले राष्ट्रपति शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान ने यूएई के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस वर्ष यूएई अपनी स्थापना की 55वीं वर्षगांठ मना रहा है। आतिशबाजी, एयर शो और विशेष ऑफर्स से सजेगा यूएई ईद अल एतिहाद के पावन अवसर पर दुबई और अबू धाबी सहित देश के विभिन्न शहरों में बड़े पैमाने पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्सव के दौरान शानदार आतिशबाजी, लाइट शो, सैन्य परेड, एयर शो और पारंपरिक अमीराती सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

इसके साथ ही सरकारी इमारतों, शॉपिंग मॉल, सड़कों और आवासीय परिसरों को यूएई के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों–लाल, हरे, सफेद और काले से भव्य रूप से सजाया जाएगा। ऐतिहासिक संग्रहालयों व हेरिटेज विलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और शॉपिंग मॉल, होटल व मनोरंजन स्थलों पर विशेष ऑफर्स दिए जाएंगे।

एनवीडिया ही नहीं, ड्रैगन के निशाने पर पूरी दुनिया

वाशिंगटन, एजेंसी। एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग से जुड़े ताजा मामले ने चीनी जासूसी के दायरे को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की है। इस घटना ने दुनिया भर की सरकारों द्वारा बताए जा रहे उस चीनी अभियान की ओर ध्यान खींचा है, जिसका मकसद व्यावसायिक-तकनीकी जानकारियों को जुटाना और सैन्य योजनाओं की खुफिया जानकारी चुराना है।

वहीं बीजिंग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे बदनामी की साजिश करार दिया है. चीन ने कहा है कि अमेरिका तकनीक निर्यात प्रतिबंधों को जायज ठहराने के लिए चीनी जासूसी की कहानियां गढ़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह गतिविधि वैश्विक स्तर पर चल रही है। जर्मनी का आरोप है कि एक कपल ने यहां अनुवादक और ऑटो-उद्योग के



कर्मचारी बनकर, ढ्ढ, कंप्यूटर विज्ञान और एयरोस्पेस के जानकारों से संपर्क बढ़ाया। उन्होंने इनमें से कुछ लोगों को चीन ले जाकर वहां की सरकारी हथियार कंपनियों के लिए नागरिक (सिविलियन) विषयों पर व्याख्यान दिलवाए। दुनियाभर में एक्टिव है चीन का खुफिया नेटवर्क ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूजीलैंड की खुफिया एजेंसी का कहना है कि सरकार से करीबी संबंध रखने वाली एक चीनी (ऑब्जर्वेटरी) ने एक स्थानीय कंपनी के जरिए अंतरिक्ष-ट्रैकिंग उपकरण लगाने की कोशिश की, जिसका मकसद सैन्य खुफिया जानकारी जुटाना था। ताइवान का कहना है कि चीनी एजेंट सोशल मीडिया पर कर्ज में डूबे सैनिकों को निशाना बनाते हैं। वे उन्हें लोन का लालच देकर फंसाते हैं और फिर उनसे गोपनीय जानकारियां निकलवाते हैं या उनके साथियों से परिचय मांगते हैं। एफबीआई ने चीनी जासूसी को अमेरिका की आर्थिक भलाई के लिए एक गंभीर खतरा बताया है। ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमएलजेड 5 ने 2022 में कहा था कि वह चीन से जुड़ी सात गुना अधिक जांच कर रही है, जितनी चार साल पहले कर रही थी। कनाडा की खुफिया एजेंसी चीन को अपना सबसे बड़ा काउंटर-इंटेलिजेंस खतरा मानती है, जबकि डच खुफिया एजेंसी का कहना है कि चीनी डिजिटल जासूसी, जो तकनीकी कंपनियों को निशाना बनाती है। ब्रिटेन की संसदीय निगरानी संस्था ने चीन की व्यवस्था को दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी खुफिया तंत्र बताया है, जिसमें सेना, पुलिस और पार्टी के अंग भी शामिल हैं। फिलीपींस में, संदिग्ध जासूसों ने युद्धपोतों और नौसैनिक अड्डे के पास ड्रोन का इस्तेमाल किया। इसके अलावा, उन्होंने ऐसे वाहनों का भी उपयोग किया जिनमें नकली सेलफोन टावर, कैमरे और मैपिंग तकनीक लगी थी, ताकि संवेदनशील जगहों की निगरानी की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इन एजेंटों ने रक्षा प्रतिष्ठान के लोगों को अपने साथ मिलाया और नौसैनिक कर्मियों के नाम हासिल किए।

पीठ से जुड़े पैदा हुए जुड़वां भाईयों की हुई दुर्लभ सर्जरी, 22 डॉक्टरों की टीम ने 40 दिन के बच्चों को किया अलग



बैंकाक, एजेंसी। मलेशिया में डॉक्टरों ने एक बेहद दुर्लभ और जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए पीठ के निचले हिस्से से जुड़े दो जुड़वां बच्चों को अलग कर दिया। ऑपरेशन के समय दोनों बच्चे महज 40 दिन के थे। इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक बड़ी टीम शामिल थी।

फिलहाल दोनों बच्चों को अस्पताल में विशेष निगरानी और देखभाल में रखा गया है। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बच्चे पाइगोपैगस नामक दुर्लभ चिकित्सकीय स्थिति के साथ पैदा हुए थे। इसमें जुड़वां बच्चे शरीर के पिछले हिस्से से जुड़े होते हैं। इस मामले में उनकी निचली रीढ़, त्रिकास्थि और श्रोणि आपस में जुड़ी हुई थीं। अस्पताल के मुताबिक, शुरुआत में योजना बनाई गई थी कि बच्चों के चार से छह महीने का होने के बाद उन्हें अलग करने का ऑपरेशन किया जाएगा। हालांकि, एक बच्चे को नवजात देखभाल इकाई में सांस लेने के लिए अधिक सहायता की जरूरत पड़ने लगी। बच्चों के साझा अंग तंत्र पर बढ़ते शारीरिक दबाव को देखते हुए डॉक्टरों ने ऑपरेशन निर्धारित समय से पहले करने का फैसला किया। सितंबर में दोनों बच्चों को अलग करने की जटिल सर्जरी की गई। इस ऑपरेशन में डॉक्टरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बच्चों के साझा अंगों को अलग करते हुए उनके शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों को सुरक्षित रखना था। बच्चों के सर्जनों ने सबसे पहले दोनों के साझा आंतों और मूत्र तंत्र को अलग किया। इसके बाद अलग-अलग गुदा द्वार बनाए गए और मूत्र मार्ग का पुनर्निर्माण किया गया। डॉक्टरों ने श्रोणि तल की संरचना को भी दोबारा तैयार किया। वहीं, तंत्रिका शल्य चिकित्सकों ने रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से के आसपास नसों की पहचान करने के लिए विशेष तकनीक का इस्तेमाल किया। इसका उद्देश्य रीढ़ की नसों के कार्य को सुरक्षित रखना और बच्चों के पैरों की गति बनाए रखना था। इस जटिल सर्जरी में कुआलालंपुर के तुंकू अजीजा अस्पताल और सरवाक जनरल अस्पताल के विशेषज्ञों की बहुविषयक टीम शामिल थी।

पत्नी को बेहोश कर दोस्तों से करवाता रेप; खुद करता ऑनलाइन लाइवस्ट्रीम, पीड़िता ने टीवी पर खोली दरिंदे पति की पोल


लंदन एजेंसी। शादी के बाद जिस शख्स पर एक महिला ने सबसे ज्यादा भरोसा किया, वही उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा गुनहगार निकला। ब्रिटेन की एक महिला ने खुलासा किया है कि उसका पति उसे नशीली दवाएं देकर बेहोश कर देता था। इसके बाद दूसरे पुरुषों को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करवाता था और खुद इन घटनाओं को देखता था। इतना ही नहीं, वह कथित तौर पर इन घटनाओं का ऑनलाइन सीधा प्रसारण भी करता था। महिला को करीब पांच साल तक अपने साथ हो रही इस हैवानियत का पता नहीं चला। एक रात अचानक नींद खुलने पर जब उसने खुद को एक अनजान व्यक्ति के यौन हमले का शिकार पाया और दरवाजे पर पति को खड़ा देखा, तब इस खौफनाक सच्चाई का खुलासा हुआ। अब महिला ने अपनी पहचान सार्वजनिक करते हुए ब्रिटिश टेलीविजन चैनल आईटीवी न्यूज पर आपबीती सुनाई है।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने इस सप्ताह अपनी पहचान सार्वजनिक करने का फैसला किया। उन्होंने आईटीवी न्यूज को बताया कि बाहर से उनका पति बिल्कुल सामान्य दिखाई देता था। परिवार की तस्वीरों में दोनों की जिंदगी खुशहाल नजर आती थी, लेकिन घर के भीतर उसका व्यवहार हिंसक और नियंत्रण करने वाला



था। महिला के मुताबिक, पति उनकी डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं पर पूरा नियंत्रण रखता था। एक घरेलू वीडियो में भी वह उन्हें दवा लेने के लिए कहता दिखाई देता है। महिला को संदेह है कि इन दवाओं का इस्तेमाल उन्हें बेहोश रखने के लिए किया जाता था, ताकि पति दूसरे पुरुषों के साथ मिलकर उनका यौन शोषण कर सके। उन्होंने बताया कि पति कई बार उनके पेय पदार्थ में दवाओं का पाउडर मिला देता था। बाद में उसने जीएचबी नामक नशीले पदार्थ का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। यह ऐसा पदार्थ है, जिसके सेवन से व्यक्ति बेहोश हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पति ने कार के पहिए साफ करने वाले एक रासायनिक पदार्थ के जरिए भी इसका इस्तेमाल किया था। महिला ने उस रात का भयावह अनुभव भी साझा किया, जब पहली बार उन्हें अपने साथ हो रही हैवानियत का एहसास हुआ। उन्होंने बताया कि एक रात वह रसोई में पति के साथ बैठी थीं। पति ने साथ में पेय पीने का सुझाव दिया और उनके लिए जिन एंड टॉनिक बनाया। महिला को जरा भी अंदाजा नहीं था कि पति उनके पेय में कुछ मिला सकता है। उन्हें यह भी याद नहीं कि उन्होंने पूरा पेय खत्म किया था या नहीं। कुछ घंटे बाद जब उनकी आंख खुली तो वह बिस्तर पर बिना कपड़ों के थीं और एक अनजान व्यक्ति उनका दुष्कर्म कर रहा था। उन्होंने तुरंत बगल में देखा तो पति दरवाजे पर खड़ा था। उस समय उन्हें लगा कि अब उनकी हत्या कर दी जाएगी। हालांकि, उन्होंने हिम्मत दिखाई और तेजी से बिस्तर पर पीछे की ओर खिसकने लगीं। इसके बाद वह व्यक्ति उठकर वहां से भाग गया। बाद में महिला को पता चला कि उनके साथ यह अपराध केवल एक या दो बार नहीं हुआ था। पति लंबे समय तक उन्हें नशीला पदार्थ देकर बेहोश करता रहा और दूसरे पुरुषों को घर बुलाकर उनका यौन शोषण करवाता रहा। वर्ष 2022 में महिला के पति को इन अपराधों के लिए 14 साल और आठ महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। उस समय उसकी उम्र 43 वर्ष थी और वह ब्रिस्टल का रहने वाला था। उसने तीन बार दुष्कर्म, तीन बार दुष्कर्म की कोशिश, एक यौन हमले और जहरीला पदार्थ देने के अपराध स्वीकार किए थे।

कॉफी स्क्रब के सामने बेअसर हैं सभी फेसपैक्स, ऐसे करें इस्तेमाल



खूबसूरत और दमकता हुआ चेहरा किसे पसंद नहीं होता। इसके लिए आप पार्लर में हर महीने हज़ारों पैसे खर्च करते होंगे। यहां तक कि कई लोग चेहरे को बेदाग़ बनाने के लिए महंगे लेज़र ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। हालांकि इसमें ज़्यादा पैसे भी खर्च होते हैं और साथ ही साइड-इफेक्ट्स का ख़तरा भी रहता है। ऐसे में कुछ उपाय ऐसे भी हैं जिनसे आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए चेहरे पर निखार पा सकती हैं। आज हम आपको बता रहे हैं ऐसे ही ब्यूटी सीक्रेट के बारे में जिससे आपका चेहरा खूबसूरत और दमकता हुआ दिखेगा और साथ ही ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं होंगे।

ये सीक्रेट छिपा है कॉफी में। आप शायद ही कॉफी के गुणों के बारे में जानती हों। कॉफी पीने में जितना मज़ा आता है उतने ही इसके त्वचा पर फायदें हैं। चेहरे पर अगर आप कॉफी इस्तेमाल करती हैं तो ये आपको ब्यूटी पॉर्लर के फैशियल से भी बेहतर निखार दे सकता है। साथ ही कॉफी में एंटी एजिंग एजेंट भी पाए जाते हैं इसलिए इसके लंबे समय तक इस्तेमाल से आपकी त्वचा ज्यादा उम्र तक खूबसूरत रहेगी।

कॉफी से आप कैसे फेसपैक तैयार कर सकती हैं

कॉफी स्क्रब: चेहरे पर निखार लाने के लिए कॉफी बेहद फायदेमंद है। इसके साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। आपके चेहरे पर कैसे भी दाग-धब्बे हों, कॉफी फैशियल इनसे छुटकारा दिला सकता है। ये आपके चेहरे को बिल्कुल बेदाग़ और रिफ्रेश कर देता है। कॉफी चेहरे से डेड स्किन हटाने का काम करती है, जिससे त्वचा मुलायम हो जाती है और चेहरे की चमक भी बढ़ जाती है।

ऐसे बनाएं कॉफी स्क्रब

- एक कटोरी में एक छोटा चम्मच कॉफी पाउडर लें।
- अब इसमें थोड़ा सा चावल का आटा मिला लें। चावल का आटा आपको मार्केट में भी मिल सकता है या फिर आप थोड़े से चावल मिक्सी में पीस सकती हैं।
- अब इसमें 2 छोटे चम्मच कच्चा दूध, एक छोटा चम्मच नींबू का रस और एक छोटा चम्मच शहद भी मिला लें।
- फिर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इसे चेहरे और गर्दन पर लगाकर स्क्रब करें।
- चेहरे पर करीब 10 मिनट तक स्क्रब करते हुए मसाज करें। फिर पानी से चेहरे को धो लें।
- हफ्ते में 4 दिन इस पैक को लगाएं इससे आपका चेहरा बिल्कुल खिल उठेगा।

सर्दियों में साइनस के दर्द से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 उपाय

सर्दियों में सेहत से जुड़ी कई परेशानियां भी शुरू हो जाती है। ऐसे में जिन लोगों को साइनस से जुड़ी परेशानी होती है, उनके लिए सर्दियां बहुत मुश्किल भरी होती है, अगर आपको या आपके किसी करीबी को भी ऐसी समस्या है, तो कुछ ऐसे प्राकृतिक उपाय हैं, जिन पर अमल करके आप काफी हद तक अपनी परेशानी कम कर सकते हैं-

इन उपायों से करें साइनस का दर्द कम-

सेब का सिरका

सेब का सिरका भी साइनस के लिए लाभदायक दवा है। सेब के सिरके में मौजूद औषधीय गुण होते हैं, जो साइनस की समस्या से निजात दिला सकते हैं। सेब का सिरका एक सटीक घरेलू उपचार है।

स्टीम लें

आप पानी में चुटकी भर नमक या बाम डालकर स्टीम लें। रोजाना 5-6 मिनट ऐसा करने से न सिर्फ आपको साइनस के दर्द से राहत मिलेगी बल्कि इससे आपके चेहरे पर भी काफी असर पड़ेगा7

प्याज का रस

साइनस संक्रमण से निजात पाने के लिए आप प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। प्याज में एंटी बैक्टीरिया वाले तत्व पाए जाते हैं, जो साइनस संक्रमण के इलाज के लिए उपयोगी माने गए हैं।

प्राकृतिक तेल

साइनस का उपचार विभिन्न प्राकृतिक तेलों से किया जा सकता है। इसमें लैवेंडर, पुदीना, नींबू, पाइन व लौंग आदि शामिल हैं। ये तेल काफी लाभदायक होते हैं, जिनसे छाती, नाक व सिर की मालिश करने से आराम मिलता है।

लेमन बाम

साइनस की समस्या से निजात पाने के लिए लेमन बाम भी एक गुणकारी नुस्खा है। यह पुदीने के परिवार का ही एक बारहमासी पौधा है। इसका इस्तेमाल बुखार, जुकाम या फ्लू के उपचार के लिए किया जाता है।

क्या है साइनस

साइनस नाक से जुड़ी एक समस्या है। इसमें पीड़ित की नाक और आसपास और सिर के आधे भाग में दर्द होने लगता है। सर्दियों में यह समस्या अधिक बढ़ जाती है, इसमें आपका नाक बंद होना, सिर में दर्द और नाक से पानी गिरने जैसे लक्षण होते हैं।



रेसिपी



चीज नमकपारे

सामग्री

- मैदा- 2 कप
- प्रोसेस्ड चीज़- 1/2 कप (कद्दूकस किया)
- घी- 2 टेबलस्पून
- गुनगुना दूध- 1/2 कप
- नमक- स्वादानुसार
- अजवाइन- आधा टीस्पून (बारीक कुटी हुई)
- तेल- तलने के लिए

विधि

एक बाउल में मैदा, घी, नमक, अजवाइन और चीज़ डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें और थोड़ा-थोड़ा गुनगुना दूध डालते हुए हल्का सख्त आटा गूंथ लें। इसे ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। फिर आटे को 4 मिनट तक मसल लें। अब आटे को चार बराबर भागों में बांट लें और गोल लोई बनाकर पतला बेल लें। फिर इसे चाकू से छोटे टुकड़ों में काट लें। कढ़ाही में तेल गरम करें। तेल गरम होने पर इसमें नमकपारे डालकर डीप फ्राई करने के लिए डाल दें। नमकपारों को हल्का ब्राउन होने तक फ्राई कर लें। फिर इन्हें नैपकिन पेपर बिछाकर प्लेट में निकाल लें और अपने गेस्ट्स को सर्व करें।



बाकरवड़ी

सामग्री

मैदा- 1 कप ■ बेसन- 2 टेबलस्पून ■ इमली की मीठी चटनी- 2 टीस्पून ■ सूखा नारियल- 1 टेबलस्पून (कद्दूकस) ■ तिल- 1 टेबलस्पून ■ चीनी- 2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून ■ सौंफ पाउडर- 1/2 टीस्पून ■ जीरा- आधा टी स्पून ■ हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून ■ अदरक पाउडर- 1/4 टीस्पून ■ गरम मसाला- 1 चौथाई टीस्पून ■ नमक- स्वादानुसार ■ अजवाइन- 1 टीस्पून ■ रिफाइंड ऑयल- 2 टेबलस्पून (आटे के लिए) ■ रिफाइंड ऑयल- फ्राई करने के लिए

विधि

एक बाउल में मैदा, ऑयल, अजवाइन, नमक और बेसन डालकर मिक्स करें। थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सख्त आटा गूंद लें। आटे को 15 मिनट के लिए ढककर रख दें। तिल, नारियल पाउडर, चीनी, धनिया पाउडर, सौंफ पाउडर, जीरा, लाल मिर्च, नमक, हल्दी, अदरक पाउडर, गरम मसाला को मिक्सर में डालकर बारीक बना लें। गूंदे आटे को हाथ पर तेल लगाकर अच्छी तरह मसल कर चिकना कर लें। छोटी-छोटी लोई बनाकर न ज्यादा पतला और न मोटा बेलें। बेली गई पूड़ी को 2 भागों में काट लें। पूरी के दोनों भागों पर चटनी डालकर चारों ओर अच्छे से फैला दें। किनारा थोड़ा छोड़ दें। इसमें 1 छोटा टी-स्पून मसाला डालकर फैला दें। फिर जो खाली जगह छोड़ी है, उसके किनारे पर पानी लगा दें। फिर इसमे रोल करें और चिपका दें। दोनों खुले किनारों को दबाकर बंद कर दें और हाथों से रोल करते हुए थोड़ा सा पतला और लंबा कर लें। फिर इसके आधा इंच के टुकड़े काट लें और आधा घंटे के लिए ऐसे ही खुले छोड़ दें। कढ़ाई में तेल गरम कर एक-एक करके टुकड़ों को तेल में डालें। मीडियम आंच पर गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। ठंडा होने सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)

मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)

शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)

अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)

संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)

महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)

स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)

संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)

व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7


कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)

कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)


मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्यवकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

काकुरो पहेली - 2650




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 2649 का हल



हंसी के फव्वारें

एक व्यक्ति ने होटल के मालिक को कहा-'जनाब ! इस समय आपका बिल चुकाने के लिये मेरे पास पैसे नहीं हैं.'

'फिक्र न करें !' होटल का मालिक बोला-'हम आपका नाम दीवार पर लिख देंगे. आप जब अगली बार आएं तो दे दीजिएगा.'

'मगर ऐसे तो सबको मालूम हो जायेगा !'

'कैसे मालूम होगा श्रीमान जी !' होटल के मालिक शान्त स्वर में बोला - 'नाम के ऊपर आपका कोट जो टंगा होगा.'

□ □ □


एक अंग्रेज ने, हिन्दुस्तानी आदमी से कहा कि 'तुम्हारी मूंछ तो बहुत अच्छी है, तुम मुझे यह दे दो मैं तुम्हें मुँह मांगा दाम दूँगा.'यह सुनते ही वह आदमी घर के अंदर गया और अपने सिर के बाल काट के लाकर के अंग्रेज के हाथ में दे दिए. बालों को देखकर अंग्रेज बोला कि 'यह क्या मैंने तो तुम्हारी मूंछ मांगी थी, तुम बाल क्यों ले आए?' अंग्रेज की बात सुनते ही उस व्यक्ति ने कहा कि'माल हमेशा गोदाम से दिया जाता है न कि शोरूम से !'

□ □ □

जज-'तुमने एक ही दुकान में चार बार चोरी क्यों की ?'

चोर-'साहब पहली तीन बार मेरी बीवी को कोई साड़ी पसंद नहीं आई थी, इसलिए !'

फिल्म वर्ग पहेली- 2650



बायें से दायें:-

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमें से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

ऊपर से नीचेः-

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2649

क	ल	यु	ग	■	जा	न	ए	म	न
भी	■	वा	■	दि	ल	■	ला	■	या
अ	क्स	■	शि	वा	■	ख	न	दा	न
ल	■	ठि	का	ना	■	मो	■	■	शा
वि	■	■	र	■	आ	शी	र्वा	द	■
दा	मि	नी	■	भा	ई	■	■	ह	स्ती
ना	■	ल	क्ष्य	■	ना	ला	य	क	■
क	स	म	■	स	■	ट	■	■	मं
ह	■	■	दौ	ड़	■	सा	थ	सा	थ
ना	स्ति	क	■	क	रो	ब	■	■	न

सूडोकु -2650


5	9		1		2		3	8
			4		5			
2								5
		3		5		4	8	
	7						1	
	5	8		6		9		
8								1
			2		9			
3	4		6		7		5	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2649 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

शब्द पहेली - 2650



बाएँ से दाएँ

1. मरघट,कब्रिस्तान-4
3. पागल,बुद्धिहीन-4
8. भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10. डांटना,दुत्कार-3
11. तरुण,किशोर-3
13. ओट,घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया,अजनबी-2
18. आनंद,मौज-2
19. सूर्य,भास्कर-2
21. चिंतन,सोच विचार-3
25. वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

ऊपर से नीचे

2. कवि,गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर,भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज,पापी,भूत-3
8. शरण,आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट,प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना,अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

शब्द पहेली -2649 का हल

रा	ऊ	ल	के	ला	■	■	क	स	क	■
ह	जां	■	श	■	श	नु	ता	■	न्या	य
गु	■	■	ही	र	क	■	र	■	■	म
ज	ला	व	न	■	■	गं	■	अ	नु	ज
र	■	च	■	बे	ल	गा	म	■	की	■
■	शा	न	■	क	■	ज	■	ब	ला	■
■	य	■	श	रा	र	ल	■	न्द	■	त
म	द	द	■	र	■	■	अ	र	मा	न
श	■	■	स	■	शा	य	र	■	■	ब
क	म	■	न	र	म	■	मा	■	मा	द
■	जा	न	म	■	■	म	न	मो	ह	न

संक्षिप्त डायरी

कांग्रेस करेंगे बड़ा खुलासा, जदयू दफ्तर में क्या होगा ड्राइवर एसोसिएशन भी रखेगा अपनी मांगें

एजेंसी

पटना। पटना में आज कई ऐसी हलचल देखने को मिलेगी, जिन पर राजनीतिक गलियारे से लेकर आम लोगों तक की नजर रहेगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम बड़ा खुलासा करने जा रहे हैं। कुछ ऐसे कार्यक्रम भी हैं, जिनकी तैयारियां काफी समय से चल रही हैं। आइये जानते हैं राजधानी में आज क्या-क्या होगा पटना में मंगलवार को राजनीतिक और जनहित से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। जदय दफ्तर में बिहार सरकार के मंत्री जनता की समस्या और शिकायतों को सुनेंगे। वहीं कांग्रेस प्रेस वार्ता करने जा रही है। इसके अलावा ड्राइवर एसोसिएशन ऑफ बिहार के सदस्य भी आज प्रेस वार्ता करेंगे। सियासी गलियारे में सबकी निगाहें कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में दोपहर एक बजे होने वाले प्रेस वार्ता पर रहेगी। यहां प्रदेश अध्यक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को संबोधित करेंगे। इस दौरान राजनीतिक हालात, संगठन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी का पक्ष रखेंगे। कांग्रेस का महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार पर हमला एक दिन पहले कांग्रेस ने महंगाई को मोदी सरकार पर हमला बोला था। कांग्रेस की ओर से लिखा गया था कि अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 12.29% पर पहुंच गई है। पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार में आम जनता लगातार महंगाई की मार झेल रही है। आंकड़ों के मुताबिक, प्राइमरी आर्टिकल्स में महंगाई दर 9.24%, फूड आर्टिकल्स में 8.26%, फ्यूल एंड पावर में 32.84% और बेसिक मेटल्स में 17.21% रही। वहीं, मैन्युफैक्चर्ड लेदर और संबंधित उत्पादों में 5.60%, पेपर और पेपर उत्पादों में 6.72%, रबर और प्लास्टिक उत्पादों में 13.90% तथा केमिकल और केमिकल उत्पादों में महंगाई दर 17.53% दर्ज की गई। बिहार कांग्रेस ने इन आंकड़ों के जरिए केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए हैं। जदयू दफ्तर में मंत्री सुनेंगे लोगों की शिकायतें इसके अलावा जदयू कार्यालय में सुबह 11 बजे जनसुनवाई होगी। इसमें बिहार सरकार के मंत्री आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। साथ ही शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। वहीं, ड्राइवर एसोसिएशन ऑफ बिहार भी अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। एसोसिएशन की ओर से दोपहर एक बजे फ्रेजर रोड स्थित युवा आवास में मीडिया को आंदोलन की जानकारी दी जाएगी। एसोसिएशन के अनुसार, 17 नवंबर से राज्य के सभी प्रखंडों से चालक पैदल मार्च करते हुए 20 नवंबर को पटना पहुंचेंगे। यहां गांधी मैदान स्थित जेपी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद डाकबंगला और आयकर गोलंबर होते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय और विधानमंडल तक पहुंचकर अपनी मांगें रखी जाएंगी।

शादी समारोह में विवाद के बाद अंधाधुंध फायरिंग, दो मासूम भाइयों को लगी गोली, पांच साल के बच्चे की मौत

एजेंसी

पटना। बिहार के मधेपुरा जिले में शादी समारोह के बाद हुए विवाद में कथित तौर पर देसी कट्टे से फायरिंग की गई। इसमें दो सगे भाइयों 5 वर्षीय सरफराज और 3 वर्षीय अली हुसैन को गोली लग गई। सरफराज की रास्ते में मौत हो गई, जबकि अली हुसैन गंभीर रूप से घायल है। बिहार के मधेपुरा में शादी समारोह के बाद हुए विवाद ने दो मासूम बच्चों की जान खतरे में डाल दी। सोमवार रात एक युवक ने कथित तौर पर देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। इसमें दो सगे भाइयों को गोली लग गई। हादसे में 5 साल के सरफराज की मौत हो गई, जबकि उसका 3 साल का भाई अली हुसैन गंभीर रूप से घायल है। दोनों बच्चे अपने पिता के साथ ननिहाल में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। घटना बिहारीगंज थाना क्षेत्र की जौतेली पंचायत के गुलाब टोला स्थित वार्ड नंबर 12 की है। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुरू हुआ विवाद जानकारी के अनुसार, सोमवार को गुलाब टोला निवासी मो. बिजल की बेटी की शादी थी। बारात चौसा थाना क्षेत्र के लौआलगान से आई थी। शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद दुल्हन की विदाई हो गई। इसके बाद घर के लोग आपस में बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव के शेख इस्लाम का बेटा मो. औरंगजेब आलम देसी कट्टा लेकर वहां पहुंचा और फायरिंग करने लगा। बताया जा रहा है कि बारात के दौरान भी आरोपी बारातियों को हथियार दिखाकर डरा रहा था। उस समय लोगों ने उसे समझाकर वहां से हटा दिया था। ग्रामीणों के मुताबिक, सोमवार सुबह आरोपी का बच्चों के पिता के साथ भी विवाद हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि इसी रंजिश में आरोपी ने रात में नशे की हालत में दोनों मासूम भाइयों पर गोली चला दी। फायरिंग में दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी के नशे का आदी होने की बात भी कही है। गोली लगने के बाद परिजन आनन-फानन में दोनों बच्चों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मधेपुरा रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में 5 साल के सरफराज की मौत हो गई। वहीं, उसके 3 वर्षीय भाई अली हुसैन की हालत भी गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान पूर्णिया जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र के रोशनगंज निवासी मो. सोनाजीर के बेटे मो. सरफराज (5) के रूप में हुई है। घायल बच्चे का नाम मो. अली हुसैन (3) है। एक बच्चे को मृत अवस्था में लाया गया, दूसरे की हालत गंभीर जननायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अंजनी कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों को गोली लगी थी। इनमें से एक बच्चे को अस्पताल मृत अवस्था में लाया गया था, जबकि दूसरे की हालत भी चिंताजनक थी। प्राथमिक उपचार के बाद घायल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उदाकिशुनगंज के एसडीपीओ पवन कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस पूरे घटनाक्रम और फायरिंग के पीछे की वजह का पता लगा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए भी मामले की छानबीन जारी है।

छठ घाटों पर हंगामा करने के आरोप में 15 लोग गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश

एजेंसी

पटना। सीवान के आंदर थाना क्षेत्र में छठ महापर्व के दौरान कथित तौर पर शराब के नशे में हंगामा और हो-हल्ला करने के आरोप में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम छठ घाटों की निगरानी कर रही थी। बिहार के सीवान में छठ महापर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। आंदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग छठ घाटों पर कथित तौर पर शराब के नशे में हंगामा और हो-हल्ला करने के आरोप में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। छठ घाटों की निगरानी कर रही थी पुलिस जानकारी के अनुसार, छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आंदर थाना पुलिस सतर्क थी। थाना अध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार क्षेत्र के अलग-अलग छठ घाटों का निरीक्षण कर रही थी। पर्व के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था या अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस विशेष निगरानी रख रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के कुछ छठ घाटों पर कुछ लोग कथित तौर पर शराब के नशे में हंगामा और हो-हल्ला कर रहे हैं। सूचना मिलते ही आंदर थाना पुलिस सक्रिय हो गई और टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक-एक कर कुल 15 लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद सभी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अजीत कुमार, मृत्युंजय सहनी, विशाल यादव, उमेश यादव, राजा यादव, नीतीश मणीत, विकास यादव, अंकित कुमार, अभिमन्यु यादव, कुंदन यादव, राजाराम यादव, विवेक यादव, चंदन यादव, रंजीत यादव और मंटू यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जरूरी कागजी और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद सभी 15 आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया। आंदर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि छठ घाटों पर शराब के नशे में हो-हल्ला और हंगामा करने के मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने जरूरी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया है।

'लालू-नीतीश चाचा दोनों ही प्यारे', नीतीश सेतु पर खेसारी लाल बोले- ब्रिज पर विवाद की जरूरत नहीं

एजेंसी



पटना। बिहार की राजनीति में इन दिनों गंगा नदी पर बने कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल के नामकरण को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। राज्य सरकार द्वारा इस पुल का नाम 'नीतीश सेतु' रखने की घोषणा के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस बीच, भोजपुरी अभिनेता और राजद नेता खेसारी लाल यादव का बयान इस पूरे मामले में चर्चा का विषय बन गया है।पूरा विवाद क्या है?रिपोर्ट के अनुसार, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाल ही में यह ऐलान किया था कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का नाम बदलकर 'नीतीश सेतु' किया जाएगा। सरकार के इस फैसले के बाद विपक्षी दलों की ओर से सवाल उठाए जाने लगे और सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया। आगामी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार दौरा प्रस्तावित है। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री राज्य को दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देने वाले हैं, जिनमें हाजीपुर में एक औद्योगिक क्षेत्र और 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन शामिल है। उद्घाटन की तारीख नजदीक आने के साथ ही नामकरण का यह मुद्दा और गरमा गया है।खेसारी लाल यादव की प्रतिक्रिया पुल के नाम को लेकर चल रहे इस विवाद पर अपनी राय रखते हुए राजद नेता और अभिनेता खेसारी लाल यादव ने एक संतुलित और सौहार्दपूर्ण रुख अपनाया है। खबर के मुताबिक, खेसारी लाल यादव ने कहा कि राज्य की जनता के लिए नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव दोनों ही प्रिय हैं, इसलिए पुल का नाम नीतीश कुमार के नाम पर रखे जाने को लेकर किसी भी तरह के विवाद की कोई आवश्यकता नहीं है। खेसारी लाल यादव ने अपने बयान में दोनों वरिष्ठ नेताओं के राजनीतिक सफर और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझसे पूछने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि सब को पता है कि पुल का नाम किसके नाम पर होना चाहिए या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लालू यादव ने बिहार के लोगों के लिए काफी कुछ किया है और उसी तरह से नीतीश कुमार ने भी जनता के लिए बहुत काम किया है। खेसारी ने दोनों नेताओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश चाचा हमें उतने ही प्यारे हैं, जितने कि लालू चाचा, और दोनों ही एक-दूसरे के पुराने साथी रहे हैं।संघर्ष और योगदान का जिक्र अपने बयान को आगे बढ़ाते हुए खेसारी लाल यादव ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के काम को दुनिया ने देखा है और इसी तरह लालू यादव के कार्यों को भी दुनिया ने देखा है। दोनों ही नेताओं ने जनता के अधिकारों और विकास के लिए लंबा संघर्ष किया है। ऐसे में किसी पुल के नाम पर सियासी विवाद खड़ा करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस फैसले पर सहमति जताते हुए कहा कि जो हो रहा है वह ठीक है, क्योंकि यह नामकरण किसी बाहरी व्यक्ति के बजाय अपनों के ही नाम पर हो रहा है। विपक्ष और रोहिणी आचार्य की आपत्ति

दूसरी ओर, इस मुद्दे पर विपक्ष की ओर से विरोध के स्वर भी मुखर हैं। लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का नाम 'नीतीश सेतु' किए जाने के सरकार के फैसले पर सवाल उठाया था। खबर के अनुसार, रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा कर अपनी नाराजगी और अफसोस जताया था। रोहिणी आचार्य ने अपने पोस्ट में मांग की थी कि राघोपुर को जोड़ने वाले इस पुल का नाम या तो 'सामाजिक न्याय सेतु' रखा जाना चाहिए या फिर इसका नामकरण लालू प्रसाद यादव के नाम पर होना चाहिए। अपने इस पोस्ट में उन्होंने लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल और उनके द्वारा किए गए कार्यों की जमकर सराहना की थी। रोहिणी आचार्य की इस प्रतिक्रिया के बाद से ही राजद और सत्ता पक्ष के बीच इस मुद्दे पर वैचारिक मतभेद खुलकर सामने आ गए थे। सियासी मायने कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो विशेष रूप से राघोपुर क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। चूंकि राघोपुर लालू प्रसाद यादव के परिवार का पारंपरिक राजनीतिक क्षेत्र रहा है, इसलिए इस पुल के नामकरण को लेकर राजनीतिक संवेदनशीलता और बढ़ गई है। एक तरफ जहां रोहिणी आचार्य इसे सामाजिक न्याय और लालू यादव की विरासत से जोड़कर देख रही हैं, वहीं दूसरी तरफ राजद के ही नेता खेसारी लाल यादव ने नीतीश कुमार और लालू यादव दोनों को बराबर का सम्मान देते हुए इस विवाद को शांत करने की कोशिश की है। अब सबकी निगाहें 21 नवंबर को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम और इस पर होने वाली

पुल के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा ई-रिक्शा, अस्पताल ले जाने के दौरान चालक ने तोड़ा दमं

एजेंसी

पटना। बाढ़-शहरी-सरमेरा सड़क पर पोखरपर गांव के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। हादसे में चालक संदीप चौहान (30) की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के पोखरपर गांव के पास बाढ़-शहरी-सरमेरा सड़क पर पुल के समीप एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना कैसे हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आशंका जताई जा रही है कि चालक ने ई-रिक्शा से नियंत्रण खो दिया या फिर किसी अन्य वाहन की ठोकर लगने से यह हादसा हुआ। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सम्यागढ़ थाना क्षेत्र के शोभाठीका गांव निवासी संदीप चौहान (लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा में दो अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में उन्हें हल्की चोटें आई हैं। दोनों घायलों का नजदीकी निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भदौर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

जनता फ्लैट में रुई के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख, घरों से बाहर भागे लोग

एजेंसी



पटना। पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित जनता फ्लैट के पास मंगलवार सुबह करीब चार बजे रुई के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग में रुई, अन्य सामान और एक मोटरसाइकिल जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। दमकल की तीन से चार गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिहार की राजधानी पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित जनता फ्लैट के पास मंगलवार सुबह रुई के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। सुबह करीब चार बजे लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखी रुई और अन्य सामान जलकर राख हो गए। वहां खड़ी एक मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास के घरों में रहने वाले लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, दमकल की तीन से चार गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। सुबह चार बजे लगी आग, दमकल की तीन-चार गाड़ियों ने पाया काबू जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब चार बजे जनता फ्लैट के पास स्थित रुई के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन से चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत की और घंटों बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में गोदाम में रखी रुई समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, कुल कितने रुपये का नुकसान हुआ है, इसका वास्तविक आकलन अभी नहीं हो सका है। इसके बाद सुबह करीब चार बजे फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गोदाम में रखा सामान बचाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल गई कि अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग डर गए। अपनी सुरक्षा को देखते हुए लोग घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। काफी देर तक पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घनी आबादी में रुई के गोदाम को लेकर उठे सवाल घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घनी आबादी वाले जनता फ्लैट के पास रुई का कारोबार किए जाने पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि रुई जैसे ज्वलनशील सामान का भंडारण और कारोबार घनी बस्ती में किसकी अनुमति से किया जा रहा था, इसकी जांच होनी चाहिए। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। संबंधित अधिकारियों की जांच के बाद ही आग लगने की असली वजह और गोदाम में सुरक्षा मानकों के पालन की स्थिति का पता चल सकेगा।

छठ की तैयारियों के बीच 4 साल की बच्ची से कुकर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी



पटना। बक्सर के नगर थाना क्षेत्र में छठ महापर्व के दौरान चार साल की बच्ची के साथ कुकर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना के बाद 16 नवंबर को परिजनों ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिहार के बक्सर में छठ महापर्व के दौरान चार साल की मासूम बच्ची के साथ कुकर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर महिला थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। छठ की तैयारियों के बीच बच्ची के साथ गलत हरकत का प्रयास मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात मोहल्ले के लोग छठ महापर्व की तैयारियों और पूजा-पाठ में व्यस्त थे। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर चार साल की बच्ची के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि बच्ची के शोर मचाने पर परिजनों और स्थानीय लोगों के पहुंचने की आशंका से आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। 16 नवंबर को महिला थाने पहुंचकर परिजनों ने की शिकायत घटना के बाद 16 नवंबर को पीड़िता के परिजनों ने महिला थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची के साथ कुकर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। इस संबंध में पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने तीन घंटे किया सड़क जाम

एजेंसी

पटना। मुजफ्फरपुर के मीनापुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम दो बाइकों की टक्कर में 37 वर्षीय अरविंद प्रसाद की मौत हो गई। वह छठ पर्व का सामान खरीदने बनघारा जा रहे थे। हादसे में दूसरी बाइक सवार युवक भी घायल हुआ। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में सोमवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 37 वर्षीय युवक अरविंद प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने मीनापुर-सिवाईपट्टी मुख्य सड़क पर बनघारा के पास शव रखकर हंगामा किया। वे मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को लोगों को समझाने में करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद जाम हटवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। छठ का सामान खरीदने जा रहे थे अरविंद, रास्ते में हुआ हादसा मृतक की पहचान मीनापुर प्रखंड के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के मंगेया गांव निवासी अरविंद प्रसाद के रूप में हुई है। उनकी पत्नी नीलू देवी ने बताया कि सोमवार शाम उनके पति छठ पर्व का सामान खरीदने के लिए घर से बनघारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दुर्घटना में दूसरी बाइक पर सवार एक युवक भी घायल हुआ है। सड़क किनारे भूंजा और अंडे की दुकान चलाते थे अरविंद नीलू देवी ने बताया कि अरविंद मंगेया गांव में सड़क किनारे भूंजा और अंडे की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में 15 वर्षीय बेटा पंकज और 10 वर्षीय बेटी गुड़िया कुमारी है। पति की मौत के बाद परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। पत्नी ने सरकार से बच्चों के भविष्य और परिवार के भरण-पोषण के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है। मुआवजे की मांग को लेकर तीन घंटे तक सड़क जाम हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बनघारा के पास एक मॉल के नजदीक सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर मीनापुर-मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को शांत कराया और सड़क से जाम हटवाया। थानाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार राय ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद परिजनों ने बनघारा के पास मॉल के नजदीक शव रखकर मुआवजे की मांग की थी।

बिहार में कब-कहां बारिश के आसार, ठंड कितनी बढ़ेगी

एजेंसी



पटना। बिहार में मौसम को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। कहीं सुबह की धुंध बढ़ेगी तो कहीं बारिश दस्तक देगी। तापमान में गिरावट के बीच मौसम विभाग के नए पूवार्नुमान ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नवंबर के तीसरे सप्ताह में किन इलाकों में बदलेगा मौसम और कब होगी बिहार में मौसम का मिजाज आने वाले दिनों में बदलने वाला है। अगले दो दिनों में राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इसके बाद 20 और 21 नवंबर को पटना समेत 13 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, 22 नवंबर को सुपौल और अररिया समेत 12 जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों के दौरान सुबह के समय अधिकांश इलाकों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बताया गया कि अगले चार से पांच दिनों तक राज्य में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। हालांकि, न्यूनतम तापमान में गिरावट से सुबह और रात के समय ठंड का एहसास बढ़ सकता है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक शंकर आनंद ने भी अधिकतम तापमान स्थिर रहने और सुबह कोहरे की संभावना जताई है। 20-21 नवंबर को इन जिलों में बारिश के आसार मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 20 और 21 नवंबर को पटना समेत बिहार के 13 जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 22 नवंबर को सुपौल, अररिया समेत 12 जिलों में कुछ जगहों पर वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में नवंबर के तीसरे सप्ताह में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। इसके बाद तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं, अगले चार से पांच दिनों तक अधिकतम तापमान लगभग स्थिर बना रहेगा। बिहार के अधिकांश हिस्सों में अगले 72 घंटों तक सुबह हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। सुबह के समय दृश्यता कम हो सकती है। ऐसे में वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत होगी। राजधानी पटना में 17 से 21 नवंबर के बीच मौसम मुख्य रूप से साफ से आंशिक रूप से बादल छाए रहने वाला रहेगा। सुबह हल्की धुंध और कोहरे का असर दिख सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 17 नवंबर को आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 18 और 19 नवंबर को सुबह हल्की धुंध रह सकती है। इन दोनों दिनों में अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान क्रमशः 18 और 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं, 20 और 21 नवंबर को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान करीब 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

रजाउल्लाह और जमाल ने लिए 3-3 विकेट

श्रीलंका की पहली पारी 98 पर सिमटी

नई दिल्ली । पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रावलपिंडी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार से सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट शुरू हुआ। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करते हुए श्रीलंका को पहली पारी में 98 रन पर समेटकर मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बहुत खराब रही। टीम ने 6 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवाया और देखते ही देखते ही 36 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा बैठी। इसके बाद कप्तान कुसाल मेंडिस और सोनल



दिनुशा ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने छठे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 85 तक पहुंचाया। इस जोड़ी के टूटते ही श्रीलंकाई पारी 35.3 ओवरों में 98 रन पर सिमट गई। मेंडिस 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि सोनल ने 21 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सका। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने कप्तान बाबर आजम के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित किया। मोहम्मद अब्बास ने 14 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए।

पीसीबी ने शेन डिट्ज को पाकिस्तान महिला टीम का हेड कोच बनाया

नई दिल्ली । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन डिट्ज को पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में नियुक्त किया है। शेन डिट्ज वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज से कार्यभार संभालेंगे। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद शेन डिट्ज ने कहा, 'पाकिस्तान महिला टीम का हेड कोच बनकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। पाकिस्तान क्रिकेट का इतिहास बहुत शानदार रहा है और मुझे याद है कि जब मैं एक युवा खिलाड़ी था, तो 1992 में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में उन्हें चीयर करता था, जो पाकिस्तान क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी।'

'सैंडपेपरगेट विवाद पर ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले की तरह अब भी विभाजीत': अश्विन



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की लिखी किताब 'सब्र' की रिलीज के बाद से 2018 में केपटाउन टेस्ट के दौरान हुआ सैंडपेपरगेट कांड फिर से चर्चा में है। इस विषय पर ऑस्ट्रेलियाई पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों के बीच एकमत नहीं है। पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। अश्विन ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सदस्यों के अलग-अलग बयानों पर भी अपनी राय दी। पूर्व भारतीय स्पिनर ने स्टार स्पोर्ट्स के 'सैंडपेपरगेट : द अनसेटल्ड डिबेट' पर कहा, 'इस किताब में उस्मान ख्वाजा ने अपनी कहानी स्पष्ट तरीके से बताई है। वह सामूहिक जवाबदेही मांग रहे हैं। वह कह रहे हैं कि केवल तीन लोग ही इसके बारे में जानते थे, और भी लोग थे।'

उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की मैं एक क्रिकेटर के तौर पर सच में तारीफ करता हूं। उन्होंने उस्मान ख्वाजा के दावों को बेबुनियाद, बकवास और बिना सबूत वाला कहा है। वहीं, डेविड वॉर्नर का बयान ख्वाजा का समर्थन करता है। यह चिंता की बात है, चाहे हम इसे कैसे भी देखें।'

मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स के पहले मैच में कोबोली को हराया

ट्यूरिन । डेनियल मेदवेदेव ने इनाल्पी एरिना में स्थानीय खिलाड़ी और डेब्यू कर रहे फ्लेवियो कोबोली को 7-6(4), 6-3 से हराकर अपने एटीपी फाइनल्स कैंपेन की शुरुआत की। मेदवेदेव अपने दूसरे एटीपी फाइनल्स टाइटल की तलाश में हैं। मेदवेदेव ने 2019 से 2024 तक लगातार छह बार एटीपी फाइनल्स में जगह बनाई, जिसमें 2020 का उनका यादगार टाइटल शामिल है। उस मौके पर, उन्होंने ट्रॉफी जीतने के रास्ते में वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच, वर्ल्ड नंबर 2 राफेल नडाल और वर्ल्ड नंबर 3 डोमिनिक थिएम को हराया था। 2025 में क्वालिफिकेशन से चूकने के बाद मेदवेदेव ने 2026 सीजन में शानदार वापसी की, चार टूर-लेवल टाइटल जीते और 53 जीत दर्ज कीं। एटीपी टूर पर वर्ल्ड नंबर 1 अलेक्जेंडर ज्वेरेव (66) के बाद यह जीत



की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। चौथी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव का अगला मुकाबला बुधवार को कार्लोस अल्काराज से होगा। इवान लेंडल ग्रुप में 0-1 से पिछड़ने के बाद, कोबोली अब बेरेटिनी, जानिक सिनर और लोरेंजो मुसेट्टी के साथ इस इवेंट में सिंगल्स में जीत दर्ज करने वाले चौथे इटैलियन पुरुष बनने की अपनी कोशिश जारी रखना चाहेंगे। उनका अगला मुकाबला फ्रांसेस टियाफो से होगा।

इससे पहले, दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 6-2 से हराकर इवान लेंडल ग्रुप में 1-0 की बढ़त बना ली थी। अल्काराज साल के आखिर में होने वाले इस इवेंट में चौथी बार हिस्सा ले रहे हैं। उनका सबसे अच्छा नतीजा पिछले साल आया था, जब वह टाइटल मैच में जानिक सिनर से हार गए थे। स्पेन के 23 वर्षीय खिलाड़ी जबरदस्त फॉर्म में उतरी इटली पहुंचे हैं और उन्होंने पिछले महीने पेरिस और वियना में लगातार टाइटल जीते हैं। अल्काराज इस सप्ताह अपने 30वें टूर-लेवल टाइटल और सीजन के छठे टाइटल की तलाश में हैं। कलाई की चोट के कारण वह साल के चार महीने बाहर रहे। अगस्त में यूएस ओपन में वापसी के बाद से उन्होंने अपने 22 में से 20 मैच जीते हैं।

धोनी ने आईपीएल से लिया संन्यास

चेन्नई सुपर किंग्स में अब निभाएंगे नई भूमिका, किस तरह गंभीर की राह पर चले माही

चेन्नई। आईपीएल 2027 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया है और अब वह मैदान पर खिलाड़ी के बजाय नई भूमिका में नजर आएंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें आईपीएल 2027 से टीम का मेंटर बनाने का फैसला किया है। हालांकि, उनका फ्रेंचाइजी से जुड़ाव पहले की तरह बना रहेगा।

धोनी के बिना CSK नहीं



चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन ने धोनी के साथ अपने करीब दो दशक पुराने रिश्ते को याद किया। उन्होंने साफ कहा कि धोनी के बिना चेन्नई सुपर किंग्स की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रीनिवासन ने कहा, 'एमएस धोनी के बिना सीएसके नहीं है। करीब दो दशकों से हम एक-दूसरे के साथ आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने सफलता, मुश्किलें और हर तरह के उतार-चढ़ाव साथ देखे हैं।' उन्होंने धोनी के साथ अपने रिश्ते की मजबूती का राज भी बताया। श्रीनिवासन के मुताबिक, दोनों के बीच भरोसा हमेशा सबसे अहम रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारा रिश्ता इतना मजबूत होने की एक ही वजह है- हम एक-दूसरे की नीयत पर सवाल नहीं उठाते। इसी भरोसे ने इस सफर को मुमकिन बनाया है।' श्रीनिवासन ने 2008 में हुए पहले आईपीएल ऑक्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उस समय उन्होंने धोनी को चेन्नई की टीम में शामिल करने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, '2008 में मैंने जोर दिया था कि धोनी सीएसके का हिस्सा होने चाहिए। यह मेरा लिया हुआ सबसे अच्छा फैसला साबित हुआ। सिर्फ फ्रेंचाइजी के लिए उनकी उपलब्धियों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए भी कि वह एक बेहतरीन इंसान हैं।'

अब खिलाड़ी नहीं, मेंटर की भूमिका में दिखेंगे धोनी

धोनी ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार चैंपियन बनाया है। उनकी कप्तानी में टीम ने कई यादगार सफलताएं हासिल कीं। अब आईपीएल में उनका सफर बतौर खिलाड़ी खत्म हो गया है। वह टीम के डगआउट में मेंटर की भूमिका निभाएंगे और अपने अनुभव से खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। धोनी का चेन्नई के साथ रिश्ता बेहद खास रहा है। वह फ्रेंचाइजी की पहचान बन चुके हैं और उनके फैसलों तथा नेतृत्व क्षमता ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हालांकि, बतौर मेंटर वह गौतम गंभीर की राह पर चल पड़े हैं। गंभीर ने भी आईपीएल से संन्यास लेने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर की भूमिका निभाई थी। उनकी देखरेख में केकेआर अपने पहले ही सीजन में चैंपियन बनी थी। अब धोनी भी सीएसके की खोई हुई साख वापस लाने की कोशिश करेंगे।



ष्टस्त्र्य मालिक एन श्रीनिवासन ने कही बड़ी बात

चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन ने भी धोनी के महत्व पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि पूर्व भारतीय कप्तान हमेशा फ्रेंचाइजी की पहचान का अहम हिस्सा रहेंगे। खिलाड़ी के तौर पर उनकी भूमिका भले ही बदल रही है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका जुड़ाव पहले की तरह मजबूत बना रहेगा। धोनी के मेंटर बनने से टीम को उनके लंबे अनुभव का लाभ मिलेगा। खासकर युवा खिलाड़ियों को उनके मार्गदर्शन में खेलने और सीखने का मौका मिलेगा।

न्यूजीलैंड को लगा तगड़ा झटका

मिशेल सेंटनर भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए



नई दिल्ली । भारत के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू हो रही 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को तगड़ा झटका लगा है। अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर दाहिने हाथ में फ्रैक्चर की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। सेंटनर को यह चोट रविवार रात माउंट माउंगानुई में भारत के खिलाफ पांचवें वनडे में अर्शदीप सिंह के फेंके बाउंसर से लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट की एक रिलीज के मुताबिक, 'स्कैन से पता चला है कि सेंटनर के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनके शामिल होने की जानकारी सही समय पर दी जाएगी।' टेस्ट सीरीज के लिए मिशेल सेंटनर की जगह न्यूजीलैंड टीम में स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को शामिल किया गया है। 28 साल के फॉक्सक्रॉफ्ट ने मई में बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। उन्होंने उस मैच में 98 रन बनाए थे। सेंटनर



की गैरमौजूदगी में एक स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में ग्लेन फिलिप्स की भूमिका अहम होगी।

चोट सेंटनर की टेस्ट उम्मीदों के लिए एक झटका है, क्योंकि उन्होंने बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के एक आकर्षक ऑफर को ठुकरा दिया था ताकि वे सभी फॉर्मेट में अपने न्यूजीलैंड करियर पर ध्यान दे सकें। सेंटनर ने उस समय न्यूजीलैंड हेराल्ड से कहा था, 'जब आप आगे की गर्मियों को देखते हैं, भारत यहां सफेद गेंद और टेस्ट के लिए है और

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीम

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोलस, विल यंग, ??डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, ब्लेयर टिकनर।

वेलिंगटन टेस्ट में भारत की प्लेइंग इलेवन पर कप्तान गिल का संकेत

'चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर'

वेलिंगटन । भारत और न्यूजीलैंड के बीच गुरुवार से 2 टेस्ट मैचों की सीरीज वेलिंगटन में शुरू हो रही है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने संकेत दिया है कि टीम इंडिया 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकती है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने के संकेत दिए। हालांकि, उन्होंने ये स्पष्ट नहीं किया कि चार पूर्ण तेज गेंदबाज होंगे या तीन तेज गेंदबाजों के साथ एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को प्लेइंग इलेवन में जगह दी जाएगी। गिल ने कहा, 'हमने यहां जो टेस्ट मैच देखे हैं, उनमें पहले दो दिन अलग मैच होते हैं और अगले तीन दिन थोड़े अलग मैच होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हम एक ऐसा पेस अटैक चाहते हैं जो स्विंग और सीम मूवमेंट के साथ ही पिच के फ्लैट होने की स्थिति में भी प्रभावी हो।' उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से चार तेज गेंदबाजी विकल्प चाहते हैं, लेकिन हम अभी भी तय कर रहे हैं कि वे तेज गेंदबाज कौन से हैं। हमने कई बार तीसरे, चौथे और पांचवें दिन देखा है कि विकेट, खासकर पुरानी गेंद से, थोड़ा फ्लैट हो जाता है, इसलिए हमारी फास्ट-बॉलिंग यूनिट से, हम ऐसा चाहते हैं जिसके पास पेस हो, कोई ऐसा जो लगातार सही एरिया में हिट कर सके, और फिर जाहिर है कि एक छोर से कंट्रोल करने के लिए एक स्पिनर के साथ जाना चाहिए, क्योंकि अगर हवा तेज हो तो हवा के खिलाफ गेंदबाजी करना आसान नहीं होगा। तेज गेंदबाज की भूमिका लगभग आधी हो जाती है, अगर वो हवा के खिलाफ गेंदबाजी कर रहा हो, इसलिए बहुत सारे फैक्टर हैं जिन पर हम ध्यान देंगे।'

भारत की प्लेइंग इलेवन में




रवींद्र जडेजा अकेले स्पिनर हो सकते हैं, जो नंबर 7 पर बल्लेबाजी करेंगे। टीम में बल्लेबाजी ऑर्डर पर गिल ने कहा, 'हम सात बल्लेबाज देख रहे हैं और फिर आठ और नौ इस पर निर्भर करेंगे। आकाश और अंशुल थोड़ी बल्लेबाजी कर सकते हैं। अगर हम रेड्डी के साथ भी जाते हैं, तो वह एक पूर्ण बल्लेबाज है, इसलिए हम देखेंगे कि हम किस तरह के कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहते हैं और हम असल में क्या करना चाहते हैं।

बीबीएल 16

लाबुशेन ब्रिस्बेन हीट के साथ लगातार 11वां सीजन खेलेंगे

ब्रिस्बेन । बिग बैश लीग के 16वें सीजन के लिए ब्रिस्बेन हीट ने मार्नस लाबुशेन को रिटेन किया है। लाबुशेन लगातार 11वां सीजन ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगे। री-साइन किए गए खिलाड़ियों में लाबुशेन को क्रिस लिन के साथ रखा गया है। क्वींसलैंड क्रिकेट के जनरल मैनेजर-हाई परफॉर्मेंस बेनेट किंग ने कहा कि लाबुशेन का अनुभव और कॉम्पिटिटिव अप्रोच हीट के लिए टूर्नामेंट की तैयारी में बहुत काम आएगा। किंग ने कहा, 'मार्नस जब भी हीट के लिए खेलते हैं तो अपना शत-प्रतिशत देते हैं। ऐसा बहुत कम है, जो उन्होंने अपने करियर में अब तक क्रिकेट के मैदान पर अनुभव न किया हो। उनकी विविध स्किल्स हमें



विरोधी लाइन-अप के खिलाफ मैच-अप और हमारे ओवरऑल स्क्वॉड में संतुलन देंगी।'

हीट ने युवा तेज गेंदबाज टॉम बाल्किन और ओली पैटरसन को शामिल करके अपनी 18-सदस्यीय टीम में बची हुई जगहें भी भर ली हैं। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया था। 22 साल के बाल्किन ने पिछले सीजन के पांच मैचों में छह विकेट लिए थे। पैटरसन, जो 20 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, ने पिछले सीजन में तीन मैचों में चार विकेट लिए थे। पैटरसन ने घरेलू सर्किट में भी शानदार प्रदर्शन किया है और लगातार दूसरे सीजन में टी20 मैक्स टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दोनों युवा खिलाड़ियों ने क्वींसलैंड के लिए डोमेस्टिक वनडे कप में अपना लिस्ट ए डेब्यू किया है, जबकि बाल्किन ने शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया है। किंग ने कहा, 'मार्नस जैसे बहुत अनुभवी खिलाड़ी और टॉम और ओली जैसे दो युवा तेज गेंदबाज, जिन्होंने बीबीएल में पहले ही दिखा दिया है कि वे क्या कर सकते हैं, के साथ अपनी स्क्वॉड को पूरा कर पाना हमें अगले महीने होने वाले कॉम्पिटिशन में एक मजबूत स्थिति में रखता है।'

IPL 2027 में नहीं खेल पाएंगे ट्रेविस हेड, एसआरएच को फैसले की जानकारी दी

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2027 (आईपीएल 2027) से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के लिए खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आईपीएल का अगला सीजन नहीं खेलने का फैसला किया है। हेड ने अपने फैसले की जानकारी एसआरएच मैनेजमेंट को दी है। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, हेड ने एसआरएच को आईपीएल के अगले सीजन में नहीं खेलने के अपने फैसले के बारे में



बताया है। अगले कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया का इंटरनेशनल शेड्यूल बहुत व्यस्त रहेगा। ट्रेविस हेड इसी वजह से आईपीएल का अगला सीजन नहीं खेल पाएंगे। अगस्त की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने क्रिकइन्फो को बताया था कि ऑस्ट्रेलिया को कुछ फैसले लेने होंगे, क्योंकि उनके लिए बहुत सारी जरूरी प्राथमिकताएं सामने हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने का मौका चाहेगी, जो आईपीएल खत्म होने के ठीक बाद है।



लैटिन ग्रैमी में छाया दिलजीत और डैडी यांकी का जादू

पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनियाभर में इसकी धूम देखने को मिल रही है। ग्लोबल म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर पंजाबी संगीत का परचम लहराया है। इस बार उन्होंने प्यूर्टो रिको के मशहूर रेगेटन स्टार डैडी यांकी के साथ मिलकर ऐसा धमाल मचाया कि हर तरफ उनकी चर्चा होने लगी। दोनों का ग्लोबल क्रॉसओवर ट्रैक 'पोकिटो' लैटिन ग्रैमी 2026 के मंच पर भी छा गया। अब दिलजीत ने इस खास परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लैटिन ग्रैमी 2026 में हुई परफॉर्मेंस की एक झलक शेयर की। वीडियो में दिलजीत अपने पंजाबी अंदाज में 'पोकिटो' का हिस्सा गाते नजर आ रहे हैं, वहीं डैडी यांकी अपने स्पेनिश वर्स से समां बांधते दिखाई देते हैं। बाद में दोनों कलाकार एक साथ मंच पर परफॉर्म करते हैं। इस दौरान वहां मौजूद दर्शक भी दोनों की परफॉर्मेंस पर जमकर तालियां बजाते और उत्साह बढ़ाते नजर आए। वीडियो शेयर करते हुए दिलजीत ने लिखा, 'पंजाबी लैटिन ग्रैमी में पहुंच गए हैं! ओए, अब दुनिया के हर मंच पर पंजाबी बोली जाएगी। भगवान हम पर मेहर बनाए रखे। बड़े भाई डैडी यांकी को सलाम। दो संस्कृतियों को एक मंच पर लाने के लिए शुक्रिया। लैटिन ग्रैमी का भी शुक्रिया, जिन्होंने हमें यहां मौका दिया।' फैंस को खूब पसंद आया दोनों का अंदाज दिलजीत और डैडी यांकी की इस परफॉर्मेंस का वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कोई इसे शानदार म्यूजिक फ्यूजन बता रहा है, तो किसी को दोनों का साथ आना साल का सबसे बेहतरीन क्रॉसओवर लग रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'यह तो कमाल है।' वहीं दूसरे ने गाने की तारीफ करते हुए कहा, 'क्या गाना है, बहुत पसंद आया।' एक फैन ने लिखा, 'कितने शानदार रिदम का मेल है। मुझे पंजाबी म्यूजिक और प्यूर्टो रिकन्स दोनों पसंद हैं।' वहीं एक यूजर ने दोनों की जोड़ी को 'यांकी जट्ट' नाम दिया। एक अन्य फैन ने इसे साल का बेस्ट क्रॉसओवर बताया।



डैडी यांकी ने दिलजीत के साथ काम करने पर कही ये बात

लैटिन ग्रैमी के रेड कार्पेट पर मीडिया से बातचीत के दौरान डैडी यांकी ने दिलजीत के साथ अपने इस कोलैबोरेशन को खास बताया। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं दिलजीत का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि पंजाबी और रेगेटन संगीत एक-दूसरे के कजिन की तरह हैं। मुझे हमेशा से ऐसा महसूस होता रहा है। यह कोलैबोरेशन शानदार रहा। इस गाने को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया। जब अलग-अलग संस्कृतियां मिलती हैं, तो संगीत का असली मतलब समझ आता है।'

क्या है 'पोकिटो' की खासियत

'पोकिटो' एक पंजाबी-स्पेनिश गाना है, जसमें दो अलग-अलग संगीत शैलियों का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है। इसमें दिलजीत की पंजाबी आवाज और भांगड़ा का तड़का है, तो वहीं डैडी यांकी का सिग्नेचर रेगेटन अंदाज भी सुनने को मिलता है। गाने में बार-बार आने वाला स्पेनिश वाक्यांश 'पोकिटो आ पोकिटो' का मतलब 'थोड़ा-थोड़ा करके' होता है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो को स्टिल्ज ने डायरेक्ट किया है। वीडियो में पंजाबी परंपराओं और लैटिन अर्बन कल्चर की झलक को रंगीन अंदाज में दिखाया गया है। यह गाना डैडी यांकी के 15 ट्रैक वाले एल्बम 'ला पोस्टल' का हिस्सा है। 30 अक्टूबर को रिलीज हुए इस गाने के जरिए दोनों कलाकारों ने संगीत के माध्यम से दो अलग-अलग संस्कृतियों को एक साथ लाने की कोशिश की है।



डिजिटल एंटरटेनमेंट में कदम रखने जा रहे हैं आमिर खान और फरहान अख्तर

फिल्मों की दुनिया में अपनी अलग पहचान रखने वाले आमिर खान और फरहान अख्तर अब डिजिटल एंटरटेनमेंट में भी नया कदम उठाने जा रहे हैं. आमिर खान प्रोडक्शंस और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने मिलकर एक माइक्रोड्रामा प्लेटफॉर्म शुरू करने की तैयारी की है. इस पर दर्शकों को कम समय में पूरी होने वाली कहानियां देखने को मिलेंगी.



इस प्लेटफॉर्म पर सिर्फ नई कहानियां ही नहीं दिखाई जाएंगी, बल्कि दोनों प्रोडक्शन हाउस के पास पहले से मौजूद कहानियों और फिल्मों से जुड़े कंटेंट का भी इस्तेमाल किया जाएगा. इसके साथ ही कुछ कहानियां खास तौर पर इस प्लेटफॉर्म के लिए तैयार की जाएंगी. यानी दर्शकों को पुराने कंटेंट के साथ कुछ नया देखने का मौका भी मिलेगा. इस वेंचर में कई जाने-माने डिजिटल और यूट्यूब क्रिएटर्स को जोड़ने की तैयारी है. इनके साथ खास समझौते किए जाएंगे, ताकि वे अपने कंटेंट और दर्शकों के साथ इस नए प्लेटफॉर्म का हिस्सा बन सकें. इससे डिजिटल दुनिया में पहले से लोकप्रिय चेहरों को भी नई कहानियों के जरिए दर्शकों तक पहुंचने का मौका मिलेगा. इस प्लेटफॉर्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए एक बड़ी टेलीकॉम कंपनी को भी साथ जोड़ा गया है. इसका मकसद है कि मोबाइल पर वीडियो देखने वाले ज्यादा से ज्यादा दर्शक इस कंटेंट तक आसानी से पहुंच सकें. हालांकि, अभी इस कंपनी का नाम सामने नहीं आया है.

क्या होता है माइक्रोड्रामा


माइक्रोड्रामा ऐसे छोटे वीडियो एपिसोड होते हैं, जिनमें कहानी बहुत कम समय में आगे बढ़ती है. आमतौर पर हर एपिसोड में कोई नया मोड़ या दिलचस्प बात देखने को मिलती है, जिससे दर्शक अगला हिस्सा देखने के लिए उत्सुक रहते हैं. इसे खास तौर पर मोबाइल पर देखने के हिसाब से बनाया जाता है.



रजनीकांत सर के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा

अभिनेत्री अपेक्षा पोरवाल इन दिनों रजनीकांत स्टारर फिल्म 'जेलर 2' में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बातचीत में फिल्म में सुपरस्टार के साथ काम करने के अनुभव, एक्शन से भरपूर रोल की तैयारी के बारे में बात की। अभिनेता ने सुपरस्टार रजनीकांत के साथ काम करने के अनुभव को स्पेशल पल बताया। उन्होंने कहा, 'रजनीकांत भारत के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना और काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सच में किसी सपने के सच होने जैसा है।' उन्होंने आगे कहा, 'जेलर 2' में काम करना कमाल का अनुभव था। आप किसी भी कलाकार का नाम लें, वे सभी जमीनी स्तर से जुड़े हैं। फिर, चाहे वो मिथुन सर हों, रजनीकांत सर, विद्या मैम या राम्या कृष्णन मैम, सभी बहुत ही उम्दा कलाकार हैं और वे हमेशा इस बात का ध्यान रखते हैं कि उनका सह-कलाकार कंफर्टेबल फील करे। मुझे लगता है कि जो लोग बड़े और स्थापित होते हैं, वो असल जिंदगी में उतने ही सरल और दयालु होते हैं। उनके साथ काम करना सच में बहुत अच्छा लगता है।' फिल्म में अभिनेत्री का छोटा, लेकिन एक्शन से भरपूर किरदार है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अपेक्षा पोरवाल ने कहा, 'फिल्म में मेरा किरदार एक तरह से घातक महिला का है, जो मिथुन सर के किरदार वाले विलेन के परिवार को फंसाती है और रजनीकांत सर के परिवार को बचाती है, तो वह एक असैसिन है। मुझे मार्शल आर्ट्स की थोड़ी बेसिक ट्रेनिंग भी है, जिसमें कटाना (जापान की एक पारंपरिक, हल्की घुमावदार और एक धार वाली लंबी तलवार) और नंचक्स शामिल हैं। इस फिल्म में मैं कटाना और गन का इस्तेमाल करती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि इस फिल्म में परफॉर्मेंस से पहले उन्होंने तीन दिन तक इंटेंस एक्शन ट्रेनिंग की थी। उन्होंने कहा, 'हमने पूरी एक्शन कोरियोग्राफी सीखी। इसके अलावा, मैंने अपनी जनरल फिटनेस पर भी ध्यान दिया। मैं आमतौर पर हफ्ते में कम से कम पांच दिन जिम जाती हूं। चेन्नई शेड्यूल के दौरान मेरा रूटीन काफी बिजी था। मैं शूट के बाद जिम जाती थी, फिर कार्डियो के लिए स्विमिंग और फिर स्टीम सेशन।





'ओमः चैप्टर 1...' में साई पल्लवी ने मम्मूट्टी के साथ काम करने का अनुभव साझा किए

'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' के ग्रैंड ऑडियो लॉन्च, जहां हजारों की तादाद में पहुंचे फैंस ने इस शाम को किसी बड़े फिल्मी जश्न में बदल दिया। धनुष, मम्मूट्टी, साई पल्लवी, श्रीलीला, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी, निर्माता श्रद्धा अग्रवाल और म्यूजिक कंपोजर साई अभ्यंकर की मौजूदगी ने इस महफिल में चार चांद लगा दिए। फिल्म के इस खास जश्न में निर्माता श्रद्धा अग्रवाल ने कहा, 'आरटेक बैनर के तहत हमने जितनी भी फिल्में बनाई हैं, उन सभी का चेन्नई से एक खास रिश्ता रहा है। लेकिन 'ओम' के साथ हम इस रिश्ते को और भी बड़े स्तर पर लेकर जा रहे हैं। यह निस्संदेह हमारी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। धनुष सर जैसे इंसान के साथ यह सफर बेहद खूबसूरत रहा है। वहीं राजकुमार सर की फिल्म के प्रति मेहनत, लगन और समर्पण शानदार रहा है। 'ओम' को लेकर दर्शकों ने अब तक जो प्यार और उत्साह दिखाया है, वह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। उम्मीद है कि 20 नवंबर को फिल्म सिनेमाघरों में पहुंचने के बाद यह प्यार और भी बढ़ेगा।' वहीं साई पल्लवी ने अपने खास अंदाज में मम्मूट्टी के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए कहा, 'पिछली फिल्म में मैं मम्मूट्टी-मम्मूट्टी कहती रहती थी और अब मम्मूट्टी सर के साथ काम कर रही हूं। पता नहीं, मैंने ही इसे मैनिफेस्ट कर लिया था!' मम्मूट्टी के साथ काम करने के अनुभव पर साई बोलीं, 'वह 70 साल से ज्यादा उम्र के हैं, लेकिन मैंने सेट पर उनसे ज्यादा एनर्जेटिक एक्टर नहीं देखा। वह बिल्कुल बच्चे जैसे हैं। कैमरा रोल होने से पहले ही वह ऐसे प्यारे-प्यारे एक्सप्रेशंस देते रहते थे। उनके साथ काम करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात रही।' निर्माता श्रद्धा अग्रवाल ने फिल्म और चेन्नई के साथ अपने खास जुड़ाव पर कहा, 'आरटेक बैनर के तहत हमने जितनी भी फिल्में बनाई हैं, उन सभी का चेन्नई से एक खास रिश्ता रहा है। लेकिन 'ओम' के साथ हम इस रिश्ते को और भी बड़े स्तर पर लेकर जा रहे हैं। यह निस्संदेह हमारी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है।



जयदीप अहलावत, अभिषेक बनर्जी और बरुण सोबती की तिकड़ी मचाएगी धमाल

अभिनेता अभिषेक बनर्जी, जयदीप अहलावत और बरुण सोबती जल्द ही अपनी नई सीरीज 'पुष्पक विमान' में एक साथ नजर आएंगे। सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी द्वारा बनाई और लिखी गई यह सीरीज क्राइम और कॉमेडी का मजेदार मेल लेकर आ रही है। तीनों कलाकारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होने वाला है। सुदीप शर्मा अब तक अपनी गंभीर और इंटेंस कहानियों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार वह 'पुष्पक विमान' के जरिए कॉमेडी के जॉनर में कुछ नया करने जा रहे हैं। यह सीरीज कुछ अनोखे किरदारों की कहानी है, जिनकी जिंदगी में होने वाली घटनाएं धीरे-धीरे एक अलग ही मोड़ ले लेती हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए सुदीप शर्मा ने बताया कि वह इस बार कुछ अलग करना चाहते थे। उनके मुताबिक, इस तरह की कहानी और नए जॉनर के साथ प्रयोग करने के लिए नेटफ्लिक्स एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने भी इस सीरीज को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 'पुष्पक विमान' सुदीप शर्मा के साथ नेटफ्लिक्स की अगली फ्रेंचाइजी होगी।

चित्रांगदा सिंह ने की सलमान खान की जमकर तारीफ



अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' में अभिनेता सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को याद करते हुए बताया कि अभिनेता की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास ने शुरुआत में उन्हें थोड़ा नर्वस कर दिया था। अभिनेत्री ने बातचीत में सलमान खान की जमकर तारीफ की। चित्रांगदा का कहना है कि सलमान खान में दूसरों से बेस्ट निकलवाने की काबिलियत है और इसी वजह से उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मजेदार हो गया। उन्होंने कहा, 'सलमान खान के साथ काम करना वाकई शानदार और यादगार अनुभव रहा। उनकी प्रेजेंस बेहद दमदार है। कैमरे के सामने उनमें ऐसी सहजता और आत्मविश्वास रहता है कि शुरुआत में, तो मैं भी थोड़ा नर्वस हो गई थी, लेकिन उनके काम करने के तरीके में एक शानदार सहजता भी है, जो उनके साथ फ्रेम शेयर करना इतना मजेदार बना देती है और हर सीन में एक नेचुरल एनर्जी ले आती है।' चित्रांगदा सिंह ने 'मातृभूमि' के गानों में सलमान के साथ अपनी केमिस्ट्री को मिल रहे रिस्पॉन्स को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'जब से 'मातृभूमि' के गाने आए हैं, तब से हमारी केमिस्ट्री को बहुत प्यार मिल रहा है और मैं इस रिस्पॉन्स को देखकर वाकई बेहद खुश हूं। जब दो एक्टर स्क्रीन पर एक खास कम्फर्ट और समझ शेयर करते हैं, तो दर्शक उसे महसूस कर पाते हैं और मुझे खुशी है कि हमारी जोड़ी दर्शकों को पसंद आ रही है।



शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा

आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।





दिनभर ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

▶ आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।

▶ आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।

▶ आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

▶ हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।

● कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।

● छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाए। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।

● एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।

▶ हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।

▶ काम करते समय हमेशा तनकर बैठे ताकि आपका मेरूदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपकी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।

▶ ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।

▶ सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी-बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी-बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ-साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।

▶ आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान-पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय-समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

बदलते मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी-कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय-समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

जाड़े की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हृदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं। जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकार रहेगी।

आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी

सर्दी को हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।



इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान-पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक-सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



वैज्ञानिकों की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।

